ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 4, अंक 123, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज 13

फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 14




## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### मंत्री ने बेटी पढ़ाओ का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढक मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है।

# मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।




### रियासी में बस पर हमला का मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू, ब्यूरो।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

## दिल्ली को पानी दिलवाने के लिए आतिशी ने मोदी को लिखा पत्र, 21 जून से करेंगी अनशन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को पानी दिलवाने के लिए दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर हरियाणा से पानी दिलवाले का अनुरोध किया है। वह दिल्ली वालों को उनके हिस्से का पानी दिलवाने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला है। दिल्ली में इस 100 एमजीडी पानी की कमी से 28 लाख लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, दिल्लीवालों के कष्ट की हर सीमा पार हो चुकी है। तीन करोड़ की आबादी वाली दिल्ली को मात्र 1050 एमजीडी वहीं तीन करोड़ की आबादी वाले हरियाणा को 6500 एमजीडी पानी मिलता है। उन्होंने कहा हमने हर संभव प्रयास किए लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद हरियाणा दिल्ली को 100 एमजीडी पानी देने को तैयार नहीं है।

# अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

बेंगलुरु, एजेंसी

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया :** दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य




है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

# यूजीसी नेट परीक्षा रद, जांच सीबीआइ को

## मंत्रालय का यह फैसला नीट में अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच आया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

- एक ही दिन में पेन और पेपर मोड में आयोजित परीक्षा में 11 लाख छात्रों ने कराया था पंजीकरण

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा इसलिए रद की गई कि ऐसी जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। मंत्रालय का यह फैसला, मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है और यह मुद्दा अब उच्चतम न्यायालय में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई, जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिर से यह परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए अलग से जानकारी साझा की जाएगी। यूजीसी-नेट परीक्षा के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है।

एनटीए ने ये परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की थी। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) को परीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर की नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट से कुछ इनपुट प्राप्त हुए। ये इनपुट प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि मंगलवार को आयोजित परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी।

परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने फैसला लिया है कि यूजीसी-नेट परीक्षा रद कर दी जाए। अब नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से शेयर की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि परीक्षा का आयोजन नए सिरे से किया जाएगा जिसकी जानकारी अलग से साझा की जाएगी।

### मंत्रालय ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से मांगी रिपोर्ट

**नीट पेपर लीक मामला**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पटना में परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। अधिकारी ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। इसके नतीजे 14 जून को घोषित किये जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण नतीजे 4 जून को ही घोषित कर दिये गए थे।

### 317 शहरों में 1205 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

यूजीसी नेट परीक्षा देश भर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी, जिसमें 11,21,225 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। 18 जून को नेट की परीक्षा की पहली शिफ्ट सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक थी। एनटीए ने एक ही दिन में सभी 83 विषयों के लिए परीक्षा कराई थी। यूजीसी नेट परीक्षा में दो पेपर होते हैं, जिनमें ऑब्जेक्टिव टाइप के प्रश्न होते हैं। दोनों पेपरों को पूरा करने के लिए उम्मीदवारों को 150 प्रश्नों को हल करने के लिए तीन घंटे का समय दिया जाता है। पेपर 1 सभी उम्मीदवारों के लिए समान और अनिवार्य होता है। वहीं पेपर 2 अलग-अलग विषयों के लिए अलग-अलग होता है। पेपर 1 के यूजीसी-नेट सिलेबस में 10 यूनिट होते हैं, प्रत्येक यूनिट से 5 प्रश्न पूछे जाते हैं। पेपर 1 में 50 प्रश्न होते हैं और पेपर 2 में 100 प्रश्न होते हैं।

# चार हेलीकॉप्टरों की मौसम बिगड़ने से इमरजेंसी लैंडिंग




ऋषिकेश एम्स में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद खड़े हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

- केदारनाथ से सहस्त्रधारा के लिए रवाना हुए हेलीकॉप्टरों को एम्स ऋषिकेश में उतारा गया
- एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह भी थे सवार

**अमृत विचार :** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

चारधाम यात्रा में लगे चार हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दोपहर में एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ शुरू हो गया। जिस वजह से हेलीकॉप्टर डगमगाने लगे, तब उनमें सवार श्रद्धालुओं के हाथ-पांव फूल गए। लेकिन पायलटों की सूझबूझ के चलते चारों हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग एम्स ऋषिकेश में हो गई। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह भी सवार थे। बाद में मौसम साफ होने पर चारों हेलीकॉप्टरों ने वहां से गंतव्य के लिए उड़ान भरी।

### पर्वतों पर बारिश, तराई-भाबर में लू के थपेड़े

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में बुधवार को मौसम एकाएक बदल गया। कुमाऊं-गढ़वाल के कई पर्वतीय क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। बारिश की वजह से पहाड़ पर मौसम सुहावना हो गया है, वहीं तराई व भाबर में दिन भर लू के थपेड़े चलते रहे। मानसून आने से पहले उत्तराखंड में पड़ रही गर्मी से कुछ राहत मिली है। मानसून आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय है, लेकिन बुधवार को सुबह गढ़वाल के ऊखीमठ, पीपलकोटी, चमोली, गौरीकुंड में बारिश हुई। बाद में शाम के समय मौसम में परिवर्तन हुआ और देहरादून, टिहरी, मसूरी में बारिश हुई। साथ ही नैनीताल जिले के नैनीताल, भीमताल, भवाली और मुक्तेश्वर में भी तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। बागेश्वर, डीडीहाट, मुनस्यारी में भी बादलों ने बौछारें करीं। बारिश की वजह से इन इलाकों में तापमान में भी गिरावट आई। राजधानी देहरादून में दिन के समय अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पास था लेकिन बारिश होने बाद यहां तापमान में करीब 10 डिग्री की गिरावट आ गई। हल्द्वानी में बादल तो छाए लेकिन बारिश नहीं हुई और पारा 41.4 डिग्री रहा। साथ ही रुद्रपुर, काशीपुर में भी बारिश का इंतजार रहा। रुद्रपुर में अधिक तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार गुरुवार को भी राज्य में बारिश के आसार हैं।

# बाघ ने वृद्ध पर किया हमला, मौत

संवाददाता, खटीमा



मृतक प्रेम चंद

- मौके पर दोबारा बाघ के आने से भगदड़, फायरिंग के बाद जंगल में भागा
- 21 मई को भी बाघ ने हमला कर एक वृद्ध को मार डाला था

**अमृत विचार :** वनखंडी महादेव शिव मंदिर चकरपुर के पीछे बाघ ने हमला कर साइकिल सवार वृद्ध को मार डाला। ग्रामीण और वनकर्मियों को घटनास्थल से कुछ दूर शव मिला। वहीं घटनास्थल पर बाघ के दोबारा आने से वनकर्मियों और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। वन कर्मियों के हवाई फायर करने पर बाघ जंगल में भाग गया।

खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी प्रेम चंद (70) बुधवार सुबह अपने भाई करम चंद के घर से चकरपुर बाजार स्थित होटल पर काम के लिए साइकिल से निकले थे। वनखंडी महादेव मंदिर के पीछे बाघ ने साइकिल पर झपट्टा मारकर उन्हें गिराया और घसीटते हुए झाड़ियों में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। उधर, प्रेम चंद होटल पर नहीं पहुंचे तो होटल स्वामी ने परिजनों से पूछताछ की। उनकी खोज की गई तो वनखंडी मंदिर के रास्ते में साइकिल पड़ी मिली। ग्रामीणों को मौके से 50 मीटर दूर झाड़ियों में शव मिला।

सूचना वन विभाग व पुलिस को दी गई। एसडीओ संचिता वर्मा, रेंजर महेश चंद्र जोशी दलबल के साथ पहुंच गए। वन विभाग व पुलिस ने शव को झाड़ियों से निकाला। इसी दौरान बाघ फिर घटना स्थल पर आ गया, जिससे वनकर्मी और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। वनकर्मियों के दो राउंड फायरिंग करने के बाद बाघ जंगल में भाग गया। वन अधिकारियों का ग्रामीणों ने घेराव कर बाघ के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। मालूम हो कि 21 मई को इसी गांव में बाघ ने हमला कर एक वृद्ध को मार डाला था। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने बाघ को आदमखोर घोषित करने और उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की।

## बिनसर अग्निकांड में झुलसे एक और वन कर्मी ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** अल्मोड़ा जिले के बिनसर वन्य जीव विहार अग्निकांड में एक और वन कर्मी ने दिल्ली एम्स में दम तोड़ दिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल के अनुसार फायर वाचर कृष्ण कुमार (21) ने बुधवार अपराह्न 1.37 पर अंतिम सांस ली। दिल्ली एम्स के बर्न वार्ड में कृष्ण भर्ती था। वह 70 प्रतिशत झुलसा था।

बिनसर में 13 जून को आग लग गई थी। पीआरडी के दो जवानों समेत छह वनकर्मी आग बुझाने गए थे, जिसमें चार लोग जिंदा जल गए थे जबकि चार झुलस गए थे। 14 जून को सरकार ने चारों घायलों को दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया था।

# गंगोत्री हाईवे पर रात 10 बजे के बाद नहीं चलेंगे वाहन

ब्यूरो, देहरादून

- गंगोत्री हाईवे पर हादसे के बाद प्रशासन ने बढ़ा दी चौकसी

**अमृत विचार :** गंगोत्री हाईवे पर हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने को चौकसी बढ़ा दी है। अब रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यातायात पर रोक लगाई गई है।

चारधाम यात्रा के लिए अभी भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही निजी वाहनों व टैक्सियों से जारी हैं। पिछले दिनों गंगोत्री हाईवे पर हुए हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। जिले में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। आगामी मानसून सीजन में चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इसी के साथ गंगोत्री हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र सोनगाड में अस्थायी पुलिस चौकी खोल दी गई है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के सुरक्षित संचालन के लिए यह व्यवस्था की गई है।

## योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रुपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बुधवार को जारी जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

# 67,500 के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाकर यहां खपत करते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र



पुलिस की हिरासत में तीनों आरोपी।

के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

# धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपए



जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपए बढ़ाकर 3421 रुपए प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपए बढ़ाकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपए बढ़ाकर 4290 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

### लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) देवस्थल और मुक्तेश्वर स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान पहुंचे

# अनुसंधान में देवस्थल का अहम योगदान: राज्यपाल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने देवस्थल, मुक्तेश्वर स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) का भ्रमण किया।

देवस्थल में स्थित विज्ञान केंद्र में एरीज के निदेशक प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी ने राज्यपाल को देवस्थल में स्थापित दूरबीनों के बारे में विस्तृत विवरण दिया और उन्हें यहां से की गई वैज्ञानिक खोज की जानकारी दी। उसके पश्चात राज्यपाल ने देवस्थल में स्थापित परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच अधिकारियों को सम्मानित किया, जिनमें एरिस के डॉ बृजेश कुमार, डॉ सौरभ, कुंतल मिश्रा, मोहित जोशी, डीएस नेगी शामिल थे। इसके बाद राज्यपाल द्वारा नवनिर्मित इंजीनियरिंग लैब, मैकेनिकल वर्कशॉप और गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया गया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने भारत की सबसे बड़ी ऑप्टिकल दूरबीन 3.6 मीटर देवस्थल ऑप्टिकल दूरबीन का भ्रमण किया।



देवस्थल में स्थापित दूरबीन से आकाशीय पिंडों का अवलोकन करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलिस्कोप का भी भ्रमण किया गया। एरीज की एक अन्य दूरबीन से राज्यपाल ने स्वयं आकाशीय पिंडों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखंड का सौभाग्य है कि यहां विश्व प्रतिष्ठित शोध संस्थान है। उन्होंने कहा कि देवभूमि का यह देवस्थल भारत में खगोलीय विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि हमें परिवर्तन लाना है तो टेक्नोलॉजी, आई , मेटा, स्पेस आदि के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करना होगा। उन्होंने संस्थान में कार्य कर रहे वैज्ञानिकों एवं सभी कार्मिकों की सराहना की। इस दौरान प्रथम महिला गुरमीत कौर, निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी, संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बृजेश कुमार, जीवन पांडे, नीलम पनवार, वीरेंद्र यादव, तरुण बांगिया सहित अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री को भीमताल की समस्याओं से कराया अवगत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार देर शाम भीमताल से देहरादून वापस लौट गए। सूत्रों के मुताबिक भीमताल में उनका निजी कार्यक्रम था। इस बीच वह परिवार जनों के साथ भीमताल के खुटानी विनायक क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में ही रुक रहे। देर शाम को विकास भवन में हेलीकॉप्टर में सवार होकर देहरादून चले गए।

विकास भवन में पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी ने उनसे मुलाकात की और भीमताल की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि पेयजल की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

उन्होंने भीमताल के लिए पेयजल संबंधी 1 अरब की योजना जायका के स्तर पर लंबित है स्वीकृत करने की मांग की। बिजली समस्या से भी उन्हें अवगत कराया। यातायात व्यवस्था सुधार के लिए विस्तृत कार्य योजना को स्वीकृत करने की मांग की।

## एक नजर

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में पृथ्वीराज, जय और अनाया अव्वल

**नैनीताल :** तल्लीताल स्थित विशप शॉ इंटर कॉलेज में बुधवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ वर्ग में पृथ्वीराज चौहान, मध्यम वर्ग में जय सौम्या तथा कनिष्ठ वर्ग में अनाया ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता बच्चों को स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने बधाई दी।

### सफाई व्यवस्था चरमराई कूड़ादान तक गायब

**भीमताल :** भीमताल के वार्ड संख्या नौ के अन्तर्गत आने वाले धार्मिक स्थल नल दमयंती ताल में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है। अवगत कराया कि नगर पंचायत के कार्यकाल तक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था खासी ठीक थी। पर वर्तमान में कुछ दिनों से वहां सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां तक की वहां स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रखा गया कूड़ादान भी हटा लिया गया है। बताते हैं कि वहां के लोगों के लिए डोर टू डोर कलेक्शन की सुविधा भी इन दिनों नहीं है। ना ही नगर पंचायत का कूड़ा उठाने वाला वाहन वहां आ रहा है, जिसके संबंध में स्थानीय लोगों ने नगर पालिका को अवगत भी कराया था पर अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से जनता खासी परेशान है।

# 20 साल की मुहिम लाई रंग, गाद निकालने झील में उतरी पोकलैंड

### सिंचाई विभाग ने बागेश्वर से मशीन मंगवाकर झील की सफाई का कार्य प्रारंभ किया, झील की गहराई और जल धारण की क्षमता बढ़ेगी, लोगों ने किया स्वागत

खबर का असर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल नगर वासियों और कारोबारियों की दो दशक से भी अधिक समय से भीमताल झील से गाद और सिल्ट (गाद) निकालने की मांग पूरी होने जा रही है। सिंचाई विभाग ने अमृत विचार में लगातार कुछ समय के अन्तराल में झील की सफाई करने की मांग का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह के निर्देश पर भीमताल झील से गाद निकालने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। वर्तमान में भीमताल थाना क्षेत्र से पोकलैंड को झील में उतारकर गाद निकालना प्रारंभ कर दिया है।

भीमताल झील से गाद निकालने की मांग को अमृत विचार पिछले वर्ष से लगातार प्रमुखता से प्रकाशित करते आ रहा है। वहीं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, कांग्रेस नेता राकेश वृजवासी, व्यापारी नेता और भाजपा नेता अखिलेश सेमवाल, सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, विपिन चंद्रा, राहुल जोशी भी अपने अपने शासन में सूत्रों के माध्यम से विभिन्न स्तर से झील से गाद निकालने की मांग करते आ रहे थे। इधर क्षेत्र के लोगों ने एक बार फिर से क्षेत्र की समस्या को विभिन्न स्तर से उठाने और उनको प्रकाशित करने में अमृत विचार का आभार व्यक्त किया है।



भीमताल झील की सफाई करती बागेश्वर से मंगवाई गई पोकलैंड मशीन। ● अमृत विचार



चिंताजनक : अनदेखी के चलते झील की सुंदरता पर लग रहा ग्रहण, करीब 24 मीटर तक घटा झील का स्तर

खतरे में भीमताल झील, 300 मीटर तक उगी घास



पर्यटन के लिए सुखद है। झील साफ होगी तो निश्चित ही अच्छा संदेश देश और विदेश में जाएगा व पर्यटन बढ़ेगा। इस संबंध में कुछ दिन पूर्व कुमाऊं आयुक्त और केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन भी देकर मांग पर कार्रवाई की मांग की गई थी। –**नितेश बिष्ट**, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता



सिंचाई विभाग की सार्थक पहल है। क्षेत्रवासियों की दो दशक से भी अधिक पुरानी मांग पूरी हो रही है। सभी जन सहयोग करेंगे। –**राहुल जोशी**, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता



इस संदर्भ में कई बार मांग की गई थी। इससे जहां झील का पानी साफ होगा वहीं इसकी गंदगी भी साफ होगी। पर्यटन में बढ़ोत्तरी होगी। –**कार्तिक कर्नाटक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता**

वर्तमान में कार्य को प्रारंभ कर दिया गया है। बागेश्वर से मशीन मंगाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। जिलाधिकारी नैनीताल को झील सफाई के संबंध में प्रस्ताव दिया है। धन की प्रतिआशा में कार्य प्रारंभ किया गया है। मौसम जब तक साथ देगा सफाई कार्य प्रारंभ रहेगा। –**दिनेश सिंह रावत**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग, नैनीताल

## बोले लोग



कार्य प्रारंभ हो गया है। कार्य शीघ्र से हो तो काफी गाद और मलवा निकाल लिया जाएगा। इस मामले को पूर्व में भी पीएमओ कार्यालय में पहुंचाया गया था। –**मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा



सुखद समाचार है। झील से लेकर ही सब कुछ है। आशा करते हैं कि सिंचाई विभाग मानसून प्रारंभ होने से पूर्व काफी कार्य कर लेगा। सभी का आभार –**विपिन चंद्रा**, सामाजिक कार्यकर्ता



कार्य काफी प्रयास के बाद कार्य प्रारंभ हो सका है। कई जगह पत्राचार और मांग पत्र भेजे। शायद ही कोई ऐसा मंच होगा जहां यह मामला ना उठाया हो। कुमाऊं आयुक्त, डीएम, सिंचाई विभाग और क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर अमृत विचार का भी विशेष आभार। –**पूरन वृजवासी, सामाजिक कार्यकर्ता**



भीमताल झील की सफाई से कारोबारियों को भी राहत होगी। इस संबंध में सभी प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाकर झील सफाई की मांग की गई थी। कार्य प्रारंभ हो गया है सभी का आभार । –**अखिलेश सेमवाल**, वारिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता

## सार-संक्षेप

### बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने पर काटा चालान



नाव चालकों को निर्देश देते पालिका कर्मी।

**नैनीताल :** पर्यटन सीजन चरम सीमा पर है। ऐसे में हर रोज नैनीताल की शान नैनीझील में हजारों की संख्या में लोग नौकायन का लुत्फ उठा रहे हैं, लेकिन नाव चालक लोगों की जान जोखिम में डाल नौकायन करा रहे हैं, जबकि पालिका प्रशासन ने नाव चालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना लाइफ जैकेट के नौकायन नहीं किया जाएगा। पालिका द्वारा बुधवार को मल्लीताल वोट स्टैंड पर अभियान चलाया गया। इस दौरान झील में मछलियों के साथ खेल रहे व बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करने पर चालान की कार्रवाई भी की गई। नाव चालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में दोबारा ऐसा हुआ तो बड़ी कार्रवाई के साथ लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। इस दौरान टीसी दीपराज, अंकित बिष्ट व पीआरडी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### बच्चों ने थियेटर एक्टिविटी कर फिल्में देखीं

**भीमताल/नैनीताल :** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर धारी ब्लॉक के स्कूलों में बच्चों को शिक्षाप्रद फिल्में दिखाई जाने के दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुनियालेख और पदमपुरी के बच्चों ने फिल्म कंचे और पोस्टकार्ड और प्रिंटेट रेनबो फिल्म देखी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रख्यात कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविता इब्नबतुता पहन के जूतासे हुई। कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल ने बच्चों के साथ इस कविता में थियेटर एक्टिविटी कर इसका मंचन किया। बच्चों ने कंचे और पोस्टकार्ड फिल्म, गीतांजलि राव निर्देशित प्रिंटेट रेनबो भी देखीं। बच्चों ने ए चेयरी टेल भी देखी। इस मौके पर गुनियालेख के प्रधानाचार्य एनएस मेहरा, प्रधानाचार्य पदमपुरी राकेश वैद्य, गौरीशंकर कांडपाल, कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल, पुष्पेश सांगा, अमर सिंह बिष्ट, उमेश शर्मा, दिशा पांडे, नीमा शाह, उमाशंकर उपाध्याय, जगदीश चंद्र, लक्ष्मण देव, वंदना सैनी, सारिका बेरी मौजूद रहे।



नैनीताल में बीडी पांडे चिकित्सालय में रक्तदान करते रक्तदाता।

### लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल की पहल पर बीडी पाण्डे चिकित्सालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में रक्तदान करने वालों में संयोजक जीवंती भट्ट एवं उनकी पुत्री शिवांगी, क्लब की वरिष्ठ सदस्य कविता गंगोला, भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के ध्रुव कुमार सहित क्लब के सदस्यों की प्रेरणा से रिद्धि ढौंडियाल, गंगा प्रसाद, प्रमोद कुमार, अभिषेक, दीक्षा, वैभव अग्रवाल, विनोद वर्मा, सूरज नेगी, शिवम बजाज, आदि ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में हेमा भट्ट, रानी साह, मीनू बुधलाकोटी, अमिता साह, सीमा सेठ, गीता साह, कविता गंगोला, क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल, सचिव दीपा पाण्डे, डा पल्लवी गहतोड़ी, कविता त्रिपाठी, विनीता पाण्डे, रमा भट्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, तुसी साह, कंचन जोशी, तन्नू सिंह, लीला राज आदि का योगदान रहा।

# वीआईपी वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से लग रहा है जाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है, लेकिन सीजन शुरू होने से पहले ही स्थानीय व्यापारी संगठनों ने पुलिस से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कहा था, जिससे सैलानी आराम से नैनीताल तक पहुंच सकें। मगर हर बार की तरह इस बार भी पुलिस का यातायात प्लान फेल रहा।

मां नयना देवी व्यापार मंडल सहित अन्य संगठनों की मांग के बावजूद पर्यटन सीजन के दौरान जमकर वीआईपी गतिविधियों से यातायात काफी बाधित रहा। नगर में वैसे तो नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर पुलिस वाहनों का तुरंत चालान काटती है, लेकिन पुलिस अवैध रूप से खड़े वीआईपी वाहनों पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। जाम की वजह से सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों व कार्यालय आने-जाने वाले लोगों सहित बुजर्गों को फजीहत झेलनी पड़ी।



मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

नयना देवी मंदिर, भोटिया बाजार व वोटिंग करने के लिए जाने वाले नगर के सबसे व्यवस्तम चौराहे पंत पार्क पर गाड़ी पार्क करने को लेकर हमेशा खासकर वीआईपी वाहन स्वामियों के बीच बहस के चलते सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लगा जाता है। बीडी पांडे अस्पताल के पास कई बार एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है। वीआईपी होने के चलते पुलिस भी कुछ खास नहीं कर पाती और जाम का झाम हमेशा पैदल चलने वालों को ही झेलना पड़ता है।

## शिक्षकों के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान की लिस्ट जारी

**भीमताल :** भीमताल जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा ने जनपद के प्रारंभिक शिक्षकों के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान की बहु प्रतीक्षित स्वीकृत आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा जगमोहन सोनी के हस्ताक्षरों से जारी इस सूची में जिले भर के पांच दर्जन से अधिक शिक्षकों को इसका लाभ मिला है। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ समय से वार्षिक गोपनीय आख्या की तकनीकी खामियों के कारण चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत नहीं हो पा रहे थे, जिस हेतु विभाग एवं संगठन के विशेष प्रयासों से इस कार्य में सफलता मिली है। बधाई देने वालों में बंशीधर कांडपाल, डिगर सिंह पडियार, मदन मोहन सिंह बिष्ट, नंदराम आर्य, हरीश चंद सहित संगठन के विभिन्न विकासखंड के पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# सर्वसम्मति से उत्तम सिंह को चुना अध्यक्ष



इंटर कॉलेज नाई में बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** राआइंका नाई (ओखलकांडा) में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय प्रबंध समिति तथा अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित हुई।

पिछले सत्र की आय-व्यय पर चर्चा, विद्यालय विकास, अनुशासन , छात्र प्रगति पर चर्चा, शैक्षणिक कार्य पर चर्चा, पीटीए/एसएमसी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। ग्राम प्रधान भुमका मुकेश चंद बौद्ध ने बताया कि आरटीई के मानक के अनुसार यदि 6 से लेकर 8 तक के बच्चे 3 किलोमीटर से अधिक दूर व नौवीं दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्चे यदि 5 किलोमीटर दूर आते हैं तो उन्हें एस्कॉर्ट भत्ता दिया जाने का प्रावधान है। इस दौरान कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से उत्तम सिंह नयाल को एसएमसी अध्यक्ष, कुंदन सिंह नयाल उपाध्यक्ष चुने गए वहीं पीटीए अध्यक्ष हेम चन्द्र, उपाध्यक्ष आनन्द सिंह गौड़ चुने गए। इस दौरान दोनों के लिए सदस्यों का चुनाव भी हुआ।

**परेशानी** एक से दो दिन इंतजार के बाद पानी पहुंचा रहे टैंकर, हैंडपम्पों पर जुट रही भीड़

# हैंडपम्प और प्राइवेट टैंकरों से बुझ रही प्यास

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और भूजल के निचले स्तर के चलते लोगों को पानी की भीषण समस्या से गुजरना पड़ रहा है। प्राकृतिक जल श्रोत भी सूख गये हैं।

जल संस्थान की ओर से जल आपूर्ति एक दिन रोककर भी पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में आम जनमानस ने हैन्ड पम्पों की तरफ रुख कर लिया है। इन हैंड पम्पों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। लोग अपनी प्यास बुझा रहें हैं। वहीं होटल व रेस्टोरैन्टों में पीक सीजन के चलते पानी की मांग कई गुना बड़ गई है। होटल मालिक, होम स्टे संचालक प्राइवेट टैंकरों से पानी मंगवा रहे हैं। सीधे शब्दों में प्राइवेट टैंकर ही इनके खेवनहार बने हुए हैं। गौरतलब है कि डिमान्ड इतनी ज्यादा बड़ गई है कि ये भी एक से दो दिन वेटिंग में चल रहे हैं। टैंकर सप्लायरों का कहना है कि एक जगह पानी सप्लाई में दो से तीन घन्टे लग जा रहे हैं। ऊपर से जाम लग गया तो और ज्यादा टाइम लगता है।





रोज हजार से दो हजार लीटर पानी की जरूरत पड़ रही है। पानी दो सौ से तीन सौ लीटर ही आ रहा है। ऐसे में प्राइवेट टैंकर से पानी मंगवाना पड़ रहा है। –**बीना पाण्डे**, साईं चरण होम स्टे संचालक, भवाली



कैंची धाम रोज श्रद्धालु आ रहे हैं। जल संस्थान से आपूर्ति नहीं हो पा रही। रुके हुए श्रद्धालु पर्यटकों को पानी नहीं है कह नहीं सकते। प्राइवेट टैंकर से ही पानी मंगवा रहे हैं। –**जुगल मठपाल**, कैंची धाम होम स्टे संचालक, भवाली



पानी की कमी के चलते कुछ होटल व्यवसाइयों ने रूम ही ब्लाक कर दिये हैं। हर किसी के पास बोरिंग भी सम्भव नहीं है। पानी ही नहीं होगा तो रूम कैसे लगेंगे। –**राजेन्द्र प्रसाद कपिल, अध्यक्ष, होटल एसोशिएशन भवाली**



यही समय है होटल कारोबारियों के पास काम करने का। पीक सीजन में पर्यटक भी आ रहे हैं। ऐसे में पानी की समस्या है। टैकरों से रोज पानी मंगवा कर काम चला रहे हैं। – **गीता जोशी, होटल व्यवसायी, साईं सरन होटल, भवाली**

### पटुवाडांगर कालोनी में घुसा पाइथन, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती पटुवाडांगर में एक पाइथन घरों के बीच टैंक के पास घुस गया, जिसके बाद आसपास के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कई घंटों की मेहनत के बाद वन विभाग की टीम ने देर रात लगभग 11 बजे पाइथन को पकड़ लिया। गनीमत रही सांप ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि पटुवाडागंर में पाइथन आने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम को भेजा गया। रात 11 बजे रेस्क्यू कर पाइथन को पकड़ लिया।

### योग चेतना शिविर कल

**रामनगर :** योग दिवस 21 जून पर एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम ग्राउंड में प्रात : पांच से साढ़े सात बजे तक योग चेतना शिविर लगाया जाएगा। उज्ज्वला योग संस्थान रामनगर के अनुभवी योगाचार्य डॉ. नितिन डोमणे के सानिध्य में मानसिक व शारिरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न योग आसन सिखाए व कराए जाएंगे। आयोजक डॉ. ढोमने ने बताया कि आठ वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा। उन्होंने योग से जुड़े सभी योग साधकों और आम जनता से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भागीदारी करने की अपील की।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| --- | --- |
| 41.0° | 27.0° |

| सूर्योदय | सूर्यास्त |
| --- | --- |
| 05.13 | 07.14 |

## पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी** : टीपीनगर पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान एक सटोरिये को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर राजेश पुत्र राम मूर्ति निवासी जीतपुर नेगी रामपुर रोड को पकड़ लिया। उसके पास से एक मोबाइल और तीन हजार 70 रूपए बरादम हुए। चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि सटोरिये कई सट्टे बाजों के नाम उजागर किए हैं।

### नैनीताल, भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, मुनस्यारी, डीडीहाट आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, पहाड़ों में बारिश से तापमान में आई गिरावट, ठंड का एहसास होने लगा

# उष्ण लहर से तपा मैदान, पहाड़ों पर झमाझम बरसे मेघ



भीमताल में बारिश के दौरान बादलों से घिरा आसमान।

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

**अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को कुमाऊं के मैदानी इलाकों में अंधड़ व बारिश होने का अनुमान जताया था, जो गलत साबित हुआ। पहाड़ों में झमाझम बारिश हुई, लेकिन मैदानी इलाके उष्ण लहर और तेज धूप से तपते रहे। पहाड़ों में बारिश से तापमान में गिरावट आई है, इससे ठंड का एहसास हुआ।

बुधवार को नैनीताल, भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, मुनस्यारी, डीडीहाट आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, लेकिन मैदानी इलाके सूखे पड़े रहे। उष्ण लहर और तेज धूप के कारण हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में लगातार 11 दिन से पारा 41 डिग्री के पार चल रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम के समय पहाड़ों में झमाझम बारिश शुरू हुई। जिससे नगर में तापमान गिर गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। नैनीताल में बुधवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। यहां का अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मुक्तेश्वर में भी शाम को अच्दी बारिश हुई। यहां विगत दिनों अधिकतम तापमान 32 डिग्री पहुंच गया था। बारिश होने से पारा नीचे गिर गया है। बागेश्वर में मंगलवार सायं मौसम ने करवट बदली। गरज व तूफान के साथ बूंदाबादी हुई, जिससे तापमान में कमी आई है। बुधवार को सुबह से धूप खिली रही। मगर दोपहर बाद मौसम बदला और बादल छा गए। इसके बाद फिर से बूंदाबादी शुरू हो गई। इसके अलावा मुनस्यारी में 16.6 मिमी, बागेश्वर के सामा में 12 मिमी और डीडीहाट में 10.5 मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार कुमाऊं के मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना बनी हुई है। पहाड़ों में अगले कुछ दिनों तक बारिश होगी और तापमान में कमी आएगी।

### भीमताल में 15 मिनट तक हुई तेज बारिश

भीमताल/भवाली : नगर व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की सांय लगभग छह बजे मौसम ने करवट बदली और आसमान में घने बादल छा गये। थोड़ी देर बाद तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हुई। करीब 15 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। नालियों की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर बहता रहा। स्थानीय व्यापारियों ने नगर पालिका व लोनिवि के अधिकारियों से मानसून से पूर्व नालियों की सफाई करने की मांग की है। मांग करने वालों में भारत लोशाली, भास्कर भगवाल शामिल रहे। वहीं, भवाली में भी बुधवार की शाम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई। बारिश के दौरान पत्थर भी सड़क पर आ गये।

### तराई में चलीं गर्म हवाएं

**रुद्रपुर** : ऊधमसिंह नगर जिले में बुधवार को लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों का सामना करना पड़ा। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वातावरण में नमी की मात्रा 34 फीसदी तक रही। उत्तर पश्चिम से 10.1 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

# रामपुर हाईवे के दोनों तरफ जंगलों में लगी भीषण आग, यातायात बंद

### बुधवार को बेलबाबा मंदिर के आगे एस मोड़ के पास से हुई वनाग्नि की शुरुआत, दो दमकल वाहनों ने तीन फेरे लगाकर आग पर पाया काबू, पुलिस ने डायवर्ट किया यातायात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**08** हेक्टेयर जंगल भाखड़ा और हल्द्वानी रेंज का जलकर हुआ खाक

**02** से तीन घंटे तक हाईवे पर यातायात बंद रहा, पुलिस ने रूट किया डायवर्ट

**03** विभाग पुलिस, वन और अग्निशमन के कर्मी आग बुझाने में जुटे



रामपुर हाईवे से सटे जंगलों में आग बुझाती महिला दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामपुर-रुद्रपुर हाईवे से सटे जंगल में आग लग गई। सूरज की तपिश में गर्म हवाओं ने आग को भीषण कर दिया। आग के उग्र रूप को देखकर हाईवे पर यातायात बंद कर दिया गया। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाईवे से सटे जंगल की आग बुझाई। जबकि जंगल के अंदर की आग बुझाने के लिए वन विभाग देर रात तक जुटा रहा।

बुधवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज के अंतर्गत रामपुर-रुद्रपुर हाईवे पर एस मोड़ के समीप सड़क के दोनों ओर जंगलों में आग लग गई। आग की सूचना पर भाखड़ा रेंज की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की। कुछ ही देर में आग हल्द्वानी रेंज के जंगलों तक पहुंच गई। एक घंटे बाद भी जब आग काबू में नहीं आ सकी तो रेंज की टीम ने आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। हाईवे किनारे जंगल में आग की खबर पर डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने को कहा। इसके अलावा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी। सूचना पर टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात रोका। पुलिस ने रुद्रपुर से आने वाले वाहनों को पत्थरचट्टा सैनिकफार्म और हल्द्वानी से आने वाले वाहनों को गन्ना सेंटर से लालकुआं की ओर डायवर्ट कर दिया गया। वहीं दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। आग इतनी भीषण थी की पानी के लिए वाहनों को तीन फेरे लगाने पड़े। तब कहीं जाकर दो से तीन घंटे बाद बमुश्किल हाईवे किनारे जंगल की आग बुझाई गई। तब तक तक हाईवे पर यातायात ठप रहा। शाम को पांच बजे के बाद हाईवे पर ट्रैफिक फिर से शुरू किया गया। फिलहाल देर सायं तक वन टीमें आग बुझाने में जुटी रहीं। वनाग्नि में लगभग 8 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गया।

### बोले डीएफओ

हल्द्वानी और भाखड़ा रेंज के अंतर्गत हाईवे से सटे जंगलों में आग लग गई थी। पुलिस को सूचना देकर ट्रैफिक बंद कराया और अग्निशमन की मदद से सड़क किनारे के जंगलों की आग बुझाई गई। शाम को लगभग पौने सात बजे तक हल्द्वानी रेंज के जंगलों की आग पर काबू पा लिया गया था। देर रात टीमें भाखड़ा के जंगलों में आग बुझाने में जुटी रहीं। आग से लगभग 8 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया।

**-उमेश चंद्र तिवारी**, डीएफओ, तराई केंद्रीय वन डिवीजन



अपना आशियाना जलता देख बंदर सहम गया और बचने के लिए बच्चे को लेकर पेड़ की डाली पर बैठ गया। ● राजेश श्रीवास्तव

### कई रेंजों के वन कर्मी बुलाए गए

हाईवे से सटे जंगलों में लगी आग जब बेकाबू हो गई तो वन विभाग के हाथ पांव फूल गए। इस पर पुलिस और अग्निशमन को सूचना दी गई। हल्द्वानी व भाखड़ा के अलावा बरहैनी, रुद्रपुर, टांडा आदि रेंजों से भी वन कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर आग बुझाने में लगाया गया। खुद डीएफओ यूसी तिवारी भी आग बुझने तक जंगलों में डटे रहे।



टांडा वन विभाग के बैरियर के पास रोके गए वाहन। ● अमृत विचार

### सात दिन में दो बार हुईं वनाग्नि की भीषण घटनाएं

हल्द्वानी : तराई केंद्रीय वन डिवीजन में सबसे ज्यादा भाखड़ा रेंज के जंगलों में ही आग लग ही है। इससे पूर्व बीती 13 जून को गन्ना सेंटर के समीप गांवों से सटे जंगलों में आग लग गई थी। तब भी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग को मौके पर बुलाना पड़ा था। वन विभाग व दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया था। तब भी अंदरूनी रास्ते बाधित हो गए थे। इस घटना को अभी पांच दिन ही बीते थे कि छठवें दिन अब रामपुर हाईवे से सटे जंगलों में आग लग गई। यह आग इतनी उग्र हो गई कि हाईवे पर यातायात तक ठप करना पड़ा। वहीं देर रात अधिकारी-कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। इधर, वनाग्नि से अब तक 1747.72 हेक्टेयर जंगल आग में जलकर खाक हो गया है। वहीं वनाग्नि की 1265 घटनाएं रिकॉर्ड हुई हैं। इस दावानल में 11 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि 9 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस आग में एक पशु मर गया और 2 घायल हो गए। वन विभाग ने 456 अपराध दर्ज किए और 15 एफआईआर दर्ज कराई। 92 नामजद व्यक्तियों के खिलाफ एस-टू केस दर्ज किया।

## गाय की मौत से आहत किशोरी ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर में पली गाय की मौत से आहत एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। किशोरी का शव घर के पीछे बने बाथरूम में लटकता मिला। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कैनाल रोड दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी केशव दत्त पलड़िया वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह घर में 15 वर्षीय बेटी जया व पत्नी के साथ रहते हैं। केशव के मुताबिक उन्होंने घर में एक गाय पाली थी, जो उनकी बेटी जया के बचपन के समय से ही घर में थी। जया को गाय से बेहद लगाव था। बीते सोमवार को गाय की मौत हो गई। गाय की मौत से वह बुरी तरह आहत हुई और फूट-फूट कर पूरे दिन रोती रही। उसने खाना भी नहीं खाया। घर वालों ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने किसी से बात नहीं की और मंगलवार को अचानक लापता हो गई। सुबह से शाम तक परिवार वाले उसे खोजते रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शाम ढलने पर जब परिजन घर के पीछे बने बाथरूम में पहुंचे तो उनके होश उड़ हो गए। रस्सी के सहारे जया का शव लटक रहा था। आनन-फानन में परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में चिकित्सकों की सूचना पर काठगोदाम पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि घटना के पीछे गाय की मौत से आहत होने की बात सामने आई है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## डॉ. तारा आर्या बनीं स्वास्थ्य महानिदेशक

**नैनीताल :** डॉ. तारा आर्या को स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। वर्तमान महानिदेशक डॉ. विनीता साह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रही हैं, इसके बाद एक जुलाई को डॉ. तारा आर्या देहरादून में अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी।

डॉ. तारा आर्या ने 31 मार्च 1991 में पिथौरागढ़ के बेरीनाग चिकित्सालय से बतौर चिकित्सक अपना सफर शुरू किया। इसके बाद वह अल्मोड़ा, रानीखेत, भवाली, हल्द्वानी नैनीताल में कार्यरत रहीं। वह बीडी पांडे असप्ताल में पीएमएस के पद पर भी रह चुकी हैं। अभी वह स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं के पद पर कार्यरत हैं।

## श्मशान घाट में चिता की आग से जली अर्थियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजपुरा स्थित श्मशान घाट में जलती चिताओं की चिंगारी से अर्थियों के ढेर में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा टल गया।

बुधवार की दोपहर श्मशान घाट में चिताएं जल रही थीं। वहीं पास में अर्थियों का ढेर रखा था। जिसमें सूखे बांस के साथ कपड़े, रस्सियां व अन्य सामान पड़ा था। दोपहर में तेज हवाएं चलीं तो चिताओं से उठी चिंगारी अर्थियों के ढेर तक पहुंच गई। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही सूखे बांस धू-धूकर जलने लगे।

आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। साथ ही लोगों ने खुद आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी, लेकिन आग बेकाबू हो रही थी। तभी मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ मिंदर पाल सिंह ने बताया कि एक गाड़ी पानी की मदद से आग बुझा ली गई। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## तीन तारीख तक पेंशन दी जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निर्देश**

▸▸ **समाज कल्याण निदेशक ने लाभार्थियों के खाते में राशि हस्तांतरित करने को कहा, नशा मुक्त अभियान में जुटे अफसर**



**अमृत विचार :** समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगाई ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला कल्याण अधिकारियों, आईटी सेल के नोडल अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी निर्देश दिए।

निदेशक भटगाई ने कहा कि वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा, किसान पेंशन लाभार्थियों के खाते में अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह की 3 तारीख को भेजी जाए। इसमें कोताही नहीं बरती जाए। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राज्य के 385 के सापेक्ष 117 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। इन गांवों में योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण की गुणवत्ता की जांच के लिए स्थलीय निरीक्षण, फोटोग्राफ संकलन, जियो टैगिंग की जाए। 30 जून तक अधिकतम गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम योजना के अंतर्गत नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून में छात्रावास का निर्माण जल्द शुरू करें और अन्य जिलों में छात्रावास के लिए प्रस्ताव बनाए जाएं। एनएपीडीडीआर योजना के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान जिलों में चलाया जा रहा है। 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाये। इस तारीख से नशा मुक्त भारत का साप्ताहिक अभियान शुरू किया जाए।

## मां से नाराज बेटे ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** बरेली रोड स्थित बड़ी मंडी के पास रहने वाले भगवान स्वरूप (60 वर्ष) रुद्रपुर रोडवेज से चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बुधवार की दोपहर भगवान स्वरूप अपनी कार से हल्द्वानी कोतवाली के बाहर पहुंचे। उनके पास कीटनाशक था। उन्होंने कार में बैठे-बैठे कीटनाशक खाया तो एक रागहीर ने उन्हें देख लिया। वह फौरन दौड़ कर कोतवाली पुलिस के पास पहुंचा। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस की पूछताछ में बताया कि किसी बात पर मां से कहासुनी हो गई। इसी से नाराज होकर उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

**अच्छी खबर** | बाल रोग वार्ड में बच्चों के खेलने के लिए बन रहा कमरा, कई खिलौने और छोटे झूले लगेंगे, स्पोर्टस रूम का जल्द होगा उद्घाटन

# अब एसटीएच में बच्चों का इलाज के साथ होगा मनोरंजन

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में अब बच्चों का इलाज के साथ ही मनोरंजन होगा। इसके लिए अस्पताल के बाल रोग वार्ड में एक कमरा तैयार किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खिलौने और झूले लगाये जायेंगे। इसमें उन बीमार बच्चों को खेलने दिया जायेगा जो अस्पताल में भर्ती होने के बाद ठीक होने लगे हैं और चल फिर सकते हैं।

बच्चों का मन खेलने और कूदने की ओर ज्यादा सक्रिय होता है। जब बच्चे बीमार होते हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आती है तब सबसे ज्यादा दिक्कत इस बात की आती है कि बच्चों को लंबे समय तक वार्ड में रखने पर वह चिड़चिड़े होने लगते हैं। अस्पताल का माहौल बच्चों को उदास करने वाला होता है। इसको लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रितु रखोलिया एसटीएच के बाल रोग वार्ड में एक कमरा तैयार करा रहीं हैं, जिसे स्पोर्ट्स रूम का नाम दिया गया है। इस कमरे में बच्चों के खेलने के लिए कई प्रकार के खिलौने और छोटे झूलों का इंतजाम किया जाएगा। इससे बच्चों का मन खुश होगा और उन्हें ठीक होने में और भी मदद मिलेगी। जल्द ही स्पोर्ट्स रूम का उद्घाटन हो जायेगा।

### कुछ बीमारियों में सक्रियता की भी जरूरत

बच्चों में कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनमें उनका शारीरिक रूप से सक्रिय रहना भी जरूरी है। ऐसे बीमार बच्चों के उपचार में भी स्पोर्ट्स रूम मददगार साबित होगा। अस्पताल प्रशासन यह कोशिश रहा है कि उपचार के दौरान बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मनोरंजक माहौल मिले, जिससे वह शीघ्र स्वस्थ्य हों। कोरोनाकाल के दौरान पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए जो कमरे तैयार किए गए थे, उनमें मिकी माउस, छोटा भीम, डोरेमोन आदि के चित्र लगाए गए थे।



बच्चों के लिए एक कमरा तैयार किया जा रहा है, जिसमें खिलौने होंगे। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही कमरा तैयार हो जाएगा। जिससे बच्चों को अस्पताल में और भी अच्छा माहौल मिलेगा।

**- डॉ. ऋतु रखोलिया**, विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग

## अधिक सवारी बैठाने पर टैक्सी सीज

**नैनीताल :** तल्लीताल एसओ रमेश बोरा बुधवार शाम को तल्लीताल चौराहे पर यातायात पर नजर बनाए हुए थे, तभी हल्द्वानी रोड में उन्होंने एक कार में सवारियों के साथ चालक को बैठते देखा। उनके वहां पहुंचने तक टैक्सी हल्द्वानी के लिए निकल गई थी, लेकिन एसओ ने वायरलेस पर हनुमानगढ़ी पर टैक्सी को रोकने के निर्देश दिए। हनुमानगढ़ी में तैनात पुलिस कर्मी ने टैक्सी को रोक लिया। तभी टैक्सी का पीछा कर एसओ भी हनुमानगढ़ी पहुंच गए, जहां उन्होंने टैक्सी से सात सवारियों के साथ एक चालक को उतारा। एसओ ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बेतालघाट ऊंचकोट निवासी जीवन चन्द्र के खिलाफ कार्रवाई कर टैक्सी को सीज कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय का आईआईटी बॉम्बे के साथ एमओयू साइन


एमओयू प्राप्त करते प्रधानाचार्य एमसी पांडे।

**रामनगर** : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर एवं आईआईटी बॉम्बे में आपसी सहयोग के लिए एमओयू साइन हुआ। समझौते से रामनगर महाविद्यालय के विभिन्न पंजीकृत विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। प्राचार्य प्रो .एमसी पाण्डे ने बताया कि आईआईटी से हुए करार से हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेट कोर्स को करने का मौका मिलेगा। आईआईटी बॉम्बे में आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में उत्तीर्ण सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिये जाएंगे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पांच दर्जन से अधिक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल उतारेगा प्रत्याशी

**हल्द्वानी** : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने आगामी नगर निगम चुनाव में प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है, ताकि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान हो सके।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि संगठन की कोर कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया है कि हल्द्वानी एक व्यापारिक नगर है। कुमाऊं की आर्थिक राजधानी भी कहलाता है, इसलिए यहां पर नगर निगम का प्रत्याशी व्यापारी के बीच का और व्यापारियों की समस्या को समझने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में तय किया गया है कि आगामी नगर निगम चुनाव में व्यापार मंडल की ओर से एक प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। उम्मीदवार के चयन के लिए सभी दावेदारों को लेकर रायशुमारी की जाएगी। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, युवा प्रदेश प्रभारी आफताब हुसैन, कुमाऊं मीडिया प्रभारी हरजीत चड्ढा, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल आदि मौजूद थे।

### परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**कालाढूंगी** : कालाढूंगी के नैनीताल मार्ग में बुधवार सुबह ही से चेकिंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ रश्मि भट्ट सहित परिवहन विभाग के गोविंद सिंह, गुरमुख सिंह, संजय कुमार, सचिन कुमार, आरसी पवार के नेतृत्व में टीमों का गठन कर नैनीताल शहर सहित, हल्द्वानी नैनीताल मार्ग, कालाढूंगी हल्द्वानी मार्ग, रामनगर मोहन रानीखेत मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। पहाड़ों को जाने वाली यात्री बसों और यात्री वाहनों में निर्धारित स्वारियों, हिल लाइसेंस और वाहन दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इसी के साथ वाहन चालकों से निर्धारित स्वारी बैठाने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, हिल लाइसेंस होने पर ही पहाड़ों को वाहन ले जाने के लिए प्रेरित करते हुए, उक्त मानकों का उल्लंघन करने पर कई वाहनों के चालान किए गए। कालाढूंगी में उप निरीक्षक परिवहन आरसी पवार के साथ सचिन सेनी, प्रकाश डसीला, केसर सिंह आदि उपस्थित थे।

### कार्बेट पार्क के कर्मियों ने की मॉक ड्रिल

**रामनगर** : कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन कर्मियों ने सर्पदुली रेंज अंतर्गत गार्जिया क्रू स्टेशन पर फायर वॉचर एवं ग्रामीणों के साथ फायर मॉक ड्रिल किया। जिसमें जंगलों में आग के दौरान होने वाले जोखिम की जानकारी दी गयी। साथ ही वनाअग्नि के समय एक टीम के रूप में कैसे कार्य किया जाये तथा खुद की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाये। इस विषय पर जंगल में मॉक ड्रिल करायी गयी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों एवं ईडीसी अध्यक्ष ढीकुली के साथ मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर बिंदर पाल वन क्षेत्राधिकारी सर्पदुली, राजेंद्र छिमवाल ईडीसी अध्यक्ष ढिकुली, चंद्रशेखर छिमवाल नेचर गाइड, धर्मपाल नेगी वन दरोगा, जगदीश वन आरक्षी, हेमा वन आरक्षी, स्वाति वन आरक्षी, रोहित वन आरक्षी, राजू, मदन, निखिल आदि द्वारा मॉक ड्रिल के विषय में उठायी शंकाओं का भी रेंजर बिन्दरपाल ने समाधान किया।


आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित लीला में मंचन करते कलाकार।

### रावण का वध करने के बाद श्रीराम का राजतिलक

**चोरगलिया** : आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में इंटर कॉलेज चोर गलिया में आयोजित रामलीला के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला ने दीप प्रज्वलित कर लीला के मंचन का शुभारंभ किया। पिता दशरथ की ओर से दिए गए 14 वर्ष के वनवास के दौरान प्रभु राम ने भाई लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत व बंदरों की सेना बनाकर अधर्मी रावण के कुल का संहार किया। रावण के भाई विभीषण को लंका का राजा नियुक्त किया। तत्पश्चात अयोध्या पहुंचने पर हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का राजतिलक हुआ। रामलीला कमेटी के प्रबंधक कन्नू रुवाली ने समापन दिवस पर जनता का आभार व्यक्त किया। कमेटी सचिव दीपक चौसली ने सभी पात्रों का अभिवादन किया। अध्यक्ष खष्टी चौसली, उप कोषाध्यक्ष मोहन फर्तयाल व पूर्व छात्र संघ सचिव पान सिंह मेवाड़ी ने लीला में अभिनय करने वाले पात्रों को पुरस्कार वितरण किए।


बिनसर में आग से मारे गए लोगों के परिजनों से वार्ता करते लोकमंच के कार्यकर्ता।

### मृतकों के आश्रितों को मिलना चाहिए 25 लाख का मुआवजा

**रामनगर** : समाजवादी लोकमंच से प्रतिनिधिमंडल बिनसर अभ्यारण में लगी आग से मारे गए लोगों के साथ उनका दर्द साझा कर मृतकों के परिजनों को 25 लाख व घायलों को 10 लाख रुपया मुआवजा देने की सरकार से मांग की है। लोकमंच के सदस्यों ने दीवानी राम पुत्र पदीराम के घर जाकर मुलाकात की। कर्ण आर्य के घर भी कार्यकर्ता पहुंचे। बताया कि आयु मात्र 17 वर्ष थी और उसके पिता और मां बेसुध पड़े हैं। चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। चार अभी एम्स में भर्ती हैं। उनको कम से कम 25 लाख का मुआवजा और एक परिवार के एक आदमी को सरकारी नौकरी दी जाए। घायलों को कम से कम 10 लाख का मुआवजा और उनका उचित इलाज की व्यवस्था की जाए। इस प्रतिनिधि मंडल में किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, एडवोकेट मदन मेहता, अल्मोड़ा से किरण आर्य उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, एडवोकेट गोपाल राम शामिल रहे।


NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% •NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557


# 21 सरकारी विभागों को मिले 70.20 करोड़

## जनपद प्रभारी मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में बागजाला स्थित ईटीसी सभागार में जिला योजना की बैठक हुई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : जिला योजना की बैठक में 21 सरकारी विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए 70.20 करोड़ रुपये दिए गए। डीएम वंदना सिंह ने बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया और जिला योजना से विकास की विस्तार से जानकारी दी।

जनपद प्रभारी मंत्री/कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में बुधवार को बागजाला स्थित ईटीसी सभागार में जिला योजना की बैठक हुई। इसमें 70,20,50,000 रुपये की योजनाओं का अनुमोदन किया गया। पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 8.03 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अनुमोदित परिव्यय में सामान्य मद में 55,92,10,000, स्पेशल कंपोनेंट सब प्लान में 13,47,30,000 और ट्राइबल सब प्लान में 81,10,000 शामिल हैं।

कैबिनेट मंत्री आर्य ने कहा कि स्थानीय लोगों की प्राथमिकता और जनप्रतिनिधियों के समन्वय के आधार पर योजनाओं का चयन किया जाए। साथ ही हिदायत दी कि जिला योजना में जितने भी नये प्रस्ताव लिए जा रहे हैं, उनको निर्धारित समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए, जो भी समस्याएं हैं, उनका प्राथमिकता से निदान किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान समयावधि में नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा, रेखा रावत, गीता बिष्ट, रवि कन्याल, सीडीओ अशोक पांडे, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सीएमओ डॉ. श्वेता अग्रवाल, जिला अर्थसांख्याधिकारी मुकेश नेगी आदि मौजूद रहे।


बागजाला स्थित ईटीसी सभागार में जिला योजना की बैठक में मौजूद जनपद की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य व अन्य। ● अमृत विचार

### विधायक भगत ने उठाया डायलिसिस में पानी आपूर्ति ठप होने का मुद्दा

हल्द्वानी : जिला योजना की बैठक में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने बेस अस्पताल में डायलिसिस सेंटर में पानी की आपूर्ति ठप होने का मुद्दा उठाया। इस पर प्रभारी मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जल संस्थान ईई को तुरंत पानी कनेक्शन देने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि कनेक्शन देने के बाद उन्हें बताएं।

### इन विभागों को मिली धनराशि

| सरकारी विभाग | मिली रकम |
|---|---|
| कृषि विभाग | 2.50 करोड़ |
| उद्यान विभाग | 4.74 करोड़ |
| पशुपालन विभाग | 3.40 करोड़ |
| मत्स्य पालन | 1.15 करोड़ |
| ग्राम विकास | 1.18 करोड़ |
| सिंचाई विभाग | 3.75 करोड़ |
| लघु सिंचाई | 2.50 करोड़ |
| लोनिवि | 9.80 करोड़ |
| पर्यटन | 4.50 करोड़ |
| खेल | 1.50 करोड़ |
| युवा कल्याण | 5.40 करोड़ |
| चिकित्सा | 3 करोड |
| पेयजल निगम | 2 करोड़ |
| जल संस्थान | 4.30 करोड़ |
| बाल विकास | 1.30 करोड़ |
| आयुर्वेदिक यूनानी | 1.20 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा | 2.50 करोड़ |
| प्राथमिक शिक्षा | 2.21 करोड़ |
| उरेडा | 1.14 करोड़ |
| नलकूप | 2.70 करोड़ |
| डेरी विकास | 90 लाख |

# राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया

संवाददाता, रामनगर, नैनीताल, भीमताल, लालकुआं, भवाली

**अमृत विचार** : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। पार्टी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन कर पार्टी को मजबूत कर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया।

ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत की अध्यक्षता तथा अनिल अग्रवाल खुलासा के संचालन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं नैनीताल भी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर बुधवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शार्दुल नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के जिला चिकित्सालय बीडी पांडे में स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं भीमताल में भी मिनी स्टेडियम में राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर गोष्ठी की। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं लालकुआं में नगर कांग्रेस के तत्वावधान में कांग्रेस नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। वहीं भवाली में भी राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सैनिटोरियम टीबी हॉस्पिटल में मरीजों को फल बांटे। राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। वहीं वायनाड व रायबरेली सीट से जीतने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, भूतपूर्व पालिका अध्यक्ष दयाल चन्द्र आर्य, पुष्पेश पांडे, अफसर अली आदि मौजूद रहे।


रामनगर में गोष्ठी में विचार रखते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


राहुल गांधी के जन्मदिन पर शरबत बांटते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

### वंचितों और गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं राहुल गांधी

**हल्द्वानी** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजपुरा स्थित कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि राहुल गांधी देश में वंचितों और गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हित में संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान सुहैल सिद्दीकी, हेमंत साहू, मनोज बिष्ट, राजो टंडन, शशि आर्य, तलत एहतेशाम, विक्रम रंधावा, जगदीश चंद्रा, लाल सिंह पवार, अमित रावत, कोमल जायसवाल, धर्मवीर, संजू उप्रेती, सुरेंद्र सिंह राणा थे। वहीं गौलापार में कांग्रेस जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। यहां हेमंत बगडवाल, खजान पांडे, महिपाल सिंह नौला, जीवन सिंह नौला, दीवान सिंह संभल, गंगानाथ गोस्वामी मौजूद रहे। इधर, राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने कुसुमखेड़ा हनुमान मंदिर चौराहे पर शरबत बांटा।


राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# जीएम की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने पिटकुल के जीएम (विधि) प्रवीण टंडन की अपने निलंबन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दिया है। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने प्रबंध निदेशक की ओर से जारी निलंबन आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और साफ किया है कि निलंबन दंड नहीं है। टंडन का कहना था कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी होने के नाते निदेशक मंडल को निलंबन आदेश जारी करना चाहिए था और प्रभारी प्रबंध निदेशक के पास ऐसा करने का अधिकार नहीं है।

पिटकुल के महाप्रबंधक (एचआर) की ओर से दाखिल जवाबी शपथ पत्र में कहा गया है कि निदेशक मंडल ने एमडी को शक्ति सौंपी थी, ऐसे में बोर्ड से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता के बिना याचिकाकर्ता को निलंबित करने का अधिकार है। देखते हुए कि प्रबंध निदेशक को महाप्रबंधक को हटाने के लिए निदेशक मंडल की शक्ति दी गई है, निलंबन आदेश को चुनौती देने के लिए याचिकाकर्ता के आधार को अस्वीकार्य माना गया। बीती 1 जून 2023 को पिटकुल के जीएम विधि प्रवीन टंडन को वैधानिक कार्य दायित्वों के निर्वहन में बरती जा रही लापरवाही, कामों के प्रति उदासीनता, गंभीर दुराचार, व्यापक अनुशासनहीनता, महिलाओं के विरुद्ध झूठे वाद दायर करना, वैधानिक कार्यों में व्यवधान पैदा करना आदि आरोप पत्र देते हुए निलंबित कर दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट के बताया कि टंडन को कुल 11 आरोप-पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने निर्धारित किया कि आरोपित निलंबन आदेश को चुनौती देने के लिए प्रस्तुत आधारों के आधार पर हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं थी। रिट याचिका का निपटारा सक्षम प्राधिकारी को अदालत के आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से 4 माह में अनुशासनात्मक जांच समाप्त करने के निर्देश के साथ किया।



### सौंदर्यीकरण घोटाले में मांगे ठोस सुबूत

**नैनीताल** : हाईकोर्ट ने नगर निगम ऋषिकेश की ओर से शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर 10 करोड़ रुपये सरकारी धन का दुरुपयोग के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने इस मामले में याचिकाकर्ता को अन्य कुछ ठोस सबूत पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी आशुतोष शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि ओएनजीसी ने दस करोड़ रुपये शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम को दिए थे। इसका ठेका नगर निगम ने पाल फाउंडेशन को दे दिया, लेकिन इस धनराशि का शहर के सौंदर्यीकरण में उपयोग नहीं किया गया। नियमों के तहत जो सौंदर्यीकरण प्रस्तावित थे, नहीं हुए। उन्होंने इसकी शिकायत बार-बार प्रशासन से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि इस मामले की जांच कराई जाए और दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

### एरीज में गड़बड़ी पर राज्य सरकार, एरीज प्रशासन, वन विभाग से मांगा जवाब

**नैनीताल** : हाईकोर्ट ने आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान में गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, एरीज प्रशासन तथा वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। चमोली निवासी दयाल सिंह ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि एरीज की ओर से सड़क बनाने के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को 99 लाख दिए गए लेकिन घटिया निर्माण किया गया। जनवरी 2023 में सड़क उखड़ गई जबकि ठेका 18 मई 2022 को दिया गया था। 14 मार्च को एरीज के सिविल वर्क प्रभारी ने खुद सड़क निर्माण को संतोषजनक नहीं मानते हुए भुगतान नहीं करने की संस्तुति की थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि सितंबर 2023 में बनाए गए हॉस्टल के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काट दिए लेकिन वन विभाग की ओर से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जबकि वन विभाग घरों के उपर खतरा बन चुके पेड़ की टहनी काटने पर हजारों रुपये का जुर्माना लगता है। जो घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है। एरीज में वैज्ञानिक डी श्रेणी का एक व वैज्ञानिक सी श्रेणी के दो पदों पर जुलाई 2023 में नियम कायदों को ताक में रखकर नियुक्तियां की गई। ना योग्यता का मापदंड पूरा किया गया, ना ही आरक्षण का अनुपालन किया गया। इसलिए मामले की जांच कराई जाए।


अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहेब्लिटेशन सेंटर

डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली, एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY

पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या पेशाब होने का अनुभव न होना प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं

पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ड्राइ निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आइस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टीएम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • 11 एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
पैरालाइसिस
चेहरे का लकवा
कमर में दर्द
स्लिप डिस्क
शरीर में घाव, बैड सोर
सर दर्द, माइग्रेन
जोड़ों का दर्द (गठिया)
कोहनी में दर्द
कंधों का जाम या दर्द
गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना
साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द)
घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस)
बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी)
फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न
मांसपेशियों में खिंचाव
एड़ी में दर्द
हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन
डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याऐं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

## सार-संक्षेप



जिला टेनिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### डॉ. समीर वर्मा अध्यक्ष, हेम पांडेय सचिव बने

**हल्द्वानी :** जनपद टेनिस एसोसिएशन (चैरिटेबल स्पोर्टस सोसाइटी) के पांच वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बुधवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में सेवानिवृत्त प्रोफेसर घनश्याम लाल साह की अध्यक्षता में एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। इसमें सर्व सम्मति से घनश्याम लाल साह मुख्य संरक्षक, डीएस रावत संरक्षक, डॉ. समीर वर्मा अध्यक्ष, हेम कुमार पांडेय सचिव, रजत कुमार सती कोषाध्यक्ष, विवेक अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ललित मोहन जोशी उपाध्यक्ष, हर्ष गोयल सयुंक्त सचिव, अमर जगाती उपसचिव, हिमांशु कुमार विशिष्ट सदस्य, कमल सती व नमित तिवारी सदस्य चुने गए हैं। एसोसिएशन अगले पांच वर्षों तक उत्तराखंड टेनिस एशोसियेशन के निर्देशानुसार टेनिस को प्रमोट करने का काम करेगी।



मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी।

### सिकल सेल एनीमिया का सही समय पर इलाज जरूरी

**हल्द्वानी :** वर्ल्ड सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम हुआ। जिसमें चिकित्सकों ने कहा कि सिकल सेल रोग एक जेनेटिक ब्लड डिसआर्डर है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं में कमी आने लगती है। बताया कि इस रोग से पीड़ित लोगों को दर्द, एनीमिया, संक्रमण या अन्य गंभीर समस्याएं होती हैं। सिकल सेल के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते उचित जांचें कराकर शुरुआत में ही उपचार कराना सही होता है। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गीतांजलि राठौर, द्वितीय स्थान पर विवेक प्रताप सिंह और तृतीय स्थान पर सागर राणा रहे। वहीं प्रिंसी को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्राचार्य डॉ. अरूण जोशी ने कहा कि कार्यक्रम से चिकित्सकीय गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। इस दौरान अस्पताल के एमएस डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. उमेश, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. हरीशंकर पांडे, डॉ. उषा जोशी आदि थे।



यूओयू में कार्यशाला के दौरान मौजूद विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### यूओयू में तीन दिनी कौशल विकास कार्यशाला शुरू

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में बुधवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो गई है। पहले दिन मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों के पास बहुत लचीलापन है, जिस कारण वह सभी तरह के लर्नर के लिए कोर्स डिजाइन कर सकते हैं। औद्योगिक कंपनियां व विश्वविद्यालय पार्टनरशिप में कोर्स चलाएं तो यह फायदेमंद होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि देश के समस्त मुक्त विश्वविद्यालय सकल नामांकन अनुपात का लगभग 11 प्रतिशत योगदान देते हैं। जबकि देश का सकल नामांकन अनुपात लगभग 28 प्रतिशत है, इसलिए स्किल कोर्स चलाने में मुक्त विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कार्यशाला में सीईएमसीए (सिमका) के निदेशक डॉ. बी. शद्रच ने बताया कि प्रत्येक ओपन यूनिवर्सिटी के लिए स्किल क्वालिफिकेशन कोर्स आवश्यक है। कार्यक्रम में देश के सभी 17 राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भागीदारी कर रहे हैं।

### जिले के 12 स्कूलों को मिला 41.90 लाख का बजट

**हल्द्वानी :** समग्र शिक्षा के तहत जिले के 12 स्कूलों को 41.90 लाख रुपये मिले हैं। इस बजट का उपयोग स्कूलों में फर्नीचर खरीदने, आपदा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करने, शौचालय के निर्माण या मरम्मत करने, विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर खरीदने सहित अन्य कार्यों के लिए किया जायेगा। जारी बजट के तहत जीजीआईसी हल्द्वानी को 4.74 लाख, जीजीआईसी कालाढूंगी को 4.09 लाख, जीजीआईसी कोटाबाग को 3.35 लाख, जीजीआईसी मालधनचौड़ को 3.21 लाख, एमडीएम जीजीआईसी नैनीताल को 2.71 लाख, जीजीआईसी रामनगर को 4.25 लाख, जीएचएस रीठा को 2.75 लाख, एमडीएम जीआईसी भीड़ापानी को 3.43 लाख, एमडीएम जीजीआईसी धनियाकोट को 3.09 लाख, जीआईसी हल्दूचौड़ को 3.37 लाख, एमडीएम जीआईसी हैड़ाखान को 3.12 लाख और एमडीएम जीआईसी कशियालेख को 3.73 लाख रुपये मिले हैं। समग्र शिक्षा नैनीताल के सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी ने बुधवार को इस संबंध में संबंधित बैंक को सभी विद्यालयों के एसएनएस (सोशल नेटवर्किंग साइट) खातों में लिमिट जारी करने के लिए कहा है।

# बिन पानी मुश्किल हुआ जीना, बिजली ने छुड़ाया पसीना

## राजपुरा और ब्लॉक क्षेत्र में नलकूप हुए खराब, भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे लोग, टैंकरों से भी नहीं बुझ रही प्यास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जैसे-जैसे पारा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पानी और बिजली की समस्या भी गहराती जा रही है। जनता पानी और बिजली के संकट से त्रस्त हो चुकी है। एक तरफ बारिश न होने के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर लोग पानी और बिजली के लिए तरस रहे हैं।

शहर से सटे राजपुरा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नलकूप खराब होने के कारण क्षेत्र की लगभग 15 हजार की आबादी पानी के लिए तरस रही है। कहने को जल संस्थान टैंकर से जलापूर्ति कर रहा है, मगर लोगों को 1 या 2 बाल्टी से ज्यादा पानी नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के राजेंद्रनगर, जवाहर नगर, टनकपुर रोड में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। वहीं, ब्लॉक क्षेत्र में भी नलकूप खराब होने से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नलकूप खराब होने से कालाढूंगी रोड, कठघरिया, कालिका कॉलोनी और मेहरागांव के लोग भीषण गर्मी जलसंकट का सामना कर रहे हैं। राजपुरा क्षेत्र में जल संस्थान 6 से 7 टैंकर प्रतिदिन भेज रहा है, मगर ब्लॉक क्षेत्र में 2 से 3 टैंकर ही प्रतिदिन भेजे जा रहे हैं।

जल संस्थान के एई रविंद्र कुमार ने बताया कि राजपुरा का नलकूप गुरुवार शाम तक ठीक हो जायेगा। वहीं, एई हरीश पंत ने बताया कि ब्लॉक का नलकूप ठीक होने में अभी 2 से 3 दिन और लग जाएंगे। इधर, बजूनिया हल्दू, दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर तल्ला, इंदिरानगर, गौला गेट सहित कई इलाकों में अभी भी पानी की समस्या है। विभाग प्रतिदिन 30 टैंकरों से जल संकट वाले क्षेत्रों में पानी पहुंचा रहा है।





बुधवार को राजपुरा क्षेत्र में जैसे ही टैंकर पहुंचा तो पानी भरने के लिए लोगों की भीड़ लग गई, दूसरी ओर गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे टैंकर के पानी से नहाने लगे।



टैंकर से पानी भरकर ले जाती किशोरियां।

### अघोषित बिजली कटौती से हर तरफ त्राहिमाम, दिन और रात में भी नहीं मिल रहा चैन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। जगदंबा नगर, कुल्यालपुरा, प्रगति विहार और जवाहर नगर के लोगों को सबसे ज्यादा बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। यहां दिन के समय दो से तीन घंटे की कटौती हो रही है। वहीं, रात में भी डेढ़ से दो घंटे बिजली गुल हो रही है। जिससे लोगों का घर के अंदर रहना मुश्किल हो गया है। बिजली नहीं होने के कारण नलकूप ठप पड़े हैं, जिससे लोगों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। इधर, सुभाष नगर, नवाबी रोड और सेंट पॉल स्कूल क्षेत्र में बुधवार को पौने दो घंटे बिजली कटौती रही। कालाढूंगी चौराहा में 33 केवी की लाइन में ओवरलोडिंग की समस्या के समाधान के लिए 12.5 एमवीए के दोनों परिवर्तकों को अलग-अलग किया गया। जिसमें एक को 220 केवी उपसंस्थान कमलुवागांजा से जोड़ा गया। इस कारण बरेली रोड, आजाद नगर, रामपुर रोड, बाजार क्षेत्र में आधे घंटे से अधिक बिजली कटौती रही। 12.5 एमवीए के दूसरे परिवर्तक को 132 केवी उपसंस्थान काठगोदाम से जोड़ा गया, जिससे नैनीताल रोड, स्टेशन रोड, कालाढूंगी रोड, गांधी नगर क्षेत्र में बिजली नहीं होने से लोग परेशान रहे। एचएमटी रानीबाग और गौलापार क्षेत्र में भी लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए सिंगल फेस लाइन को थ्री-फेस लाइन में बदला गया।

# बच्चों संग फरार हुई पत्नी, पति बोला-नहीं लौटी तो दे दूंगा जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**

- पत्नी की याद में युवक रोता हुआ पहुंचा कोतवाली
- पुलिस को बदन में लिखे पत्नी के नाम के टैटू दिखाए

**अमृत विचार :** एक महिला अपने बच्चों के साथ बगैर पति को बताए गायब हो गई। उसकी तलाश में रोता-रोता पति बुधवार की दोपहर कोतवाली पहुंच गया। पुलिस को अपने बदन पर लिखे पत्नी के नाम के टैटू दिखाए। बोला, वह अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता है। अगर वह वापस नहीं आई तो जान दे दूंगा। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझा कर उसे शांत कराया।

गरुड़ बागेश्वर निवासी एक युवक हल्द्वानी के एक होटल में नौकरी करता है और कोतवाली क्षेत्र में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता है। रोते-रोते कोतवाली पहुंचे युवक ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उसकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ घर से कहीं चली गई है। उसने घर में कई घंटे उसका इंतजार किया और जब वह नहीं लौटी तो तलाश शुरू की। कोतवाली में उसने पुलिस के सामने पत्नी को फोन लगाया। पत्नी फोन पर बात तो कर रही थी, लेकिन वापस आने को राजी नहीं थी। जिसके बाद उसने पुलिस को अपने शरीर पर लिखे पत्नी के नाम के टैटू दिखाए और बताया कि वह पत्नी से बहुत प्यार करता है। उसके बिना रह नहीं सकता और वह नहीं लौटी तो वह जान दे देगा। पुलिस ने उसे समझा कर शांत कराया।

## स्कूलों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) की ओर से स्कूलों में आपदा प्रबंधन और आपदा के समय बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों व खंड शिक्षा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण विशेषज्ञ जेसिका टेरोन ने स्कूलों को आपदा प्रबंधन प्लान बनाने को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनडीएमए और यूएसडीएमए के सख्त निर्देश हैं कि सभी स्कूलों का आपदा प्रबंधन प्लान होना चाहिए। टेरोन ने कहा कि प्रत्येक स्कूल में आपदा प्रबंधन समिति होनी चाहिए, जिसमें सभी सदस्यों की भूमिकाएं भी निर्धारित होनी चाहिए, ताकि आपदा के समय किसी तरह के भ्रम की स्थिति न रहे।

# दिनदहाड़े तोड़ा लॉकर, जेवर छोड़ भागी चोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े स्कूटी सवार महिला एक घर में घुस गई और लॉकर तोड़ दिया। उसने जेवर भी समेट लिए, लेकिन तभी मकान मालकिन की नजर पड़ गई। महिला ने जेवर से भरा थैला वहीं फेंका और अपनी स्कूटी छोड़कर भाग खड़ी हुई। उसे पकड़ा, लेकिन शातिर धक्का देकर भाग गई।

बिठौरिया नंबर एक विकासनगर बैंक कॉलोनी मुखानी निवासी दीपक जोशी मुखानी थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। वह यहां पूरे परिवार के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह दीपक मेडिकल स्टोर में थे और घर में उनकी मां थीं। दोपहर में दीपक खाना खाने आए और कुछ देर बाद चले गए। कुछ देर बाद दीपक की मां पहुंची तो देखा की दरवाजा खुला था। वह अंदर गईं तो एक महिला लॉकर से जेवर चोरी करती दिखी। उन्होंने शोर मचाते हुए महिला को पकड़ने की कोशिश, लेकिन महिला उन्हें धक्का देकर भाग गई। उसके हाथ में जेवर से भरी थैली थी, जो वहीं गिर गई। महिला के साथ दो युवक बाहर से खड़े थे। पकड़े जाने के डर से वह अपनी स्कूटी भी छोड़ गई। मुखानी पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में ले लिया है और फुटेज के आधार पर महिला चोर की तलाश शुरू कर दी है।



चोरी के असफल प्रयास के बाद घर से भागती महिला सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद।





इसी स्कूटी से दो युवकों के साथ घर में चोरी करने आई थी महिला।

# दिल्ली से लालकुआं पहुंची लाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**लापरवाही**

- लालकुआं स्टेशन पहुंचने पर संपर्क क्रांति से उतारा गया युवक का शव

**अमृत विचार :** संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सवार एक यात्री की मौत हो गई। उसकी लाश कोच में ही पड़े-पड़े दिल्ली से लालकुआं पहुंच गई। जानकारी होने के बाद भी तमाम रेलवे स्टेशन से गुजरने के बावजूद रेलवे पुलिस ने लाश कोच से नहीं उतारी। लालकुआं में शव उतारा गया, जिसके बाद जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दिल्ली से हल्द्वानी के लिए निकली थी। इस ट्रेन में मोहल्ला बंजारन नवाबगंज बरेली उत्तर प्रदेश निवासी मो. मुस्तकीम पुत्र अलीम भी सवार था। ट्रेन मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची तो एक यात्री की नजर कोच में पड़े युवक पर पड़ी। उसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। जिसके बाद यात्री ने रेलवे के टोल फ्री नंबर 139 पर कोच में युवक के बेसुध पड़े होने की सूचना दी। सूचना के बावजूद मुरादाबाद रेलवे पुलिस मौके पर नहीं पहुंची और ट्रेन शव के साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से निकल गई। अब तक कोच में पड़े युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। ट्रेन रामपुर में रुकी और फिर रुद्रपुर रेलवे स्टेशन में भी रुकी, लेकिन शव तक रेलवे पुलिस नहीं पहुंची। लालकुआं पहुंचने पर ट्रेन के गार्ड ने मेमो देकर लाश को लालकुआं रेलवे पुलिस के सुपुर्द किया। जिसके बाद जीआरपी लालकुआं ने कोच में पूछताछ की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। आधी रात के बाद मृतक की शिनाख्त मोहम्मद मुस्तकीम के रूप में हुई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि रामपुर पहुंचने तक युवक की सांस चल रही थी। अगर समय रहते उसे उपचार मिलता तो जान बच सकती थी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**शिक्षा** | परीक्षा परिणाम देरी से जारी होने के कारण उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षार्थी प्रवेश से रह सकते हैं वंचित

# इंटरमीडिएट में बैक वाले छात्रों को नहीं मिलेगा स्नातक में प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंटरमीडिएट में जिन छात्र-छात्राओं की बैक आई है, उन्हें अभी तक प्रवेश नहीं मिल पाया है। जिस कारण छात्र प्रवेश को लेकर चिंतित हैं। इंटर में बैक वाले छात्रों की परीक्षा जुलाई माह में होगी और परीक्षा परिणाम देरी से आएगा।

एमबीपीजी कॉलेज की प्रवेश समिति के अनुसार बैक परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम देरी से जारी होने के कारण छात्र प्रवेश से वंचित रह सकते हैं। कई छात्र-छात्राओं ने अपीयरिंग के तौर पर पंजीकरण तो किया है, लेकिन अंकपत्र नहीं मिलने के कारण वह प्रवेश नहीं ले पाएंगे। सीबीएसई के छात्रों का परीक्षा परिणाम कई बार प्रवेश चालू होने के दौरान आ जाता है, जिससे उन्हें प्रवेश का मौका मिल जाता है।

मगर उत्तराखंड बोर्ड के बैक परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम देरी से आने के कारण वह प्रवेश नहीं ले पाते हैं। एमबीपीजी कॉलेज के प्रवेश प्रभारी अमित सचदेव ने बताया कि जुलाई माह में समर्थ पोर्टल पर फिर से पंजीकरण शुरू होने से सीबीएसई के छात्रों को प्रवेश का मौका मिल सकता है, लेकिन उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षार्थियों को देरी से परीक्षा परिणाम जारी होने के कारण प्रवेश से वंचित रहना पड़ सकता है। पिछले साल भी बैक वाले कई छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाया था। इस साल भी बैक वाले छात्रों को अपना साल बर्बाद होने का डर सता रहा है। समर्थ पोर्टल को जुलाई माह में पंजीकरण के लिए फिर से खोले जाने पर भी उन्हें प्रवेश मिलना मुश्किल है।



एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए पहुंचे छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों की जांच करते शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### आज प्रवेश का आखिरी मौका

एमबीपीजी कॉलेज में बुधवार को 313 प्रवेश हुए। इसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 173, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 70, बीएससी प्रथम पीसीएम प्रथम सेमेस्टर में 39 और बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर में 31 प्रवेश हुए। कॉलेज में अब तक 1991 प्रवेश हो चुके हैं। गुरुवार को कॉलेज में प्रवेश का आखिरी दिन है। इसके बाद 21 जून से 10 जुलाई तक कॉलेज ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण बंद रहेगा।

## सार-संक्षेप


जसपुर की लकड़ी मंडी के पास झाड़ियों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

### लकड़ी मंडी के पास झाड़ियों में लगी आग

**जसपुर :** लकड़ी मंडी के पास झाड़ियों में आग लगने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में दो फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पहुंची। आग लकड़ी मंडी से सटे खाली प्लॉट में खड़ी झाड़ियों में लगी थीं। इसके पास ही विद्युत ट्रांसफार्मर व लकड़ियों का ढेर था। फायर यूनिट ने आग को फैलने से रोका व पूर्ण रूप से बुझाया। इस दौरान फायर यूनिट एलएफएम रमेश चंद्र, चालक संदीप कुमार, संविदा चालक गोपाल प्रसाद, एफएम जीवन चंद्र , शैलेंद्र गोसाई, देवेंद्र सिंह, सुरेश लाल व सागर सिंह आदि शामिल रहे।

### सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल हो गए।ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी कपिल मंगलवार की देर रात बाइक पर बैलपड़ाव की तरफ से घर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच बैलपड़ाव-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर बन्नाखेड़ा बल्ली के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक के साथ रोड पर फिसलकर दूर तक घिसटता हुआ चला गया। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल हुए कपिल को आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। दूसरी घटना में ग्राम पंचायत हजीरा निवासी राजपाल बाइक पर कहीं जा रहा था। बुधवार सुबह कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच मुख्यमार्ग पर सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में वह बाइक समेत गिर कर घायल हो गया। राजपाल ने बताया कि कुछ दिन पहले भी वह सड़क हादसे में घायल हो गया था जिसका उपचार करवाने के लिए बाजार जा रहा था और यह हादसा हो गया जिससे पूर्व में लगी चोट में फिर से चोट लग गई है।

### रामनगर-दिल्ली की सात बसें पूरा कर रहीं लक्ष्य

**काशीपुर :** सूरज की तपिश से आमजन बेहाल है। इस कारण लोग घरों से कम निकल रहे हैं। गर्मी के चलते रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या में भी गिरावट आ रही है। यात्रियों के अभाव में कई रूट की बसें खाली दौड़ रही हैं। लेकिन काशीपुर डिपो की रामनगर से दिल्ली चलने वाली सात बसें ही रोडवेज की रोजाना की इनकम का लक्ष्य पूरा कर रही हैं। इन बसों में सवारियों की भरमार से रोडवेज को नुकसान नहीं उठाना पड़ रहा है। हालांकि अन्य रूटों पर बसें खाली दौड़ने से एक तरह का नुकसान भी हो रहा है। तपती गर्मी में हर रोज तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह व शाम को जरूरी कार्यों को निपटा रहे हैं। दोपहर को मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहता है। गर्मी के चलते रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की संख्या काफी कम हो गई है। जिससे रोडवेज को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। बावजूद इसके काशीपुर डिपो की रोजाना की इनकम को सात बसें मिलकर पूरा कर रही है। एआरएम अनिल कुमार सैनी ने बताया कि रोडवेज की रामनगर-दिल्ली रूट पर यात्रियों की कमी नहीं है। इस रूट पर डिपो की सात बसें चल रही हैं, जो डिपो का रोजाना की इनकम के लक्ष्य को पूरा कर दे रही हैं। अन्य रूटों लगी बसों को गर्मी के कारण पर्याप्त सवारियां नहीं मिल पा रही है। जिससे इन रूटों पर आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### दुराचार के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**किच्छा :** पुलभट्टा पुलिस की टीम ने दुराचार के फरार चल रहे आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता द्वारा वार्ड 17, बंगाली कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह उर्फ सिकंदर के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर पुलभट्टा थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रिनी चौहान, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह एवं चारु पंत की टीम ने आरोपी बलविंदर सिंह को गौला पुल कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।


खटीमा के बिगराबाग में लगे कैंप में बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डॉ. शैलजा।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम कैंप संपन्न

**खटीमा :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, पंचायत, एचबी और समाज कल्याण विभाग की ओर से पंचायतघर बिगराबाग में एनीमिया कैंप आयोजित किया गया। कैंप में सीएमओ कार्यालय से डॉ. राजेश आर्या, आरबीएस के मैनेजर जावेद ने कैंप का निर्देशन किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा पांडे ने स्वास्थ्य जांच की। आरकेएसके काउंसलर विजेता पांडे, सीएचओ नेहा, कविता, सोनम राना, अजय, एएनएम मौसमी राना, आशा ममता मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर महोदय, धारी जनपद नैनीताल**

राजस्व वाद संख्या:-22/135 वर्ष 2024

वादी/प्रार्थी - मनोहर सिंह पुत्र टीका सिंह निवासी ग्राम-शसबनी, पट्टी सुन्दरखाल, तहसील धारी, जिला नैनीताल।

बनाम

प्रतिवादी - सरकार उत्तराखण्ड एवं अन्य

समन बनाम् प्रतिवादीगण खाता संख्या:-005

1. कमाण्डर सिंह, अनिल नयाल पुत्र हिम्मत सिंह। 2. राधिका देवी पत्नी हिम्मत सिंह। 3. रमेश सिंह पुत्र आनन्द सिंह। 4. देवकी देवी पत्नी महेश सिंह। 5. पानसिंह पुत्र लछमसिंह। 6. लीला देवी पत्नी लछमसिंह। 7. आन सिंह, लाल सिंह, भवान सिंह, गणेश सिंह, रघुनाथ सिंह पुत्र प्रेमसिंह। 8. कमाण्डर सिंह पुत्र हिम्मत सिंह। 9. अनिल नयाल पुत्र हिम्मत सिंह। 10. राधिका देवी पत्नी हिम्मत सिंह। 11. रमेश सिंह पुत्र आन सिंह। 12. टीक सिंह पुत्र प्रेम सिंह। 13. भूपेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह पुत्र नारायण सिंह। 14. सुरेश सिंह, मोहन सिंह, पुत्र जगत सिंह। 15. तारा सिंह, डुंगर सिंह, यशवन्त सिंह पुत्र तेज सिंह। 16. कलावती देवी पत्नी तेज सिंह। 17. सचिन नयाल पुत्र भवान सिंह। 18. कमला देवी पत्नी भवानसिंह। 19. दिनेश चन्द्र जोशी पुत्र अम्बादत्त। 20. मनीष कुमार पुत्र जय भगवान।

आपको सूचित किया जाता है कि वादी मनोहर सिंह पुत्र टीका सिंह निवासी ग्राम-शसबनी, पट्टी सुन्दरखाल, तहसील धारी, जिला नैनीताल के द्वारा एक वाद इस न्यायालय में धारा 143 ज०वि० एवं भू०सू०अधि० अन्तर्गत वास्ते भूमि अकृषक हेतु दायर किया गया है जिसे इस न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है उक्त वाद में आपत्ति हेतु दिनांक 26-06-2024 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त नियत तिथि दिनांक 26-06-2024 को इस न्यायालय में प्रातः 10:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त मामला एकतरफा सुना व निर्गत किया जायेगा।

दिनांक 18-06-2024

रीडर
न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर / उप जिलधिकारी धारी।

# साल बोझी में लगातार दूसरे दिन अतिक्रमण हटाया

## नौ रेंजों से पहुंचे वनकर्मियों ने की कार्रवाई, लोगों ने वन भूमि से खुद हटाया अतिक्रमण, आज भी वन कर्मी अवैध निर्माणों को तोड़ेंगे


खटीमा में अतिक्रमण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार


खटीमा की साल बोझी में अतिक्रमण हटाने के दौरान मौजूद वनकर्मी। ● अमृत विचार

कार्रवाई

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** वन विभाग की टीम ने साल बोझी नंबर एक में लगातार दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में वनकर्मियों के साथ आरक्षित वन भूमि से अतिक्रमण हटवाया। मंगलवार देर रात्रि तक उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद बुधवार को अतिक्रमणकारी स्वयं अतिक्रमण हटाते रहे।

वन प्रभाग की उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा के नेतृत्व में खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी व नौ रेंजों से पहुंचे वनकर्मी बुधवार को दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटवाने में लगे रहे। लकड़ी व्यवसायी पूरे दिन अतिक्रमण हटाते रहे। इस संबंध में पूछने पर एसडीओ संचिता वर्मा ने कहा कि 20 तक अतिक्रमण अभियान जारी रहेगा। इस दौरान धन सिंह अधिकारी, भैरव सिंह बिष्ट, जागेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### आशंका: अतिक्रमण हटाने की दहशत से महिला की मौत

**खटीमा :** देर रात्रि मिली जानकारी में साल बोझी नंबर एक निवासी मलका देवी पत्नी दयाराम की मौत का मामला सामने आया है। लकड़ी व्यवसायियों और मृतका के परिजनों का आरोप है कि वन विभाग द्वारा उन्हें उजाड़े जाने की दहशत में महिला की मौत हुई है। अलबत्ता परिजनों ने मृतका का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। इस संबंध में पूछे जाने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने कहा कि जिधर अतिक्रमण हटाया गया वहां की यह घटना नहीं है।

### रोजगार देने के बजाय छीन रही है सरकार : कापड़ी



खटीमा : उपनेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी ने लकड़ी व्यवसायियों सहित उसमें काम करने वाले लोगों का रोजगार छीनने की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को रोजगार देने के बजाय उनका रोजगार छीनकर बेरोजगार बना रही है। उन्होंने कहा कि 5-6 दशक से लोग साल बोझी में रहकर अपना रोजगार चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। उन्हें बेघर किया जा रहा है। यह भी कहा की इस कारवाई से लकड़ी व्यवसाई ही नहीं उसमें काम करने वाले मिस्त्री, मजदूर सभी बेरोजगार और बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि महिला की मौत हुई है। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए।


वन भूमि पर चल रहे लकड़ी के कारोबार को हटाते वन कर्मी। ● अमृत विचार

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने लगाई छबील

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं और राहगीरों को शरबत पिलाया। चारुबेटा गांव में कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव किशोरी देवी के आवास के समक्ष मुख्य मार्ग पर कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर और पीसीसी राजू सोनकर ने छबील लगाकर मां पूर्णागिरि को जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही राह चलते राहगीरों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर राम प्रकाश ठाकुर, तरुण सोनकर, रोहित सोनकर, सोनू सोनकर, शंभू सोनकर, शुभम सोनकर, आमोद यादव, नरेंद्र राणा आदि मौजूद थे।


खटीमा के चारुबेटा गांव में राहगीरों को शरबत पिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता।


किच्छा में फल वितरित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किच्छा में धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**किच्छा :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर महिला कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने मिष्ठान एवं फल वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप के नेतृत्व में तमाम महिलाओं ने जन्मदिन मनाया। मौके पर शीला कश्यप, संतोष सक्सेना, वंदना यादव, छाया विश्नोई, तुलसी देवी, मीना सिंह, ममता देवी, कलावती आदि मौजूद रहे। इधर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित किए। इस मौके पर ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा, बंटी पपनेजा, गुलशन सिंधी, एन यू खान, मिसवाल कुरैशी, धर्मेंद्र सिंधी, विनोद मौर्य, राजेश राठौर आदि मौजूद रहे।

### केलाखेड़ा में मामूली बात को लेकर मारपीट

**बाजपुर:** केलाखेड़ा में मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। मोहल्ला फिदानगर केलाखेड़ा निवासी सद्दाम ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि टांडा डालचंद निवासी फिरोज व विक्की मोहल्ले में लड्डू बांट रहे थे। आरोप है कि लड्डू बांटने का कारण पूछने पर दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो हमलावर हो गए और बेरहमी से उसकी पिटाई की गई। वहीं दूसरे पक्ष के असलम (42) ने भी तहरीर दी है जिसने सद्दाम पर लड्डू बांटने के दौरान तंज कसने तथा बुधवार को मामला निपटाने के लिए बात करने जाने पर रास्ते में बाइक रोक कर असलम व उसके भतीजे रहीश के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# अगले माह तक तैयार होंगे पिंक टॉयलेट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर और काशीपुर में निर्माणाधीन पिंक टॉयलेट का निर्माण जुलाई में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद इन शौचालयों को महिलाओं के उपयोग के लिए शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शौचालयों में महिला स्वच्छक की तैनाती भी की जाएगी।

जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की 17वीं बोर्ड बैठक में रुद्रपुर और काशीपुर में पिंक टॉयलेट का प्रस्ताव पास किया था। इसके तहत नैनीताल रोड स्थित रोडवेज बस स्टेशन के पास करीब 72 वर्ग मीटर और काशीपुर में एमपी चौक के पास करीब 86 वर्ग मीटर चिह्नित जमीन पर इन टॉयलेटों का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। हालांकि अभी यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। करीब 60 लाख की लागत से इन पिंक टॉयलेटों का निर्माण कराया जा रहा है।

वहीं विगत दिनों डीडीए की 18वीं बोर्ड बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने डीडीए के अधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाने के साथ ही समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद डीडीए ने पिंक टॉयलेटों के निर्माण में तेजी लानी शुरू कर दी है। डीडीए के अधिकारियों के अनुसार जुलाई माह तक इन टॉयलेटों को पूर्ण कर महिलाओं के उपयोग के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

**जनसुविधा**

- **महिलाओं की सुरक्षा के लिए टॉयलेट में तैनात होंगी महिला स्वच्छक**
- **करीब 60 लाख की लागत से तैयार किये जा रहे हैं पिंक टॉयलेट**




महिलाओं की सुविधा के लिए रुद्रपुर में बस स्टेशन के पास और काशीपुर में एमपी चौक के पास पिंक टॉयलेट का निर्माण कराया जा रहा है। अगले माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के बाद इसे महिलाओं के उपयोग के लिए शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही टॉयलेट में महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला स्वच्छक की तैनाती भी की जाएगी।
**-अभिषेक रुहेला**, उपाध्यक्ष, जिला विकास प्राधिकरण

कार्यकारिणी विस्तार

**रक्षपाल सिंह महामंत्री, अजमेर बने कोषाध्यक्ष, पांच सदस्यीय कमेटी की देखरेख में हुआ गठन**

# गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गोल मार्केट के प्रीतम बने प्रधान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की मुख्य गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गोल मार्केट प्रबंधन कमेटी की कार्यकारिणी का विस्तार सर्वसम्मति के साथ हुआ। जहां पांच सदस्यीय संचालन कमेटी ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को सरोपा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद प्रीतम सिंह को प्रधान, रक्षपाल को महामंत्री और अजमेर सिंह को कोषाध्यक्ष का दायित्व देते हुए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

बुधवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गोल मार्केट सभागार में एक बैठक आयोजित हुई। जहां जसपाल सिंह भट्टी, सुरमुख सिंह विर्क, रामसिंह बेदी, हरविंद्र सिंह हरजी और डॉ. मनमोहन सिंह की मौजूदगी में कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा हुई। चुनाव संचालन समिति के मध्य सर्वसम्मति से कार्यकारिणी बनाने का प्रस्ताव गया। इसके बाद प्रीतम सिंह चावला को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष, गुरमीत सिंह बठला को उपाध्यक्ष, रक्षपाल सिंह को महामंत्री, हरजीत सिंह विर्दी को उप महामंत्री, अजमेर सिंह को कोषाध्यक्ष, अमनदीप सिंह को स्टेज संचालक बनाया गया। इसके अलावा जीत सिंह चाचू, प्रीतम सिंह कालड़ा, लखविंदर सिंह, उपकार सिंह बेदी, कुलवंत सिंह, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, सरनजीत सिंह, रजिंद्र सिंह पिंकी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी का विस्तार होने के बाद नव मनोनीत पदाधिकारियों को सरोपा व पटका देकर सम्मानित किया गया।


गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रबंधक कमेटी के नवमनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### अध्यापक की मौत के मामले में ट्रक चालक पर मुकदमा

**जसपुर :** सड़क दुर्घटना में हुई अध्यापक की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव अंगदपुर निवासी अध्यापक शक्ति सिंह की सड़क दुर्घटना में उस समय मौत हो गई थी, जब वे 11 जून की शाम को धर्मवीर डिग्री कॉलेज सुल्तानपुर दोस्त, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे थे। मृतक के परिजनों ने घटना के संबंध में दी तहरीर में कहा कि ट्रक के चालक तनवीर अहमद निवासी ग्राम रेहड़, बिजनौर ने लापरवाही से शक्ति सिंह को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

### तीसरे दिन भी जारी रहा श्रमिकों का प्रदर्शन

**काशीपुर :** काशीपुर के कुंडेश्वरी स्थित दवा फैक्ट्री के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन से जल्द ही पीएफ और ईएसआई जमा की है। मांगें पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बीते सोमवार को कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित एक दवा फैक्ट्री में श्रमिकों ने प्रबंधन से ईएसआई व पीएफ को जमा करने की बात कही, इस पर फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद से ही श्रमिक फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ धरने पर हैं।

### घर के बाहर शराब बेच रहे व्यक्ति को दबोचा

**काशीपुर :** मंडी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरवरखेड़ा में एक घर के बाहर शराब बेच रहे शिव कॉलोनी निवासी जोगा सिंह को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने करीब 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में मंडी चौकी प्रभारी मनोहर सिंह व कांस्टेबल सुमित पंवार शामिल रहे।

### एसडीएम कोर्ट के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**काशीपुर :** एसडीएम कोर्ट के बाहर से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। सुभाष नगर, शुगर फैक्ट्री के सामने निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 जून को वह अपने बड़े भाई की बाइक लेकर कोर्ट गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक एसडीएम कोर्ट के सामने खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद बाद जब वह वापस आया, तो देखा बाइक वहां से गायब थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की बाइक पर भी किया था हमला, आबादी वाले क्षेत्र में लगातार नजर आ रहा बाघ, दहशत में चकरपुर के लोग

# बाघ ने एक महीने के अंतराल में दो वृद्धों को बनाया शिकार

दहशत

**ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा**

**अमृत विचार :** चकरपुर क्षेत्र में एक महीने के अंतराल में बाघ ने हमला कर एक और वृद्ध को अपना शिकार बना लिया है। दोनों हमलों में मांस को खाए जाने को लेकर बाघ के नरभक्षी होने की आशंका जताई जाने लगी है। वन विभाग बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी में है।

21 मई को उत्तरी बनबसा कंपार्टमेंट संख्या आठ से बूढ़ाबाग निवासी रामरेशी राणा (70) पुत्र तनई सिंह का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। उसके शरीर के अंगों को बाघ द्वारा खा लिया गया था। इस घटना के करीब एक माह बाद बुधवार सुबह बूढ़ाबाग से सटे गांव खेतलसंडा मुस्तजार निवासी प्रेम चंद को बाघ ने वनखंडी महादेव मंदिर के पीछे उस समय अपना शिकार बना डाला जब वह साइकिल से चकरपुर जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और वन कर्मियों ने शव को बाघ के कब्जे से छुड़वाया। इन दो बड़ी घटनाओं के साथ ही बाघ ने एक दिन मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की बाइक पर हमला कर दिया था लेकिन पीछे अन्य श्रद्धालुओं के आ जाने से वह बच गया था। वहीं आबादी वाले क्षेत्र में अक्सर बाघ देखे जाने की खबरें निरंतर आ रही हैं। बावजूद वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।


खटीमा के चकरपुर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर के पास मौके पर एकत्र हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बाघ के नरभक्षी होने की आशंका, पकड़ने की तैयारी

**खटीमा :** उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने कहा कि चकरपुर क्षेत्र में बाघ के हमलों की दोनों घटनाएं एक जैसी हैं। इसमें बाघ द्वारा मृतकों के शरीर के मांस को खाया गया है। बाघ के नरभक्षी होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इससे इंकार नहीं किया सकता है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है की क्या दोनों घटनाओं को एक ही बाघ ने अंजाम दिया है। एसडीओ वर्मा ने कहा कि जांच के साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि घटना स्थल के सैंपल, मृतक के कपड़े कब्जे में लिए हैं।

### पथराव प्रकरण में नामजद एक आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर:** मुड़िया पिस्तौर में हुई मारपीट व पथराव प्रकरण में नामजद एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। आरोपी के कब्जे से एक तलवार भी बरामद की है। कोतवाली में मामले का पर्दाफाश करते हुए सीओ अन्न राम आर्य ने बताया कि वार्ड नंबर-5 मुड़िया पिस्तौर निवासी मोहम्मद आसिफ की ओर से सात लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी थी कि लाठी-डंडों व तलवार के साथ एकत्र होकर उसके घर पर पहुंचकर गाली-गलौज व मारपीट की तथा पथराव भी किया गया। पुलिस ने आरोपी वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर निवासी जुनैद अली को मुड़िया पिस्तौर कब्रिस्तान गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# प्लांट लगाने के नाम पर उद्यमी से 80 लाख ठगे

## तेलंगाना हैदराबाद के हैं दोनों आरोपी साझेदार, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

ठगी



**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में अर्क का प्लांट लगाने के नाम पर शहर के उद्यमी से लाखों रुपये की हेराफेरी कर धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले दोनों साझेदारों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर ठगी करने की साजिश रची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से रुद्रपुर मेट्रोपोलिस कॉलोनी व हाल निवासी वसंत विहार दिल्ली के रहने वाले गौरव लटवाल ने बताया कि उसकी मुलाकात एमएलए कॉलोनी रोड तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी से हुई। उन्होंने रुद्रपुर में अर्क निकालने का प्लांट डालने का प्रस्ताव रखा और कारोबार में साझेदार बनने की बात कही। कारण दोनों ही व्यक्ति आर्थिक रूप से बेहद मजबूत हैं और कारोबार की अच्छी जानकारी भी थी तो उसने पार्टनरशिप में कारोबार प्रारंभ करने का निर्णय लिया।

कई बैठकों के बाद उन्होंने रुद्रपुर किच्छा रोड पर एक्सट्रेक्शन प्लांट लगाने का निर्णय लिया। इसके चलते दोनों ही व्यक्तियों ने तेलंगाना हैदराबाद स्थित साझेदार खाते में दस लाख रुपये का भुगतान शुरू किया और 1.21 करोड़ धनराशि का प्रोजेक्ट तैयार हुआ। आरोप था कि पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी द्वारा दबाव बनाने पर उसने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर उनके खाते में 1.91करोड़ की धनराशि जमा करवाई। इसी दौरान आरोपी साझेदारों ने मुंबई की एक कंपनी से उच्च गुणवत्ता वाला विलायक निष्कर्षण संयंत्र खरीदने का ऑर्डर दिया।

आरोप था कि बार-बार मोटी रकम के भुगतान के बाद जब उसे संदेह हुआ तो उसने आर्डर व प्लांट में साझेदार बनने का पता लगाया तो पता चला कि साझेदारों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर निष्कर्षण संयंत्र को महंगे दामों में दर्शाया, जबकि उसकी वास्तविक जीएसटी सहित कीमत 95 लाख थी। जिस पर उद्यमी ने जबाब मांगा तो साझेदार टालमटोल करने लगे। उद्यमी ने पार्टनरों पर फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लांट लगाने के नाम पर 80 लाख से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी साझेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### मुंबई संयंत्र फैक्ट्री में जाकर हुआ खुलासा

**रुद्रपुर :** शहर के कारोबारी गौरव पर जब साझेदारों ने विलायक निष्कर्षण संयंत्र की खरीद पर कई बार कीमत को बदला तो कारोबारी गौरव को संदेह हुआ। जब उन्होंने चेंबूर नाका मुंबई स्थित मेसर्स न्यू टैक इक्विमेंट के स्वामी से मुलाकात की तो पता चला कि संयंत्र की खरीद जीएसटी सहित 95 लाख की है, जबकि पावर थर्म नाम की फर्म ने दो मशीनों का ऑर्डर दिया है। जब इस संबंध में कारोबारी ने साझेदारों से सवाल किया तो गोलमोल जवाब देने लगे। तब जाकर मामले का खुलासा हुआ।

### दो साल में बढ़ती रही पार्टनरशिप की धनराशि

**रुद्रपुर :** तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले आरोपी पीएनआर रेड्डी व अशोक रेड्डी इतने शातिर थे कि पहले उन्होंने अपनी कारोबार की खूबियां गिनाईं और 25 फीसदी साझेदार होने का प्रलोभन देकर गौरव लटवाल के हिस्से में 1.21 करोड़ की धनराशि डाली और दो साल के अंदर यह राशि बढ़ते-बढ़ते 1.91 से भी अधिक हो गई। दो साल में कारोबार में कोई रकम नहीं लगाने के बाद ही शिकायतकर्ता को संदेह होने लगा था।

### गौरव से रकम लेकर बेटे की फर्म में लगा दिया

**रुद्रपुर :** कारोबारी से धोखाधड़ी प्रकरण में तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी ने पहले रुद्रपुर के गौरव को अर्क प्लांट के नाम फंसाया और 1.21 करोड़ की साझेदारी गौरव पर डाली। बाद में पता चला कि आरोपियों ने एक पार्टनरशिप उसके साथ की थी, जबकि दूसरी पावर थर्म इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व पीएनआर रेड्डी और उनके बेटे अशोक रेड्डी के पास है। आरोप था कि आरोपियों ने उसका सारा पैसा अपने बेटे की फर्म पर लगा दिया और पावर थर्म से खरीद का वर्क ऑर्डर भी बेटे की फर्म को दिया।

### ट्रिपल एलायंस खाते पर रखा नियंत्रण

**रुद्रपुर :** हैदराबाद के आरोपी साझेदार ने 80 लाख से अधिक की धोखाधड़ी एक सोची समझी साजिश के तहत किया था, क्योंकि प्लांट खोलने का निर्णय होते ही सबसे पहले दोनों ही आरोपियों ने ट्रिपल एलायंस नाम से साझेदारी का खाता हैदराबाद तेलंगाना स्थित बैंक में खोला जो कि पीएनआर रेड्डी व अशोक रेड्डी के नाम पर दर्ज है और सारा भुगतान अपने खाते में करवाया और उसी खाते का पैसा अपने बेटे की नई फर्म पर लगा दिया। वर्तमान में भी खाते पर नियंत्रण दोनों ही आरोपियों का है।

# चालक को डांटने का वीडियो बनाने पर भड़के कोतवाल

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** विधि विज्ञान प्रयोगशाला के सरकारी वाहन चालक को डांटने का वीडियो बनाने से कोतवाल भड़क गए। कोतवाल ने वीडियो बना रहे रिपोर्टर का मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट करवा दी। जबकि सरकारी वाहन का चालक सिपाही बार-बार कोतवाल से कार्रवाई की गुहार लगाता रहा। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी सिटी ने प्रकरण की जांच सीओ सदर को सौंप दी है।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला की यूनिट में सरकारी गाड़ी चालक भूपेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मिट्टी के ठेकेदार के ट्रक द्वारा सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने की तहरीर दी थी। पिछले तीन दिनों से कोतवाली के चक्कर काट रहा था। बुधवार को भी चालक कोतवाली पहुंचा और कोतवाल से कार्रवाई की मांग करने लगा। इसे देखकर कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने चालक को डांटना शुरू कर दिया। जिसे देख वहां खड़े सांध्य दैनिक समाचार पत्र के रिपोर्टर ने मोबाइल निकालकर वीडियो बनानी शुरू कर दी।

यह देखकर कोतवाल का पारा चढ़ गया और कोतवाल ने रिपोर्टर का मोबाइल छीनकर सिपाही को सौंप दिया और वीडियो डिलीट कर दी। साथ ही रिपोर्टर से अभद्रता करने की भी चर्चा है। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी मनोज कत्याल ने प्रकरण की जांच सीओ सदर निहारिका तोमर को सौंप दी और आदेशित किया कि कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालकर प्रकरण की जांच की जाए।

मामला

- सांध्य दैनिक संवाददाता का छीना मोबाइल
- सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त करने का था मामला

विधि विज्ञान प्रयोगशाला के सरकारी वाहन चालक की सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस प्रकरण में जांच कर क्षतिपूर्ति या फिर कार्रवाई करने की दिशा में कार्य कर रही थी। बावजूद चालक द्वारा बार-बार कार्रवाई नहीं करने का आरोप-प्रत्यारोप लगा रहा था। फटकार लगाना उनका विभागीय मामला है। ऐसे में वीडियो बनाना गलत है।
**-धीरेंद्र कुमार**, कोतवाल रुद्रपुर

# आपसी रंजिश को लेकर मारपीट

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** आपसी बात को लेकर चली आ रही रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जमकर चले लाठी-डंडे में दोनों पक्षों के 6 लोगों के चोटें आई हैं।

ग्राम चकरपुर निवासी रमेश व बिजेंद्र के परिवार में पुरानी रंजिश चली आ रही है। बताया जाता है कि बुधवार को दोनों पक्षों में आमना-सामना हो गया और उनमें गाली-गलौज के साथ ही तनातनी हो गई तथा देखते ही देखते लाठी-डंडे व धारदार हथियार चल निकले। इसमें एक पक्ष के रमेश, दीपक, दीपू, रवि, विष्णु तथा दूसरे पक्ष के आनंद मंडल पुत्र अनादि मंडल के चोटें आई हैं। उन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। एक पक्ष के रमेश ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह करीब 11 बजे पुत्र दीपक अपने दोस्त देबू के साथ बाजार से घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी बिजेंद्र व उसके परिवार के महिला-पुरुषों ने रास्ते में अचानक घेर लिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से तहरीर देकर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।


बाजपुर कोतवाली में हंगामा करते घायल लोग। ● अमृत विचार

### टायर फटने से बोलेरो पलटी, आठ घायल

**खटीमा :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर टायर फटने से अनियंत्रित होकर बोलेरो के पलट जाने से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। रीठा साहिब के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो का जगबूड़ा पुल के पास अचानक टायर फट गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो पलट गई। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और 108 को सूचना दी। इससे घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें झारखण्ड निवासी बलविंदर सिंह (55) और जलजीत कौर (52), सतविंदर कौर (24), एकल (4), बिलासपुर निवासी चंचल कौर (19) और सुरविंदर कौर को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि सीमा कौर व हनी सिंह को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. मिथुन विश्वास ने बताया कि नागरिक अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत सामान्य है।

# सड़क हादसे में सिडकुल कर्मी की मौत

घटना

- ड्यूटी पर जा रहा था युवक, शव पोस्टमार्टम को भेजा


सिडकुल कर्मी मुकेश पाल।

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** मंगलवार की देर शाम ड्यूटी से घर लौट रहे सिडकुल कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

मूल रूप से गांव मुड़वारा बहेड़ी बरेली व हाल निवासी दूधिया नगर का रहने वाला 38 वर्षीय मुकेश पाल अपने परिवार के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति वह सिडकुल कंपनी से ड्यूटी पर जा रहा था और जैसे ही टुकटुक से उतरकर सड़क पार कर रहा था। अचानक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी और फिर फरार हो गया।

आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत

बाजपुर : तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। ग्राम पोपुरी बरहैनी निवासी शंकर सिंह (40) पुत्र जीत सिंह राजमिस्त्री का कार्य करता था। बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे वह बरहैनी से पैदल ही अपने घर की ओर जा रहा था। इसी बीच ग्राम बरहैनी के नजदीक तेज रफ्तार बाइक चालक ने शंकर को अपनी चपेट में ले लिया। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से शंकर को तुरंत उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। मृतक के पिता जीत सिंह की ओर से अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हंगामा — टाइल्स रोड का स्थानीय लोगों ने किया था विरोध, विधायक अरोरा के हस्तक्षेप के बाद बनी सहमति

# अब आवास विकास में बनाई जाएगी सीसी रोड

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** राज्य योजना से स्वीकृत आवास विकास जगतपुरा मोड़ से शिव शक्ति मंदिर होते हुए अटरिया मोड़ को जोड़ने वाले मार्ग पर अब टाइल्स रोड नहीं बल्कि सीसी रोड बनाई जाएगी। इसको लेकर विगत दिनों स्थानीय लोगों के साथ व्यापारियों ने विरोध किया था। वहीं विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप के बाद सीसी रोड बनाने पर सहमति बनी है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होते ही टाइल्स रोड का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। इसका स्थानीय लोगों के साथ व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया था और निर्माण कार्य रुक गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी विधायक अरोरा को दी। इसके बाद विधायक अरोरा आवास विकास में लोगों के बीच पहुंचे और उनकी सड़क को लेकर आ रही समस्या व सुझाव को सुना।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं ओर जनभावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं। आवास विकास की यह रोड बहुत महत्वपूर्ण है, इसका उपयोग बहुत बड़ी आबादी करती है। इस दौरान सीसी रोड बनाने की आम सहमति के बाद विधायक अरोरा ने मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ओमपाल से फोन पर वार्ता की और सड़क निर्माण में आ रही समस्या को लेकर अवगत करवाया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, निवर्तमान पार्षद रमेश कालरा, निमित्त शर्मा, राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, सुनील आर्य, मानस जायसवाल, सुभाष अरोड़ा, पन्नालाल, राजकुमार मिड्ढा, अशोक चोपड़ा, यशपाल शर्मा मौजूद रहे।



स्थानीय लोगों और व्यापारियों से वार्ता करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# एसआईबी टीम ने फर्मों की सुनवाई शुरू की

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- फर्म स्वामियों से पूछताछ में लगेगा करीब एक माह
- विगत दिनों एसआईबी टीम ने छह फर्मों में मारा था छापा

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों में कार्रवाई के बाद राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की टीम ने फर्म स्वामियों की सुनवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के तहत फर्म से जब्त किए कागजातों के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। सुनवाई में करीब एक माह का वक्त लगेगा इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विगत दिनों राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा और ज्वाइंट कमिश्नर ठाकुर रणवीर सिंह के निर्देश पर राज्य कर की एसआईबी टीम ने एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा के नेतृत्व में अटरिया रोड, अटरिया मंदिर के पीछे और आवास विकास में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों में छापा मारा। यहां टीम ने जब छानबीन की तो टैक्स चोरी पकड़ी गई। एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि टीम को छानबीन में पता चला कि नियमानुसार इन फर्मों को 18 फीसदी जीएसटी टैक्स जमा करना चाहिए थे, लेकिन सभी फर्म मात्र 5 फीसदी ही जीएसटी टैक्स जमा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अब फर्म स्वामियों की सुनवाई की जा रही है। इसमें कार्रवाई के दौरान फर्म से जब्त कागजातों से डाटा का मिलान कर पूछताछ की जा रही है। इसमें करीब एक माह का समय लग सकता है।



पंतनगर विवि के सामुदायिक विज्ञान की वरिष्ठ शोध अध्येता ने बताए उपाय, छात्र-छात्राओं से सतर्क रहने को कहा

# बढ़ते तापमान में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें विद्यार्थी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** लगातार बढ़ते तापमान का प्रकोप एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। जहां एक ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, वहीं यह हमारे स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विशेषकर छात्रों के लिए, जो अपने शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। उन्हें इस भीषण गर्मी के प्रभावों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में वरिष्ठ शोध अध्येता संज्ञा सिंह ने बताया कि बढ़ते तापमान का



पंतनगर में भीषण गर्मी के बीच गुजरतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

प्रमुख कारण ग्लोबल वार्मिंग है। औद्योगिकीकरण, वाहनों की बढ़ती संख्या और वनों के कटान से ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है, जो पृथ्वी के तापमान को बढ़ा रही है। इसके अलावा शहरीकरण और बढ़ते कंक्रीट के जंगल भी गर्मी को बढ़ावा दे रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा और सतत विकास अपनाना इसके दीर्घकालिक समाधान हो सकते हैं। छात्र देश का भविष्य हैं, जिनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जागरूकता और सावधानी से इस समस्या का सामना किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य पर प्रभाव

**पंतनगर :** बढ़ते तापमान का स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। इसके कारण हीट स्ट्रोक, हीट एग्जॉर्शन और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। छात्रों को इस मौसम में खास ध्यान रखना चाहिए क्योंकि लंबे समय तक धूप में रहने से चक्कर आना, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, अधिक पसीना आने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### गर्मी के मानसिक प्रभाव

**पंतनगर :** गर्मी का मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। अधिक गर्मी के कारण चिड़चिड़ापन, तनाव और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है। छात्रों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है, कि वह अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। नियमित व्यायाम, योग और ध्यान करने से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है।

# गर्मी से टमाटर की फसल 30 से 40 प्रतिशत तक हुई खराब

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी का असर फसलों पर भी देखने को मिल रहा है। काशीपुर क्षेत्र में गर्मी से टमाटर की 30 से 40 प्रतिशत फसल खराब हो गई है। काशीपुर क्षेत्र में करीब 25 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की खेती की जाती है। टमाटर की फसल खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है।

काशीपुर क्षेत्र में अन्य फसलों के साथ टमाटर की खेती भी की जाती है। जिसे स्थानीय बाजार के साथ बाहरी राज्यों में भी भेजा जाता है। काशीपुर क्षेत्र में करीब 25 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की खेती होती है। लेकिन इस साल पड़ रही भीषण गर्मी ने टमाटर का रंग फीका कर दिया है। गर्मी के प्रकोप से टमाटर में फंगस बीमारी लग गई है। इससे अधिकतम तापमान में टमाटर के पौधे मुरझाने लगे हैं और टमाटर में बीमारी लगने शुरू हो गई है। इस बीमारी से करीब 30 से 40 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। वैज्ञानिकों ने टमाटर की अन्य फसलों को खराब होने से बचाने के लिए दवा के साथ समय-समय पर सिंचाई करने की सलाह भी दी है।

उद्यान विभाग काशीपुर के ज्येष्ठ निरीक्षक जेसी तिवारी ने बताया कि टमाटर को सामान्य तौर पर 35 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है। इससे अधिक तापमान पर टमाटर की फसल में बीमारी लगने की संभावना बनी रहती है। इस साल मई व जून में पड़ रही भीषण गर्मी से टमाटर में फंगस बीमारी लग गई है। जिससे 30 से 40 प्रतिशत फसल खराब हो गई है। उन्होंने किसानों से फसलों में समय-समय पर सिंचाई करने का सुझाव दिया है।

**हालात**

- काशीपुर क्षेत्र में 25 एकड़ में होती है टमाटर की खेती
- फसल खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता, महंगा हो सकता है टमाटर

## सार-संक्षेप

### खराब पड़े हैंडपंप व पाइप लाइन को ठीक कराया



सुल्तानपुर पट्टी में पानी की पाइप लाइन ठीक करवाते समाजसेवी राजीव सैनी।

**सुल्तानपुर पट्टी :** प्रचंड गर्मी में नगर में जगह-जगह सरकारी हैंड पंप खराब पड़े हैं। नगरवासियों की मांग पर समाजसेवी राजीव सैनी ने तुरंत नगर के मोहल्ला आदर्श नगर के रेलवे कॉलोनी, रतन कॉलोनी, आर्य नगर, टांडा बंजारा, शिवनगर व अन्य वार्डों में खराब पड़े करीब 12 सरकारी हैंडपंपों की मरम्मत निजी खर्च से कराई। वहीं मोहल्ला टांडा बंजारा स्थित पशु चिकित्सालय कॉलोनी व मोहल्ला टांडा बंजारा होली चौक पर पाइपलाइन नहीं होने से कई वर्षों से मोहल्लेवासियों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। मोहल्लेवासियों ने पाइपलाइन के लिए कई बार जल संस्थान व नगर पंचायत कार्यालय में इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जब समाजसेवी राजीव सैनी को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मंगलवार को पशु चिकित्सालय कॉलोनी में 200 मीटर व टांडा बंजारा होली चौक पर 70 मीटर पाइपलाइन अपने निजी खर्चे से डलवाई। समाजसेवी राजीव सैनी ने कहा कि सुल्तानपुर मेरा परिवार है। नगर में आम जन मानस को किसी भी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी।



चयनित विद्यार्थियों के साथ निदेशक सेवायोजन डॉ. एमएस नेगी।

### पंत विवि के 4 विद्यार्थियों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने साक्षात्कार के आधार पर विवि के चार विद्यार्थियों का चयन किया है। इनमें भाष्कर नौटियाल, सुधांशु जोशी व ईशा यादव (बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) और इमरान (बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग) शामिल हैं। कंपनी चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद 11.50 लाख रुपये का सालाना पैकेज और अन्य सुविधाएं मुहैया कराएगी। विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, सेवायोजन निदेशक डॉ. एमएस नेगी और सह निदेशक डॉ. गीता पाठक ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बाबा के भक्त।

### भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**पंतनगर :** विवि परिसर में बाबा नीब करौरी महाराज का 18वां मूर्ति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कैंपस स्कूल के नजदीक शनि मंदिर प्रांगण में बुधवार प्रातः विशेष पूजा अर्चना और हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें हजारों बाबा के भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर व्यवस्थापक लवकुश शर्मा ने सभी परिसरवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# पानी की आपूर्ति को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

राजकुमार सिंधी के नेतृत्व में लामबंद हुए वार्ड वासी, 48 घंटे पूर्व मोटर फुंक जाने से घरों में पानी की आपूर्ति बाधित



पानी की जल्द आपूर्ति करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** जल संस्थान की मोटर खराब होने से शहर में पानी नहीं आने से लोगों में हाहाकार मच गया। लोगों का कहना है कि 48 घंटे से पानी की सप्लाई बिल्कुल बंद है। इससे पानी पीने के लिए भी नहीं मिल पा रहा है।

बुधवार को समाजसेवी राजकुमार सिंधी के नेतृत्व में दर्जनों लोग वार्ड नंबर 11 में एकत्र हुए। जहां जल संस्थान द्वारा 48 घंटे से शहर में पानी की सप्लाई न करने पर वार्ड वासियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। समाजसेवी राजकुमार सिंधी का कहना था कि 48 घंटे पूर्व जल संस्थान की मोटर फुंक जाने से घरों में पानी की सप्लाई रुक गई। उन्होंने कहा कि पानी की सप्लाई रुकने से शहर वासी पानी पीने के लिए तरस गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। वार्ड नंबर 11 निवासी इमरान अली का कहना था कि घरों में पानी पीने के लिए 30 रुपये का कैंपर खरीद कर लाना पड़ रहा है। नफीस अहमद का कहना था कि छोटे-छोटे बच्चे पानी के लिए तरस गए। इस संबंध में जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता रमेश सिंह नयाल से बात की गई तो उनका कहना था कि गर्मी की वजह से वाटर लेवल नीचे चला गया है। इस वजह से मोटर फूंक गई। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा मोटर डाली गई तो उसने भी काम नहीं किया। उसके बाद एक अन्य मोटर को लाया गया है मोटर की फिटिंग की जा रही है और देर रात्रि तक पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में समाजसेवी राजकुमार सिंधी, इमरान अली, हाफिज फरमान, इंतेज़ार अली, नामे अली, नफीस अहमद, अली अहमद, हाजी कुर्बान अली, बबलू मालिक, सुहेल शाहिद आदि मौजूद थे।

# काशीपुर में 11 घंटे गुल रही बिजली, लोग परेशान

संवाददाता, काशीपुर

- कुंडेश्वरी, कटोराताल समेत शहर के कई क्षेत्रों में रात भर नहीं आई बिजली

**अमृत विचार :** काशीपुर के बाजपुर रोड स्थित बिजलीघर में देर रात सीपी ब्लास्ट व केबल बॉक्स फटने से एक तिहाई शहर की बिजली गुल रही।

इसके चलते लोगों का गर्मी से हाल बेहाल रहा। बिजली जाने से कूलर, एसी बंद पड़ गए। इससे रात भर लोग गर्मी में परेशान रहे। वहीं सूचना पर पहुंची ऊर्जा निगम की टीम ने दोपहर 12 बजे तक बिजली घर में आई खराबी को ठीक कर बिजली सुचारू कर दी। मंगलवार की रात करीब एक बजे 20 नंबर बिजलीघर में सीपी ब्लास्ट होने के साथ ही केबिल बॉक्स फट गए। इससे शहर के एक तिहाई हिस्से सुभाषनगर, आवास-विकास, जसपुर खुर्द समेत अन्य स्थानों में बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई। भीषण गर्मी में लोग बिजली विभाग को कोसते रहे। सुबह तक बिजली नही आने पर जब पूछताछ की गई तो विभागीय कर्मियों ने बताया कि 10 बजे तक बिजली आएगी, लेकिन बिजली नहीं आई। बिजली न होने से पानी की सप्लाई भी बंद रही। लोगों को नहाने के लिए पानी नहीं मिला। अन्य कुछ स्थानों में भी बिजली गुल रही। जो सुबह आठ बजे सुचारू हुई। जबकि आवास-विकास, सुभाषनगर, जसपुर खुर्द में बुधवार की दोपहर 12 बजे बाद आपूर्ति सुचारू हो पाई। अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि सभी जगह के तकनीकी फाल्ट को ठीक कर दिया है और दोपहर तक बिजली सुचारू हो गई थी।

## कुख्यात नशा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

**किच्छा।** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर एवं गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। पुलभट्टा थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पांच नशा तस्करों के विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के उपरांत आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम शांति नगर, बिंदुखत्ता, थाना लालकुआं निवासी वीरेंद्र सिंह कोरंगा एवं नरेंद्र सिंह कोरंगा, ग्राम टुकड़ी, थाना नानकमत्ता निवासी मेजर सिंह उर्फ मैनेजर एवं सुंदर सिंह तथा ग्राम मंगल लेख, थाना पाटी, जिला चंपावत निवासी राम सिंह के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपी वीरेंद्र सिंह कोरंगा को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया तथा न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी वीरेंद्र सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम की धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के खिलाफ जांच कर रहीं है।

# बारिश नहीं होने से फसलें सूखने लगीं

सुशील चौहान, जसपुर

- किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचीं

**अमृत विचार :** वर्षा न होने से सिंचाई के अभाव में फसलें सूखने लगी हैं। इसके कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। काफी समय से वर्षा नहीं हुई है। इसके कारण भूमि की ऊपरी सतह पर पानी की कमी हो गई है। किसानों के सामने फसलों की सिंचाई का संकट पैदा हो गया है। वर्षा न होने के कारण बेमौसमी धान, गन्ना, चारे व धान की नर्सरी सूखने लगी हैं।

वर्षा न होने के कारण बेमौसमी धान के खेत में दरारें पड़ गई हैं। सड़कों के किनारे व खाली पड़े स्थानों पर उगी घास तक सूख गई है। जिन स्थानों पर फसलों की सिंचाई वर्षा पर निर्भर है। उन स्थानों पर फसलें कुछ ज्यादा ही प्रभावित हो रही हैं। जिन स्थानों पर सिंचाई के साधन हैं, वहां पर भी फसलों की सिंचाई ढंग से नहीं



बेमौसमी धान के खेत में पड़ीं दरारें।

हो पा रही है। इसके कारण ऐसे स्थानों पर भी फसलें सूख रही हैं। क्योंकि भीषण गर्मी में भूमि का जलस्तर गिर गया है। जिससे बोरिंग व नलकूप पानी कम उठा रहे हैं। नहरों में भी पानी नहीं आ रहा है। सिंचाई के अभाव में फसलें सूखने से किसान अत्यधिक चिंतित हैं और उनकी निगाहें आसमान पर टिकी हैं।

## एक साल पहले हुई चोरी में दो दबोचे

**खटीमा।** एसओजी और पुलिस टीम ने एक साल पहले हुई चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी पहले से ही जेल में है। वार्ड संख्या 10 शारदा विहार निवासी विभा गुप्ता ने 25 जून 2023 को घर से जेवरात चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें एसओजी और पुलिस टीम ने 18 जून को समेली अयोध्या गंज बाजार थाना कुरसीला जिला कटिहार बिहार निवासी मुन्ना शाह को मेलाघाट रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से बेचे गए जेवर के 4590 रुपये भी बरामद किए। छानबीन में पुलिस को रविंद्र कुमार शाह उर्फ अविनाश उर्फ लड्डू का पता चला जोकि चोरी के जेवरात की बिक्री किए गए 20000 रुपये के साथ यूपी में पकड़ा गया था और जेल में है। टीम ने तीसरे आरोपी गुरमीत को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। इस पर पुलिस ने 15 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

# योग आसनों का अभ्यास कराया

संवाददाता, बाजपुर




बाजपुर में योग क्रियाएं करतीं महिला पतंजलि योग समिति से जुड़ी महिलाएं।

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में प्रारंभ किया गया। इसका समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन होगा।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी कमला रिखाड़ी, तहसील प्रभारी चंचल चौधरी, समाजसेविका गीता खत्री, आदर्श कन्या इंटर कालेज के अध्यक्ष नरेंद्र खत्री, भारत विकास परिषद के संरक्षक कुलदीप चौधरी, अध्यक्ष मनोज जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी कमला रिखाड़ी ने प्राणायाम और ध्यान के महत्व को समझाया।

बाजपुर में योग का बीड़ा उठाए योग दंपति कुलदीप चौधरी व चंचल चौधरी ने अनेक योग अभ्यास कराए। इस मौके पर गीता खत्री, सीमा कंबोज, कुसुम शर्मा, रमा पंत, आशा मौर्या, प्रीति वर्मा, सती रावत, पूनम सिंह, हंसी कांडपाल, अशोक मित्तल, गुरमीत निज्जर, ईश्वर गुप्ता, इंदरपाल राणा, पवन गोयल, संजय गोयल, संजय मित्तल, गोपाल पाली, देवेंद्र रावत, संजीव चावला, आत्मदेव शर्मा, निर्मला बत्रा, सुनीता गुप्ता मौजूद रहे। संचालन भारत विकास परिषद के संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया।

## कल से शुरू होगा स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्वीमिंग पूल

**काशीपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैराकी की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के लिए खुशी की खबर है। काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित स्विमिंग पूल को क्रीड़ा विभाग 21 जून से खिलाड़ियों के लिए शुरू करने जा रहा है। काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रभारी उपक्रीड़ा अधिकारी मोहित सिंह ने बताया कि हर साल स्वीमिंग पूल को शुरू करने से पहले उच्चाधिकारियों से अनुमति लेनी होती है, लेकिन आचार संहिता के चलते उच्चाधिकारियों से अनुमति नहीं मिल सकी थी। अब स्विमिंग पूल को खोलने की अनुमति मिल गई है। अभी पूल की सफाई व पानी भरने का कार्य किया जा रहा है।

**हालात** विगत वर्ष अप्रैल में शुरू होते थे काशीपुर में खेल प्रशिक्षण शिविर

# प्रशिक्षण शिविर शुरू नहीं होने से खिलाड़ी परेशान

- आचार संहिता के चलते अटका था शिविर का कार्य

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में अब तक खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू नहीं हो सका है। खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू नहीं होने से खिलाड़ियों को सही समय पर प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है।

ऐसे में खिलाड़ियों के सामने आगामी खेल प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करना परेशानी का सबब बना हुआ है। काशीपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में अप्रैल से खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की जाती थी। इसमें खिलाड़ियों को ताइक्वांडो, बैडमिंटन आदि खेलों का प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से मिलता था। शिविर में प्रशिक्षण मिलने के बाद काशीपुर के खिलाड़ी राज्य व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करते हैं, लेकिन अब तक खेल प्रशिक्षण शिविर के शुरू नहीं होने से खिलाड़ियों के सामने आगामी खेलों में स्थान प्राप्त करना चुनौती बन रहा है।

### 13 दिन बाद भी शुरू नहीं हुआ शिविर

**काशीपुर।** काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से मिली जानकारी के अनुसार, खेल प्रशिक्षण शिविर आचार संहिता होने के चलते शुरू नहीं किया गया। लेकिन छह जून को आचार संहिता समाप्त हो गई, बावजूद इसके 13 दिन बीतने के बाद भी अब तक शिविर को शुरू नहीं किया गया।

खेल प्रशिक्षण शिविर को जल्द ही शुरू करने की तैयारी की जा रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही शिविर शुरू कर दिया जाएगा।
**– मोहित सिंह,** प्रभारी उपक्रीड़ा अधिकारी, काशीपुर



### एक हजार से अधिक बच्चे लेते हैं प्रशिक्षण

**काशीपुर।** काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से मिली जानकारी के अनुसार स्टेडियम से एक हजार से अधिक खिलाड़ी अलग-अलग खेलों का प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंचते हैं। इनमें ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन समेत कई खेल शामिल हैं।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# ट्रांसपोर्ट नगर को व्यापार मंडल में शामिल करने की उठाई मांग

## चुनाव संचालन समिति के संयोजक सतपाल गाबा को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में समिति संयोजक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव का मामला लगातार तूल पकड़ता नजर आ रहा है। चुनाव संचालन समिति ने ट्रांसपोर्ट नगर को चुनाव की दृष्टि से बाहर किए जाने तथा हेयर सैलून से जुड़े व्यापारियों को सदस्यता न दिए जाने का विरोध करते हुए तमाम स्थानीय व्यापारियों ने चुनाव संचालन समिति संयोजक को ज्ञापन दिया।

बरेली मार्ग स्थित ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन अध्यक्ष जीशान मलिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी एनयू खान के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर एवं बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित प्रतिष्ठान के तमाम व्यापारी चुनाव संचालन समिति के संयोजक सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समिति संयोजक एवं चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांग रखी। युवा व्यापारी नेता अक्षय बाबा ने बताया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पिछले कई चुनाव में सिरौली कला ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के तमाम व्यापारी चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी निभाते आए हैं लेकिन वर्तमान में प्रस्तावित व्यापार मंडल के चुनाव में ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों एवं हेयर सैलून से जुड़े व्यापारियों को समिति द्वारा सदस्यता देने से इनकार कर दिया गया है जिससे क्षेत्रीय व्यापारी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हेयर सैलून व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों को भी चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी निभाने का मौका देते हुए सदस्यता दी जानी चाहिए। ट्रांसपोर्टर एन यू खान ने कहा कि चुनाव संचालन समिति के निर्णय के बाद करीब 250 से 300 व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं। चुनाव संचालन समिति के संयोजक सतपाल गाबा ने व्यापारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा उठाई गई मांग को चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों के सामने रखा जाएगा और सात सदस्यीय कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेने के बाद व्यापारियों की मांग पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर फरियाद शाह, फहीम खान, तस्लीम राजा सलमानी, रिजवान सलमानी निक्की, नाजिम मलिक, शकील अहमद, लक्खा सिंह, इरफान, इकबाल अहमद, हनीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, शव मोर्चरी में रखवाया

**खटीमा:** एक युवक ने पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

गोसीकुआं निवासी मीना देवी पत्नी जगत सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे कमरे पर आई तो उनके पुत्र दीपक सिंह चौहान (22) पुत्र जगत सिंह चौहान ने खाना बनाकर खा लिया था और कमरे में सामान फैला हुआ था। जब मैंने पूछा तो उसने मेरे साथ झगड़ा किया और कमरे के अन्दर जाकर दरवाजा बंद कर लिया। यह भी बताया कि जब वह रात्रि नौ बजे ड्यूटी से वापस आई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था तो उसने दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। फिर वह बाहर छत पर जाकर सो गई। रात्रि करीब डेढ़ बजे जब नींद खुली तो फिर उसने दरवाजा खटखटाया तो भी दरवाजा नहीं खोला गया। फिर सीढ़ी लाकर खिडकी से देखा तो दीपक पंखे से रस्सी लगाकर लटका हुआ था। जिसकी सूचना पुलिस को दी। एसआई विजय बोहरा मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

# कबाड़ व्यवसायी से अफसरों ने साफ-सफाई रखने को कहा


बाजपुर में टीम के साथ ग्राम मुड़िया कलां में स्थलीय निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** गांव में दूर तक कबाड़ फैलाकर गंदगी करने की मिल रही शिकायत पर खंड विकास कार्यालय की टीम मौके पर पहुंच गई और कबाड़ की दुकान के संचालक को 24 घंटे में मार्ग किनारे से कबाड़ हटाकर साफ-सफाई करने की हिदायत दी।

बाजपुर-पिपलिया मुख्यमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत मुड़िया कलां में एक कबाड़ी की दुकान है। आरोप है कि दुकानदार ने सड़क किनारे दूर तक कबाड़ फैलाकर गंदगी कर रखी है जिससे ग्रामीणों के साथ ही मार्ग से आवागमन करने वालों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी बसंत बल्लभ जोशी बुधवार को टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थालीय निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई। इसके चलते दुकानदार इरफान को मौके पर बुलाया गया, लेकिन उसके मौजूद नहीं होने पर उनके परिवार के सदस्यों/दुकान के कार्मिक की उपस्थिति में चेतावनी देते हुए 24 घंटे का समय मुख्यमार्ग से कबाड़ हटाने का निर्देश दिया गया। टीम में सहायक विकास अधिकारी ललित सिंह ग्वाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जसवीर सिंह, ब्लाक कोआर्डिनेटर राहुल कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली, अवतार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सात निर्धन कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह


रुद्रपुर में पत्रकार वार्ता करते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस वर्ष संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती पर सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

बुधवार को पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि 22 जून को रंपुरा बस्ती के प्राचीन शिव मंदिर चौरासी घंटा मंदिर में सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ किया जाएगा। वहीं संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती भी मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल चार निर्धन कन्याओं का विवाह हुआ था। इस बार सात नव विवाहित जोड़ों को वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी, साइकिल, बेड, कुर्सी-मेज, गैस चूल्हा सहित सभी घरेलू सामान दिया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोरी, संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता, नत्थू लाल कोली, चंद्रपाल कोली, राम चरण कोली, अमर दास कोली, पृथ्वीराज कोली, चंद्रकाली कोली, माया देवी कोली, नीतु कोली, ललित कोली, बंटी कोली आदि मौजूद रहे।

## रास्ते में घेरकर मारपीट व बाइक छीनने का आरोप

**बाजपुर:** रास्ते में घेरकर गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए मोबाइल व बाइक छीन ले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

ग्राम इटव्वा निवासी पवन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 18 जून को बाइक पर ग्राम बरहैनी जा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही चार-पांच लोगों ने उसे अचानक रास्ते में घेरकर रोक लिया और मारपीट की। इतना ही नहीं उसका मोबाइल व बाइक छीन कर अपने साथ ले गए। बाद में आरोपी बाइक को बरहैनी पुलिस चौकी में छोड़कर चले गए। कहा कि बाइक तो उसे मिल गई है, लेकिन मोबाइल अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

## किच्छा में कई जगह वितरित किया शरबत

**किच्छा:** गुरु अर्जुन देव महाराज के शहीदी दिवस पर वरिष्ठ समाजसेवी सतपाल गाबा के नेतृत्व में ग्राम रामेश्वरपुर स्थित मीनाक्षी पैकेजिंग इंडस्ट्रीज के बाहर शरबत बांटा गया।

इस मौके पर मनोज गाबा, मोहन लाल आदि मौजूद रहे। इधर नगर के हल्द्वानी मार्ग पर बंडिया क्षेत्र में वरिष्ठ व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी एवं वर्तमान सभासद सिमरनजीत कौर के नेतृत्व में शरबत एवं चने का वितरण किया गया। इस मौके पर सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, जसपाल सिंह, रमेश जोशी, सुरेंद्र कोहली, अंकित बोरा, रंगून बोरा, राजेंद्र सिंह विर्क, जसवीर सिंह, रवि सिंह, संदीप सिंह, परमजीत सिंह, काका सिंह आदि मौजूद रहे।


किच्छा में चने एवं शरबत का वितरण करते लोग। ● अमृत विचार


दिनेशपुर थाने में लंबित आबकारी माल का निस्तारण करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## लंबित 136 मालों का किया निस्तारण

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाने पर लंबित मालों के निस्तारण हेतु अभियान चलाया। थाने में वर्ष 2022 से लंबित आबकारी अधिनियम के मालों के निस्तारण के संबंध में न्यायालय से पत्राचार किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार गठित संयुक्त टीम ने माल मुकदमाती आबकारी के कुल 136 मालों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कर नमूना माल लेकर विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई। बुधवार को पंतनगर क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में जिला जेडीलौ डीएस जंगपांगी व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के समक्ष थाने में वर्ष 2022 के आबकारी अधिनियम के 15 माल, वर्ष 2023 के 75 माल, वर्ष 2024 के 46 मालों का विनष्टीकरण किया गया।

## पुन: आंदोलन शुरू करेंगे महेंद्र सिंह

**जसपुर:** मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार तक उनकी पांच सूत्रीय मांगें पूरी करने का आश्वासन देकर अनशन तुड़वा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अपने वायदे के अनुसार उनकी मांगें पूरी नहीं कीं। उन्होंने चेतावनी दी है कि वे गुरुवार को अपना आंदोलन पुनः शुरू करें।

# एससी गुड़िया लॉ कॉलेज में महिला ट्रेकिंग प्रतियोगिता



महिला खिलाड़ी को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एससी गुड़िया आईएमटी के प्रांगण में चल रही दो दिवसीय महिला ट्रेकिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया।

इस दौरान प्रतियोगिता में सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। जबकि पीएनजी कॉलेज रामनगर की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉक्टर दीपिका गुड़िया आत्रेय ने विजेता, उप विजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल, टी-शर्ट एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, निदेशक प्रशासन एवं प्रतियोगिता का आयोजन सचिव पवन कुमार बख्शी, प्राचार्य यूजी डॉक्टर निमिषा अग्रवाल, लॉ कॉलेज के रजिस्टर सुधीर दुबे, रजिस्टर यूजी पीजी विशाल शर्मा, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. सचिन गुप्ता, डॉ. दीप्ति भटनागर, आरडी शर्मा, अरशद अली, रितेश कंडारी अतुल गंभीर आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-106

**बाएं से दाएं**

1. 1. थन या स्तन पर होने वाला फोड़ा 2. गुबरैला जाति का कीड़ा।
2. 1. एक काला खनिज पदार्थ जो आग जलाने और बिजली उत्पन्न करने के काम आता है 2. लकड़ी के जल चुकने के बाद बचा काले रंग का ठोस अंश जो आग जलाने के काम आता है।

5. जिसका कोई नियम न हो; अनियमित; जो नियम विरुद्ध हो; सिद्धांतहीन।

6. 1. स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला वह पहनावा जो शरीर के ऊपरी भाग (वक्षस्थल) को ढँकने के लिए प्रयुक्त होता था तथा जिसमें नीचे की ओर लगी हुई तनियाँ या बंद पीठ की ओर खींचकर बाँधे जाते थे; अँगिया की तरह का स्त्रियों का एक पहनावा 2. अँगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बंद लगे रहते हैं 3. साधु-संतों आदि के पहनने का छोटा चोला। [मु.] -दामन का साथ : अभिन्न

7. एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियाँ दवा बनाने में प्रयुक्त होती हैं; भारंगी।

8. 1. प्रतिध्वनि करने वाला 2. प्रतिध्वनिमूलक 3. गुंजायमान; गूँज पैदा करने वाला।

9. 1. चटनी

**ऊपर से नीचे**

2. नीले फूलों वाली एक वनस्पति जो पुरानी झीलों या तालाबों में उगती है; नीली कुमुदिनी।
3. ज़्यादा समय तक पानी में रहने के कारण पैरों में उत्पन्न होने वाला खुजली का रोग।
4. खंजन के आकार की एक चिड़िया।



### वर्ग पहेली -105 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | ग | न | ■ | 2 चां | ■ | 3 तो |
| गु | ■ | ■ | 4 गुं | डा | शा | ही |
| ल | ■ | 5 दे | ■ | लि | ■ | न |
| ■ | 6 सा | व | धा | नी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | वा | ■ | ■ | 7 प | ■ |
| 8 ए | का | द | शी | ■ | शु | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 9 खि | ता | बी |

## सुडोकू-19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | 6 | 7 | | | 3 |
| | | | | 1 | | 5 | 9 | |
| 4 | | | 5 | 3 | | | 6 | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | | 8 | 6 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | 2 | | | | |
| 9 | | | 3 | 7 | 5 | | | |
| 7 | | | 1 | | | 6 | | 4 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी-07 .49 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 18 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज पारिवारिक मामलों में लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है। आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियों को लेने से बचें। बच्चों का व्यवहार परिवार के बड़ों को व्यथित कर सकता है।

**वृष:** आज जीवनसाथी के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। रुका हुआ सरकारी काम किसी राजनीतिक प्रभाव से हो सकता है। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में स्थायित्व देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** आज किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। व्यापार में नया अनुबंध कर सकते है। परिजनों के प्रति आपके स्नेह में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों का ध्यान रखें।

**कर्क:** आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रूख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव हो सकता है। गरिष्ठ भोजन के सेवन से पेट में इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

**सिंह:** आज खाली समय में कोई उपन्यास वेब सीरीज आदि में समय बिता सकते हैं। दिखावा करने की प्रवृत्ति के कारण लज्जित न होना पड़े, इसका ध्यान रखें। अपनी तरक्की को लेकर थोड़े शिकायती हो सकते हैं। कर्मचारियों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है।

**कन्या:** आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला:** आज परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं। आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव होगा। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज इच्छित जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। सामाजिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।

**धनु:** आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। वैवाहिक जीवन भी कुछ तनावपूर्ण हो सकता है। आपको शांत रहना चाहिए। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय खराब न करें।

**मकर:** आज दूसरों के मामलों में ज्यादा ताक-झांक न करें। लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। थोड़ी सी मेहनत में उत्तम परिणाम अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं। अपनी कार्यशैली को लेकर पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। ग्रह स्थिति आपके लिए अनुकूल है। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे।

**मीन:** आज देव आराधना और विचार मनन को आप समय देंगे। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से संभल कर रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्यार के काबिल — सुबह : 09 .00
तहजीब — रात : 09 .00

**&pictures**
हीरो हिन्दुस्तानी — सुबह : 11 .05
गली बॉय — रात : 08 .00

**Sony Pix**
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 11 .08
सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
बिरजू पंडित — सुबह : 09 .01
राक्षसी — शाम : 05 .58

**Colors Cineplex**
बेटा — सुबह : 11 .26
दोस्ताना — शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत, वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध, अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई, जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी, लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया, जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है, गेंहू और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन, कुशल जलप्रयोग उपकरण, पौधों के संरक्षण उपाय, भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय, प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

शुरू-शुरू में मजा आया भी, लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा, लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ, न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा, लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था, नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया, लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।

रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार, उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा, लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार, विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में, अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं।

इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

बिट्रिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था, इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है, लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है, ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है, लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# संस्कृति और सभ्यता



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं, लेकिन संभव है कि बदलती सोच, बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक, जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास, वहां के शासन और प्रशासन के तरीके, वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है, उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं, जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं, क्रोध करता है अथवा नहीं, वह बातों को समझता है अथवा नहीं, वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं, उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं, ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है, वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां, हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।

# हम सब मिलकर चलें

बात शहर या कस्बे की नहीं है, बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे, वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए, किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है, वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी, जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता, उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता, झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है, व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें, हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

एक नजर

## स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव में होमात्मक यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़

**रानीखेत :** ताड़ीखेत के सौनी स्थित स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में बुधवार को होमात्मक यज्ञ एवं श्रीमद्शिवपुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान जारी है। यहां विभिन्न क्षेत्रों से भारी संख्या में भक्त पहुंचकर महायज्ञ में भाग ले रहे हैं। विगत 11 जून से जारी होमात्मक यज्ञ एवं शिव पुराण का पारायण आगामी 21 जून को पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। सौनी स्थित सुप्रसिद्ध स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन में सैकड़ों भक्तजनों ने महायज्ञ में भाग लिया। प्रातः समय यज्ञारम्भ, पंचांग पूजन, ब्राह्मण ब्राह्मण वरण के साथ होमात्मक महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद् शिव पुराण ज्ञान कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज ने कहा कि शिव की आराधना से सभी कष्टों का निवारण होता है। मंदिर के महंत पीठासीन श्री श्री 108 गोवर्धन गिरी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 108 मोहन गिरी व रामगिरी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजन में आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, कथा व्यास स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज हैं। कहा कि 11 दिनों के इस आयोजन में नित्य पूजन, आरती, हवन व भोजन के बाद 21 जून को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ पारायण होगा। महायज्ञ में सैकड़ों की संख्या में दूर-दूर आए भक्त भाग ले रहे हैं। पूजा और हवन से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना है।

# बिनसर वनाग्नि में मारे गए कर्मियों के आश्रितों को शीघ्र नौकरी दे सरकार

### मृतकों के परिजनों को 50 लाख व घायलों को 25 लाख रुपये सहायता राशि देने की मांग

मांग

- बिनसर न्याय मंच के बैनर तले ग्रामीणों और अन्य संगठनों ने दिया धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा


बिनसर अभयारण्य में बुधवार को लोगों ने डीएफओ सिविल सोयम को मांग पत्र सौंपा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिनसर अभ्यारण्य में हुए अग्निकांड में विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए बुधवार को ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। बिनसर न्याय मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोग भी शामिल हुए।

इस दौरान लोगों ने मृतकों के परिजनों को स्थाई नौकरी व 50 लाख रुपये और घायलों के परिजनों को नौकरी संग 25 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की गई। बिनसर न्याय मंच के बैनर तले धरने को विभिन्न संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने बिनसर में अव्यवस्थाओं को पर सवाल उठाए। कहा कि बिनसर अग्निकांड विभाग की घोर लापरवाही है। बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के कर्मचारियों को आग बुझाने भेज दिया गया। जिस समय हादसा उस समय कर्मचारियों के पास सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। इससे साफ पता चलता है कि विभाग अपने कर्मचारियों को प्रति जिम्मेदार नहीं है। वहीं, ग्रामीणों ने सरकार की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे डीएफओ सिविल सोयम हेम चंद्र गहतोड़ी को ज्ञापन सौंपकर जान गवां चुके व्यक्तियों के परिजनों को सरकारी नौकरी के साथ 50 लाख सहायता राशि और घायलों को 25 लाख रुपये देने की मांग की। इसके अलावा फायर वाचरों को पूर्ण सुविधा फायर प्रूफ कपड़े व आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ एक करोड़ रुपये का बीमा कराने की मांग की उठाई। समस्याओं का निराकरण नहीं होने मंच ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**ये लोग रहे मौजूद**

उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, महेश सिंह बोरा, प्रियांशु तिवारी, ईश्वर जोशी, विनय किरौला, गोपाल राम, सुंदर सिंह, हेमंत कुमार, किशन सिंह, गंगा सिंह, बहादुर राम, संतोष जोशी, किरन, कमला भाकुनी, लक्ष्मी देवी, ममता भाकुनी, पूजा बोरा, पूरन सिंह भाकुनी, राजेंद्र सिंह भोज, नंदन सिंह, नवीन तिवारी, सुरेश राम, राहुल, गोविंद सिंह, अशोक भोज, पवन कुमार, जगदीश राम, हरीश राम, पूरन राम, जीवन राम, डुंगर सिंह, खीम राम, गिरीश राम, अर्जुन सिंह, गोधन सिंह, चंदन राम, बालम सिंह, हरगोविंद उपाध्याय, नैन सिंह पिलख्वाल समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जंगलों को आग से बचाना प्रत्येक नागरिक का है दायित्व : राज्यपाल

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने काकड़ीघाट स्थित कार्कटेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना
- ज्ञान वृक्ष पर जलाभिषेक किया तथा ध्यान कक्ष ध्यान भी लगाया

संवाददाता अल्मोड़ा


ज्ञानवृक्ष पीपल पर जल चढ़ाते राज्यपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने परिवार सहित काकड़ीघाट स्थित कार्कटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने यहां स्थित ज्ञान वृक्ष पर जलाभिषेक किया तथा ध्यान कक्ष ध्यान भी लगाया।

काकड़ीघाट पहुंचने पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा सहित अन्य अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल ने ज्ञान वृक्ष (पीपल) पर जलाभिषेक कर काकड़ीघाट के बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। राम कृष्ण मिशन अल्मोड़ा के ध्रुवेशानंद महाराज ने इस स्थान का महत्व बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने अपनी परिव्राजक यात्रा के दौरान 21 अगस्त 1890 को काकड़ीघाट में रात्रिवास किया था। इस पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान लगाया था जो ज्ञानवृक्ष के नाम से जाना गया।

ध्यान करते हुए उन्हें दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभूति हुई थी। अपने साथी और गुरुभाई स्वामी अखण्डानन्दजी के सामने उन्होंने इस अनुभूति का वर्णन किया था। इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस बात पर खुशी जताई कि जिस पेड़ के नीचे स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाया था उसको वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण की है। कोसी नदी हमारे लिए पूज्यनीय है, जल एवं वृक्षों का संरक्षण करना सबसे बड़ी बात है। देवभूमि के हर व्यक्ति की आत्मा में वृक्ष, जल एवं जंगल के प्रति आदर एवं विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग से तापमान में वृद्धि हो रही है। जंगलों की आग बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है। जंगलों को आग से बचाने के लिए वन अधिकारियों को तरीके ढूंढने होंगे। साथ ही हर उत्तराखंडीको जंगलों को आग से बचाने के लिए आगे आना होगा। इस दौरान कुलपति एसएसजे विवि सतपाल सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद, मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह सहित मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री टम्टा का स्वागत

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत


चम्पावत में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा।

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा का टनकपुर में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, विपिन कुमार, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा, हेमा जोशी, तुलसी कुंवर, पूरन सिंह महर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर मंत्री बनने के बाद पहली बार चम्पावत और लोहाघाट पहुंचने पर बुधवार को हुए कार्यक्रम में राज्य मंत्री टम्टा ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि अल्मोड़ा सीट के विकास का रोड मैप तैयार किया जा रहा है।

अपने संसदीय क्षेत्र के चारों जिलों में सड़क परिवहन, पर्यटन और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से रोजगार में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि आदि कैलाश तक सड़क सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अक्तूबर 2023 में किए गए आदि कैलाश दर्शन के बाद से यहां आने वालों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। इससे पूर्व चम्पावत पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में एडवोकेट शंकर दत्त पांडेय, श्याम नारायण पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुनील पुनेठा, गोविंद सामंत, सतीश पांडे, हेमा जोशी, बाराकोट की ब्लॉक प्रमुख विनीता फर्त्याल, रेखा देवी, गंगा खाती, मणिप्रभा तिवारी, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, शंकर खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह, रविंद्र तड़ागी रहे।

## पर्यटकों ने होटल कर्मियों से की मारपीट

**नैनीताल :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों ने होटल कर्मियों के साथ मारपीट की। हंगामा होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया।

तल्लीताल बिड़ला रोड के एक होटल में मंगलवार शाम लखनऊ के पर्यटक पहुंचे। एक रात होटल में रुकने के बाद पर्यटकों ने बुधवार को सुबह होटल मैनेजर से कमरों में गंदगी व बिस्तर साफ न होने की बात कही। इस बात को लेकर होटल कर्मियों व पर्यटकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पर्यटकों व होटल कर्मियों के बीच हाथापाई हो गई। हाथापाई के बाद मामला होटल से सड़क तक पहुंच गया। इस दौरान महिला पर्यटकों ने होटल मैनेजर के पैर में दांत काट दिया। इधर होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दे दी।

# सुविधाएं हटाने से श्रद्धालु हो रहे परेशान

- गर्मी के कारण रात्रि में अधिक आ रहे पूर्णागिरि में श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर


भैरव मंदिर में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकारी तौर पर 15 जून को सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेला समाप्त हो गया है लेकिन अभी भी भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मेला समाप्ति के बाद मेले से कई व्यवस्थाएं हटा देने से श्रद्धालुओं को अब भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के कारण अधिकांश श्रद्धालु दिन की अपेक्षा रात्रि के समय अधिक पहुंच रहे हैं। मेला समाप्त होने के बाद ककरालीगेट से ठुलीगाड़ तक अस्थाई बिजली व्यवस्था को हटा दिया गया है। जिसके कारण रात्रि के समय पैदल आ रहे श्रद्धालुओं को इस मार्ग में आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं मेला क्षेत्र से तीनों चिकित्सा केन्द्र भी हटा लिए गए हैं। मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने बताया कि ककरालीगेट से ठुलीगाड़ तक स्थाई बिजली व्यवस्था हटा दी गई है।

लेकिन 22 जून तक ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर तक अस्थाई बिजली सेवा सुचारू रहेगी साथ ही सफाई व्यवस्था भी रहेगी।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति के स्वयंसेवक जुटे हुए हैं। गर्मी के कारण शारदा घाट में भी इस समय श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्रनगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं।

**मंदिर समिति ने भैरव मंदिर में लगाया भंडारा**

**टनकपुर।** मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति ने पूर्णागिरि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर भैरव मंदिर में विशाल भंडारा लगाया। भंडारे में मां पूर्णागिरि धाम में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में मंदिर समिति अध्यक्ष किशन चंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज पांडे, सचिव सुरेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन तिवारी, मोहन पांडे, राजेंद्र तिवारी, पंकज तिवारी, शेखर पांडे, मोहन पांडे, महेश पांडे, भुवन पांडे, कैलाश पांडे, दीपू तिवारी आदि लोगों ने सहयोग किया।

# मंदिर में सांसद निधि से कार्य दिखाने पर आपत्ति

- डीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** पाटी के बिगराकोट तोक में ऐड़ी मंदिर प्रांगण का निर्माण सांसद निधि से दिखाने पर गांव के ललित जोशी व उसके चाचा हरीश चंद्र जोशी ने आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि इस कार्य को उन्होंने 85 हजार रुपये ख़र्च कर वर्ष 2022-23 में कराया था। तथा उन्हें किसी विभाग के कोई धनराशि भी नहीं मिली थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद अजय टम्टा ने वर्ष 2023-24 में ऐड़ी मंदिर के समीप स्थल विकास के लिए एक लाख पचास हजार रुपये स्वीकृत किये हैं जिसमें कार्यदायी संस्था विकास खंड पाटी का पट लगाया गया है तथा स्वीकृत धनराशि से बिना कोई पैसे खर्च किए उक्त कार्य में सांसद निधि मद से व्यय दिखाया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा है कि सांसद निधि के इस दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस संदर्भ में अवर अभियंता संदीप कुमार का कहना है कि सांसद निधि के मद से मंदिर प्रांगण निर्माण कार्य कराया गया है जो कि पूर्ण हो चुका और इसका भुगतान भी कर दिया गया है।

# मारपीट करने का दूसरा आरोपी भी पकड़ा

- धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर 8 जून को श्रद्धालुओं के साथ हुई थी मारपीट

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत


चम्पावत में पुलिस की गिरफ्त में आया मारपीट का आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर 8 जून को रीठा साहिब गुरुद्वारा को जा रहे तीर्थ यात्रियों के साथ मारपीट करने का दूसरा आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जांच अधिकारी बीसी आर्या ने बताया कि आरोपित संजय सिंह फर्त्याल उर्फ अलबेला निवासी कोलीढेक लोहाघाट को बाराकोट के पास से गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व 14 जून को एक और नामजाद आरोपी गंभीरगांव खेतीखान निवासी दीपक सिंह देउपा उर्फ टोपी को गिरफ्तार किया गया था।

आरोप है कि 9 जून को स्कूल बस, एक कार और एक बाइक से शैक्षिक भ्रमण पर सितारगंज से रीठा साहिब गुरुद्वारा दर्शन जा रहे छात्र-छात्राओं और उनके साथ आए अन्य श्रद्धालुओं पर धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर लधौली गांव में आठ-दस लोगों ने बस को रोककर धारदार हथियार, पत्थर और लाठी डंडों से हमला किया था। हमले में कई लोग जख्मी हुए। जबकि पथराव से बस भी क्षतिग्रस्त हुई। तीर्थयात्री भूपेंदर सिंह पुत्र सलविंदर सिंह, निवासी आदर्श कालोनी सितारगंज ने 9 जून को चम्पावत कोतवाली में पिटाई करने वालों के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी।

तहरीर के मुताबिक संजय सिंह फर्त्याल उर्फ अलबेला, दीपक सिंह देउपा उर्फ टोपी के अलावा उनके सात से आठ अन्य साथी शामिल थे। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो नामजद और शेष अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,148, 307 व 295 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# घायल को 5 किमी पैदल चल सड़क तक पहुंचाया

संवाददाता, टनकपुर

- पेड़ से गिरी महिला को बाद में 31 किमी से जीप से टनकपुर अस्पताल पहुंचाया

**अमृत विचार :** तल्लादेश के एक गांव में पेड़ से गिरकर घायल हुई महिला को ग्रामीणों ने डंडे के सहारे सड़क तक पहुंचाया। बाद में जीप से 31 किमी. दूर टनकपुर अस्पताल पहुंचाया।

नेपाल सीमा से लगे बकोड़ा गांव की निवासी कलावती देवी (45) पत्नी चतुर सिंह पेड़ से पत्ती काटते समय गिर जाने से घायल हो गई। गांव के दिनेश सिंह बोहरा ने बताया कि चोटिल कलावती को संकरे रास्ते के बीच 5 किमी दूर चूका तक ले जाने के लिए डंडे में मजबूती से एक कपड़ा बांधा गया। इस डंडे और कपड़े के बीच में कलावती को लिटाया गया। दो लोग डंडे को अपने कंधे में ले गए। गांव के सुनील बोहरा, जोगा सिंह, बलवंत बोहरा, गिरीश बोहरा, उदय सिंह बोहरा, कृष्ण बोहरा, बल्लू बोहरा आदि ने डंडे को कंधा देकर ढाई घंटे में घायल महिला को सड़क तक पहुंचाया। यहां से चूका और फिर चूका से 31 किमी दूर जीप से टनकपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि महिला के हाथ व सीने में अंदरूनी चोट है।

शोध पर जोर

गोविन्द बल्लभ पन्त पर्यावरण संस्थान कोसी-कटारमल में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक

# हिमालयी क्षेत्र के विकास को लक्ष्य तय करें वैज्ञानिक

संवाददाता, अल्मोड़ा


गोविन्द बल्लभ पन्त पर्यावरण संस्थान में बैठक में उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी-कटारमल में दो दिवसीय वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32वीं समीक्षा बैठक का शुभारंभ हुआ।

पहले दिन स्वागत उद्बोधन में संस्थान के निदेशक डॉ.सुनील नौटियाल ने वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष, विषयगत विशेषज्ञों, पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिकों का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष प्रो. डीएस रावत, कुलपति, कुमाऊं विश्विद्यालय नैनीताल ने संस्थान द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों तथा शोधार्थियों को बधाई दी। उन्होंने हिमालयी क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान के पास हिमालयी क्षेत्र के विकास हेतु विस्तृत दृष्टिकोण है जो हिमालय क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी बात है।

प्रो. रावत ने जल, जमीन के प्रबंधन, दुर्लभ लुप्तप्राय पादप प्रजातियों तथा औषधीय पौधों के संरक्षण तथा आयुर्वेद तथा चीन के पौधों पर आधारित ज्ञान को आगे बढ़ाने की पर बल दिया। उन्होंने दो प्रमुख समस्याओं भूस्खलन तथा वनाग्नि पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके बेहतर समाधान के लिए नयी रणनीति बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने पिछले वर्षों में लगातार तापमान वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जलवायु परिवर्तन अनुकूलन तथा लचीलेपन की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील नौटियाल ने वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिकों के समक्ष संस्थान के मुख्यालय तथा क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा किये जा रहे शोध एवं विकास कार्यों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रो. डीएस रावत, डॉ. एसपी अग्रवाल, प्रो. अनिल के गुप्ता, प्रो. आर उमा शंकर, डॉ. पूर्वजा रामचंद्रन, डॉ. ललित शर्मा, डॉ. सुसान जॉर्ज, वैज्ञानिक सलाहकार समिति सदस्य डॉ. आईडी भट्ट, डॉ. संदीपन मुखर्जी, वैज्ञानिक-ई तथा डॉ. सिवरनजिनी एस, वैज्ञानिक- सी समीक्षा बैठक में मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर बेस अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

संवाददाता, अल्मोड़ा


मरीजों को फल वितरित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस द्वारा सांसद राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की लंबी उम्र की मंगल कामना की गई।

सभी कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं ने मिलकर केक काटा तथा जिला अस्पताल मे जाकर मरीजों को फल ,जूस ,बिस्किट आदि वितरित किया गया । वहीं एन एस यू आई कार्यकर्ताओं ने भी राहुल गांधी के जन्मदिन पर अमित बिष्ट के नेतृत्व में लेप्रोसी मिशन करबला में फल वितरण किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ,प्रदेश अध्यक्ष महिला सेवादल शोभा जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति बिष्ट, प्रदेश सचिव लता तिवारी, लीला जोशी, नगर अध्यक्ष दीपा शाह, तारा भंडारी, राधा टम्टा, पुष्पा पांडे, तारा तिवारी, सुनीता बिष्ट, धीरा तिवारी, नगर अध्यक्ष ताराचंद जोशी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक कुमार विनोद वैष्णव, शरद साह, रवींद्र टम्टा, रमेश नेगी, अख्तर हुसैन रहे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)** डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज (नई) 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

# ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर

## विश्व आर्थिक मंच ने कहा-सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा, भारत ने किया है सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है।

डब्ल्यूईएफ के मुताबिक स्वीडन के बाद डेनमार्क, फिनलैंड, स्विटजरलैंड और फ्रांस शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। चीन का स्थान 20वां है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश तीन ऊर्जा



प्रणाली प्रदर्शन आयाम - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में से कम-से-कम एक में पिछले साल की तुलना में पिछड़ गए हैं। भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए डब्ल्यूईएफ ने कहा कि देश ऐसे नतीजे देने में अग्रणी रहा है जिन्हें अन्य स्थानों पर दोहराया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि सरकारें जागरूकता पैदा करने और नीतिगत हस्तक्षेप पर भी विचार कर सकती हैं। इसमें ऊर्जा-दक्ष निर्मित बुनियादी ढांचे के लिए दिशानिर्देश और रेट्रोफिटिंग के लिए प्रोत्साहन शामिल है। इसमें कहा गया-विकासशील दुनिया के पास नियमों को फिर से लिखने और ऊर्जा मांग को सफलतापूर्वक बदलने का रास्ता दिखाने का अवसर है।' चीन और भारत की भूमिका पर डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक आबादी की लगभग एक-तिहाई के साथ ये दोनों देश आगे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह : गौतम अडाणी



अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी। समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है। सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं।

## एशियाई विकास बैंक देगा 17 करोड़ डॉलर का नीति आधारित ऋण

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी और भविष्य की महामारियों से निपटने की क्षमता में सुधार के लिए 17 करोड़ डॉलर के नीति-आधारित ऋण देगा। एडीबी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस ऋण को मंजूरी दे दी गई है।

लचीले और परिवर्तनकारी स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए सुदृढ़ और सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का समर्थन करेगा, जिसका उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करना है। एडीबी की वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ सोनालिनी खेत्रपाल ने कहा-कोविड-19 महामारी ने हमें मूल्यवान सबक सिखाए हैं और कई नवीन प्रथाओं को अपनाया है जो समेकित, निरंतर और संस्थागत होने पर महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को काफी मजबूत करेंगे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने विदेश से भारत में शुरू की धनप्रेषण सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीपीबी के सीईओ आर विश्वेश्वरन ने दी जानकारी

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है। आईपीपीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले व्यक्ति को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल प्रेषक को ही रिया मनी को धनप्रेषण शुल्क देना होगा। विश्वेशरन ने कहा-हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है। हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा।

डाक विभाग के तहत संचालित भुगतान बैंक आईपीपीबी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से धन पाने वालों के पास अपनी पसंद के आधार पर पूरा धन या आंशिक राशि निकालने का विकल्प होगा। विश्वेश्वरन ने कहा-विदेश से धन पाने वालों के पास अपने आईपीपीबी खाते में धन भेजने का विकल्प भी होगा। यह एक कागज-रहित प्रक्रिया है। बायोमेट्रिक का उपयोग करके वे इस राशि को निकाल सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 63 मसूरी 54 अंगूरी 55 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 70-85 मूंग साबुत 98 राजमा 158 दाल उड़द 127 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 73 उड़द साबुत 125 काबुली चना 75-165 अरहर दाल 160 लोबिया/करमानी 85-100 सोयाबीन 43 मूंगफली 70 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 19 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द :110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# कृषि क्षेत्र में कौशल विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच कृषि कौशल के क्षेत्र में परिचालित पायलट परियोजनाओं के निष्कर्षों पर गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की और इनको उपयोगी बताया गया है।

मंत्रालय की बुधवार को जारी बयान के अनुसार इस सम्मेलन में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा-व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग के परिणाम सामने आ गए हैं और यह परियोजना के महत्व का एक और प्रमाण है। तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खाद्य सुरक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऑस्ट्रेलिया-भारत महत्वपूर्ण कृषि कौशल परियोजना जैसे निरंतर प्रयासों से हम सुनिश्चित करते हैं। अतुल कुमार तिवारी और नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के प्रभारी वाणिज्य दूत मैथ्यू जॉनसन के नेतृत्व में, गोलमेज सम्मेलन में इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की।

# खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बन रही बाधा

**मुंबई, एजेंसी**

- आरबीआई के बुलेटिन में कही गई बात




खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने-अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। लेख में लिखा गया है, खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का कारण मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (ईंधन और खाद्य वस्तुओं को छोड़कर) में निरंतर कमी आना है।



## एक नजर

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सेंथिल बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी।

### राइफल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की राइफल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी से छीना गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को डोडा से एसपीओ की ए के-47 राइफल छीनने वाले मोहम्मद रफी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रफी को पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम ने मसरी वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# सिक्किम में 1,225 फंसे हुए पर्यटकों को निकाला गया

## अधिकारियों ने बताया-सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से संयुक्त रूप से चलाया गया अभियान

**गंगटोक, एजेंसी**

सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1,225 यात्रियों को अब तक निकाल लिया गया है। अभियान के तीसरे दिन बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,225 पर्यटकों को मंगलवार देररात तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन, सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन (एनडीआरएफ), डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया।



उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन के बाद फंसे पर्यटकों को बचाते बीआरओ कर्मी। ● एजेंसी

लाचुंग उत्तरी सिक्किम का एक सीमावर्ती गांव है और यह समुद्र तल से 9,600 फीट या 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गर्मियों के दौरान मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, क्योंकि यह क्षेत्र आमतौर पर सर्दियों के दौरान बर्फ से ढका रहता है। यह क्षेत्र पर्यटन उद्योग 90 के दशक की शुरुआत में पर्यटकों के लिए खोला गया था, तब से यह नकदी समृद्ध व्यवसाय है। लाचुंग गंगटोक से लगभग 115 किलोमीटर उत्तर में है और भारत की रक्षा के लिए एक बहुत ही रणनीतिक स्थान है। इसके दूसरी तरफ चीन है। एडीएम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुल 1,225 पर्यटक मंगन पहुंचे। परिवहन विभाग के अंतर्गत मोटर वाहन प्रभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों की सहायता से पर्यटक कारों से उन स्थानों तक पहुंचने में सफल रहे।

### चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए

अधिकारी ने बताया है कि चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए हैं और जरूरतमंद निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहे हैं। अब तक 115 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है, जिसमें हाई एल्टीट्यूड पल्मोनरी एडिमा और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ित लाचुंग के एक 24 वर्षीय व्यक्ति की जीवनरक्षक आपातकालीन संकट कॉल भी शामिल है। सभी जरूरतमंद लोगों को इस महत्वपूर्ण समय में राशन और अन्य रसद सहायता भी प्रदान की गई हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, "भारतीय सेना के इंजीनियर संपर्क बहाल करने के लिए जनशक्ति और सामान उपलब्ध कराकर बीआरओ को सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारतीय सेना सभी फंसे हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं को पुराने स्थान पर स्थापित किया जाए : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने बिरला और धनखड़ को लिखा पत्र

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उस पुराने स्थल पर फिर से स्थापित किया जाए, जहां से हटाकर उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को संबोधित अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से एक अलग कोने में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। उनका कहना है, मैं सबसे पहले इस बात पर जोर



देना चाहता हूं कि इन मूर्तियों को मनमाने ढंग से, बिना किसी परामर्श के हटाना, हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। इसका उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि पूरे विचार-विमार्श के बाद महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। खरगे ने अलग-अलग भेजे गए अपने पत्र में कहा कि संसद परिसर में प्रतिमाओं के स्थान का अत्यधिक मूल्य और महत्व है।

## एनएचआरसी ने श्रमिक विरोधी चलन को लेकर केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में कथित तौर पर "श्रमिक विरोधी गतिविधियों" को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोग ने कहा कि एक प्रकाशित समाचार की सामग्री अगर सही है तो यह श्रम कानूनों तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और श्रमिकों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। एनएचआरसी ने कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में 24 वर्षीय एक कर्मचारी को शपथ दिलाई गई कि जब तक वे अपना काम नहीं कर लेंगे, तब तक कोई ब्रेक नहीं लेंगे।

## हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी पर मामला दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे और देश के अन्य शहरों के विमानपत्तनों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल पर पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फर्जी साबित हुए इस संदेश के बारे में दिग्गज ई-मेल सेवा प्रदाता

### ई-मेल पर दी गई थी धमकी

'जीमेल' से जानकारी भी मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने संवाददाताओं को बताया, जीमेल के एक खाते से संदेश भेजकर मंगलवार को इंदौर और देश के अन्य शहरों के हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में यह संदेश फर्जी साबित हुआ।'' उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी की शिकायत पर इस ई-मेल को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार के जरिये आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि धमकी भरा संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जीमेल से जानकारी मांगी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

## अभिनेत्री रितुपर्णा कोलकाता में ईडी के अधिकारियों के सामने हुईं पेश

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेनगुप्ता से उनके बैंक लेनदेन से संबंधित कुछ विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। ईडी अधिकारी ने कहा-हमारे पास अभिनेत्री के लिए कुछ प्रश्न हैं। हम अन्य विवरण का भी सत्यापन करेंगे जिनमें विशेष रूप से उनके बैंक खातों से किए गए लेनदेन का ब्योरा शामिल है। हमें इन लेनदेन के स्रोत और गंतव्य की जानकारी की जरूरत है। ईडी ने पहले अभिनेत्री से इसी मामले के सिलसिले में पांच जून को अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा था।



**श्रीनगर :** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीनगर यात्रा से पहले एहतियात के तौर पर पूरे श्रीनगर और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर एसकेआईसीसी के पास तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## बिहार में महिला नक्सली रिंकी कोड़ा गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के कजरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने महिला नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मोतीलाल, सशस्त्र सीमा बल और कजरा थाना पुलिस ने राजघाट कोल से नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार रिंकी कोड़ा के विरुद्ध कजरा और चानन थाना में पुलिस के साथ मुठभेड़, गंगटिया घाट पर फायरिंग, ट्रक में आगजनी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# मप्र उच्च न्यायालय ने किशोरी का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

**जबलपुर, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने भ्रूण संरक्षित रखने का भी दिया निर्देश




मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 14-वर्षीय उस लड़की के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है, जिसका कुछ महीने पहले राज्य के सिंगरौली जिले में कथित तौर पर अपहरण कर बलात्कार किया गया था। अदालत ने अधिकारियों को डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि किसी भी खतरे की स्थिति में गर्भपात कराने वाले चिकित्सक और राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं होंगे तथा गर्भपात केवल पीड़िता के माता-पिता के जोखिम और खर्च पर ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता अपनी बेटी को गर्भपात की प्रक्रिया के लिए सिंगरौली के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास ले जा सकते हैं। अदालत ने कहा कि अगर सीएमएचओ को लगता है कि लड़की को बेहतर इलाज के लिए किसी 'मल्टीस्पेशलिटी' अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो वह उसे गर्भपात के लिए उक्त अस्पताल में रेफर कर सकते हैं। जिला चिकित्सा बोर्ड, सिंगरौली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएं हैं और चिकित्सा बोर्ड द्वारा गर्भपात को मंजूरी दी गई है तो गर्भावस्था की किसी भी अवधि में गर्भ को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

भ्रूण को संरक्षित रखने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इसे (भ्रूण को) तुरंत जांच एजेंसी को सौंप दिया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी को भ्रूण अपने कब्जे में लेने की तिथि से दो दिन के भीतर डीएनए फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी इस वर्ष की शुरुआत में लापता हो गई थी और जिले के मोरवा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक महीने से अधिक समय बाद जब उसका पता चला, तो नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिससे पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस ने बाद में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार के आरोप दर्ज किए।

अमृत विचार
# विश्व कप
हल्द्वानी, गुरुवार, 20 जून 2024
www.amritvichar.com



# मार्कस स्टोइनिस टी-20 में बने नंबर एक ऑलराउंडर

दुबई, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी-20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं।




### अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं मार्शः स्टोइनिस

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** मार्कस स्टोइनिस ने टीम के अपने साथी मिचेल मार्श की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह सिर्फ कप्तान ही नहीं बल्कि अच्छे नेतृत्वकर्ता भी हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करना आसान है क्योंकि हर कोई विशिष्ट परिस्थितियों में अपनी भूमिका से वाकिफ है। मौजूदा टी20 विश्व कप में मार्श को ऑस्ट्रेलिया की कमान सौंपी गई है जहां टीम की नजरें अपने दूसरे खिताब पर टिकी हैं। साथी ऑलराउंडर स्टोइनिस ने 'अनप्लेएबल' पॉडकास्ट पर कहा कि मिची (मार्श) कप्तान नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता है। जिस तरह से वह टीम को एक साथ लाते हैं, वह प्रेरणा देता है।

# डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज

## 195 रन का पीछा करने उतरी अमेरिका की टीम लड़खड़ाई, रबाड़ा ने दो विकेट लिए

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक (74) और कप्तान एडन मारक्रम (46) रनों की तूफानी पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ, ग्रुप दो के मुकाबले में अमेरिका को जीत के लिए 195 रनों का लक्ष्य दिया है।

जवाब में उतरी अमेरिका की टीम ने सटीक शुरुआत करते हुए स्टीवन टेलर ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और तेजी से रन बनाते हुए टेलर ने 14 गेंदों पर एक छक्के और 4 चौकों की मदद से 24 रन बनाए। वहीं, नीतिश कुमार भी शॉट खेलने के चलते स्टब्स को कैच थमा बैठे। कगिसो रबाडा ने टीम को दो सफलताएं दिलाईं। पहले पावर प्ले में अमेरिका ने 6 ओवर में दो विकेट खोकर 53 रन बना लिए थे। वही खबर लिखे जाने तक अमेरिका की टीम ने 7 ओवर में तीन विकेट खोकर 57 रन बना लिए थे। एंड्रीस गौस और नितीश कुमार क्रीज पर मौजूद थे।



74 रन 40 गेंदें खेलकर बनाए डिकॉक ने। इसमें 5 छक्के और 7 चौके शामिल हैं।

आज यहां सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में अमेरिका के कप्तान ऐरन जोंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डिकॉक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 110 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरमीत सिंह ने क्विंटन डिकॉक (74) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। क्विंटन डिकॉक ने अपनी पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये। इसके बाद हरमीत ने अगली ही गेंद पर डेविड मिलर (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में सौरभ नेत्रवलकर ने एडन मारक्रम (46) को आउट किया। मारक्रम ने अपनी पारी में पांच चौके एक और छक्का लगाया। हाइनरिक क्लासन (36) और ट्रिस्टन स्टब्स (20) रन बनाकर नाबाद रहे।

### इंग्लैंड के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला आज

# जीत की लय कायम रखने उतरेगी विंडीज

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं। वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है। दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा कि अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड को कोई संदेश नहीं देना था। उन्हें बस इतना बताना था कि वह अच्छा खेल रहे हैं तो हम भी कुछ कम नहीं हैं। यह शानदार मैच होगा। वेस्टइंडीज की टीम ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरत पड़ने पर उसके बल्लेबाज चले हैं , फिर चाहे शेन रदरफोर्ड हो या निकोलस पूरन। इसी तरह गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी किया है। सपाट पिचें और छोटी सीमारेखा होने से मैदान बल्लेबाजों की ऐशगाह साबित हुए हैं और यहां खूब रन बने हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं:

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

## खेल डायरी

### केन विलियमसन कप्तानी से देंगे इस्तीफा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के कप्तान केन विलियमसन करियर विस्तार के लिए अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने 2024-25 के केंद्रीय करार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विलियमसन ने कहा कि मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपने योगदान को जारी रखते हुए सभी प्रारूप में टीम को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहता हूं। लेकिन न्यूजीलैंड समर के दौरान मेरे पास कुछ विदेशी अवसर भी होंगे, जिसके कारण मैं इस साल केंद्रीय करार को स्वीकार नहीं कर सकता।

### शॉटगन टीम में उदयपुर की माहेश्वरी का चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर की माहेश्वरी चौहान ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक के बाद आगामी पेरिस-2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम की घोषणा कर दी गई। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में शामिल होंगी। उनके नाम स्कीट इवेंट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं। माहेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

### लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक : मार्क

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष मार्क निकोलस ने खुलासा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच टीमों ने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लार्ड्स स्थित टीम लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। अनुभवी कमेंटेटर और लेखक मार्क अक्टूबर से स्पिरिट के चेयरमैन का पद संभालेगें हैं। मार्क ने यह खुलासा एमसीसी सीईओ गाय लैवेंडर के सदस्यों को हाल में लिखे पत्र के हवाले से किया है जिसमें उन्होंने स्पिरिट टीम में 49% हिस्सेदारी बेचने की इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की पेशकश पर स्वीकृति मांगी है।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्डकार्ड

**विम्बलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका , कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिये वाइल्ड कार्ड दिये गए हैं। विम्बलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

### एक बार ही पैदा होता है बुमराह जैसा गेंदबाजः बिशप



बिशप ने कहा कि जसप्रीत चतुर गेंदबाज है। उसके पास रफ्तार है, लेकिन वह कई गेंदबाजों की तुलना में अच्छी तरह जानता है कि अपनी 'वैरिएशन' का इस्तेमाल कहां किया जाये। उन्होंने कहा कि आपने उसे यह कहते हुए सुना होगा कि मैं हर दिन 'स्टंप हंटिंग' नहीं करता क्योंकि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं यॉर्कर गेंद डालता हूं और कभी वाइड यॉर्कर डालता हूं, कभी कभार परिस्थितियों को देखकर धीमी गेंद फेंकता हूँ या अपने बाउंसर का उपयोग करता हूँ। साथ ही उसका एक्शन काफी अलग है जिसमें गेंद काफी तेजी से आती है और तभी फुल टॉस गेंद पर शॉट नहीं लगते क्योंकि वह तेजी से आपके पास आती है। श्रीकांत और पीयूष चावला ने कहा कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में खिलाना चाहिए क्योंकि वह एक मैच विजेता हो सकते हैं। श्रीकांत ने कहा कि अगर मैं कप्तान होता तो मैं निश्चित रूप से कुलदीप यादव को खिलाता।

# कैरेबिया में अच्छा करेंगे कोहली: हेडन

नयी दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी-20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं। कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं। कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा। सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है। विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया। हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है।




# चेक को पुर्तगाल ने दी मात

**लीपजिग, एजेंसी।** स्थानापन्न फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ के अंतिम मिनट में किये गये गोल की बदौलत पुर्तगाल ने यूरो कप में बुधवार को चेक गणराज्य की मजबूत टीम को 2-1 हराया। जर्मनी के लीपजिग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहली सीटी बजने के बाद से ही पुर्तगाल ने गेंद अपने पास रखते हुए कई मौके बनाए। पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चेक गणराज्य की मजबूत रक्षा पंक्ति ने गोल करने का अवसर नहीं दिया।

छह बार यूरो कप का फाइनल खेलने वाले रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार प्रयास किया लेकिन चेकगणराज्य के गोलकीपर जिंड्रिच स्टेनक ने उन्हें विफल कर दिया। खेल ने 62वें मिनट में चेक गणराज्य के लुकास प्रोवोड ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन यह खुशी अधिक समय तक टिक नहीं सकी। सात मिनट बाद रॉबिन ह्रानाक ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे पुर्तगाल फिर से मुकाबले में आ गया।



## सभी को एमबापे के सही होने का इंतजार

**पैडरबोर्न (जर्मनी),एजेंसी।** फुटबॉल जगत को किलियन एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में एक अनुवादक के जरिये कहा कि नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं।

## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच में रिचर्ड और इलिंगवर्थ होंगे अंपायर

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के रिचर्ड कैटलबोरो और रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 जून को होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप एक के सुपर आठ मुकाबले में अंपायरिंग करेंगे।

भारत के गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ पहले सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर और पॉल रीफेल अंपायर होंगे जबकि डेविड बून मैच रैफरी होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ 22 जून को होने वाले भारत के मैच में इंग्लैंड के माइकल गॉफ और दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन होल्डस्टॉक अंपायरिंग करेंगे। आईसीसी अंपायरों के एमिरेट्स एलीट पैनल के सदस्य क्रिस गाफने और केटलबोरो बुधवार को अमेरिका के टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ऐतिहासिक नॉकआउट मैच में अंपायरिंग करेंगे। सह मेजबान अमेरिका ने ग्रुप ए में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर में मिली शानदार जीत की बदौलत दूसरे स्थान पर रहकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया। इस मैच में जोएल विल्सन टीवी अंपायर होंगे।

# भारत ने अफ्रीका को चार रन से हराया

## स्मृति और कौर ने जड़ा शानदार शतक, सीरीज में भारत 2-0 से आगे

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक से भारत ने बड़े स्कोर वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को चार रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम कप्तान लॉरा वोलवार्ट (135 रन, 135 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और मारिजेन कैप (114 रन, 94 गेंद, 11 चौके, तीन छक्के) के बीच चौथे विकेट की 184 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी।

वोलवार्ट ने अंत में नेदिन डि क्लर्क (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 गेंद में 69 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। भारत की तरफ से पूजा वस्त्राकर ने 54 जबकि दीप्ति शर्मा ने 56 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले मंधाना (136) और हरमनप्रीत (नाबाद 103) के शतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 171 रन की साझेदारी से तीन विकेट पर 325 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। यह पहला महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है जिसमें चार शतक जड़े गए। मंधाना ने अपने लगातार दूसरे और कुल सातवें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के दौरान 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के मारे। हरमनप्रीत अपने छठे शतक के दौरान 88 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और तीन छक्के जड़े।




## भारत सहित 12 टीमों ने किया 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी टी-20 विश्वकप समाप्त भी नहीं हुआ और 2026 टी-20 विश्व कप के लिए 12 टीमों का चयन तय हो गया है। 2026 में भी टी-20 विश्व कप भारत और श्रीलंका दो देशों में खेला जाएगा और 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसके लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 12 टीमें चयनित हो चुकी हैं। 8 टीमें वर्ल्डकप में हिस्सा लेने के लिए आपस में भिडेंगी। मौजूदा विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिका और अफगानिस्तान ने 2026 टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, इनके साथ ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भी क्वालिफाई की हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बना ली है। 2026 में होने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी टॉप बैटर-बॉलर

सौरभ श्रीवास्तव, बरेली

### टी-20 वर्ल्डकप

- टॉप-10 तक कहीं नहीं है भारतीय खिलाड़ी

टी-20 वर्ल्डकप 2024 में कई उलटफेर देखने को मिला। जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही अमेरिका से हार गई। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को भी कमजोर टीम से हार का सामना करना पड़ा।

18 जून को लगी मुकाबले के 40 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाते हुए सभी बड़ी टीम के स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। बात चाहे गेंदबाजी की हो या बल्लेबाजी की दोनों में ही टॉप पर अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में जहां फजलहक फारुकी 12 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं, वहीं, बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज 4 मैचों में 150.48 के स्ट्राइक रेट के साथ 167 रन बनाकर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### टीम भावना से भारत ने जीते तीनों मुकाबले

इसमें कोई भी शक नहीं है कि भारत के 3 मुकाबले लो स्कोरिंग के रहे हैं। इसमें भारतीय टीम एक दिखाई दी। सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर मुकाबला खेला तभी भारत ने लो स्कोर को भी विरोधी टीम को चेज नहीं करने दिया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 68 रन, सूर्य कुमार यादव ने 59 रन, शिवम दुबे ने 34 रन तो वहीं, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। इसमें सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने एक-एक अर्धशतक भी जड़ा। वहीं बात करें गेंदबाजी की तो भारतीय गेंदबाजों ने रन बहुत कम दिए और विकेट भी लिए। 3 लीग मैच में हार्दिक पांड्या ने 65 रन देकर 7 विकेट, अर्शदीप ने 75 रन देकर 7 विकेट, बुमराह ने 45 रन देकर 5 विकेट और अक्षर पटेल ने 39 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लीग मुकाबलों में अभी तक टॉप-10 रहे बैटर और बॉलर में एक भी भारतीय खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। पहली बार सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में भी कोई भारतीय नहीं है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रिषभ पंत (96) ने बनाए।

### लीग मुकाबले में टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 4 | 167 | 150.45 | 80 |
| निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 4 | 164 | 150.45 | 98 |
| मार्कस स्टोयनिस | आस्ट्रेलिया | 4 | 156 | 190.24 | 67 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 4 | 152 | 124.59 | 70 |
| ट्रेविस हेड | आस्ट्रेलिया | 4 | 148 | 157.44 | 68 |

### लीग मुकाबले में टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | टीम | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारुकी | अफगानिस्तान | 12 | 5/9 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 9 | 3/16 |
| अकील हौसेन | वेस्टइंडीज | 9 | 5/11 |
| एनरिक नॉत्या | साउथ अफ्रीका | 9 | 4/7 |
| तंजीम हसन | बांग्लादेश | 9 | 4/7 |

### अमेरिका में सभी मुकाबले लो-स्कोरिंग रहे

वर्ल्डकप और पिच पर रन न बने ये बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में अमेरिका में ग्रुप स्टेज के 16 मुकाबले 3 शहरों में खेले गए। इनमें 9 मैच चेज करने वाली और 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। यहीं, 12 बार टीमें 120 रन से कम ही बना सकी। इसमें भी 2 बार 100 रन से कम बने, लेकिन सभी मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चिंता व्यक्त की

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों को हथियार विहीन करने के लिए एक ठोस अभियान चलाने का आग्रह किया है। मंगलवार को छोटे और हल्के हथियारों पर कार्रवाई कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में राजदूत मुनीर अकरम ने टीटीपी जैसे आतंकवादी समूहों द्वारा आधुनिक और परिष्कृत छोटे हथियारों की खरीद और इस्तेमाल पर पाकिस्तान की गंभीर चिंता व्यक्त की।

टीटीपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है जो पूरे पाकिस्तान में शरिया शासन स्थापित करना चाहता है। 'डॉन' न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि इन हथियारों की तस्करी, स्थानांतरण को रोकने के लिए कदम उठाना संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और वैश्विक संस्था की जिम्मेदारी है।

### पाकिस्तान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।

# रामफोसा ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**जोहानिसबर्ग।** सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया। हालांकि, एएनसी और डेमोक्रेटिक अलायंस ने अपनी प्रतिद्वंद्विता को दरकिनार करके गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौता किया। चुनाव में एएनसी को 40 प्रतिशत वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) 22 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



### कितना तापमान सह सकता है मानव शरीर

वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर के तापमान की एक सीमा 36 से 37.5 डिग्री के भीतर सबसे अच्छा काम करता है। एक बार 40 डिग्री तक पहुंचने पर यह कम आर्द्रता के स्तर के साथ खतरनाक हो सकता है। अब चूंकि तापमान 50 डिग्री के करीब है तो स्थिति गंभीर है।

# हीट वेव बनी खतरे की घंटी

चिलचिलाती धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी के कारण बूढ़े और बच्चों को अधिक खतरा है। वहीं हीट वेव भी अब किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। हीट वेव के चलते सभी वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि कैसे इससे बचाव कर सकते हैं।

### क्या है हीट वेव

हीट वेव में बहुत ज्यादा हाई तापमान हो जाता है। जिसके संपर्क में आने पर मानव शरीर के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। हीट वेव की परिभाषा विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है और इसके लिए एक खास तापमान सीमा तय की जाती है। कुछ देश हीट इंडेक्स को हीट वेव मापने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जिसमें तापमान और ह्यूमिडिटी दोनों के स्तरों को ध्यान में रखा जाता है।

### भारत में कैसे तय की जाती है हीटवेव

भारत में लू की घोषणा तब की जाती है, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है या उससे ज्यादा हो जाता है। ये तापमान सीमाएं उन स्थितियों की पहचान करने के लिए तय की गई हैं, जो संभावित रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौत का कारण बन सकती हैं।

### हीट वेव से ऐसे करें बचाव

गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। अगर जरूरी काम से निकलें तो छाता या पानी की बोतल जरूर साथ में रखें। हल्के रंग, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें। हाई प्रोटीन फूड्स से बचें और बासी भोजन खाने से परहेज करें। बीमारी या बेहोशी का लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

## एक नजर

### बांग्लादेश में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी शहर कॉक्स बाजार में बुधवार तड़के भारी बारिश के कारण रोहिंग्या शिविरों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद समसुद्दुजा ने संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन ढाका से लगभग 292 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले के शिविर संख्या नौ और 10 में हुआ। उन्होंने बताया कि रोहिंग्या लोग कॉक्स बाजार जिले के 33 शिविरों में रह रहे हैं, जहां मंगलवार से भारी बारिश हो रही है। समसुद्दुजा ने बताया कि अधिकारी जोखिम भरी पहाड़ी ढलानों पर रह रहे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं।

### फ्रांस में पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया

**पेरिस।** पेरिस के एक उपनगर में पुलिस ने बुधवार को उस हमलावर को मार गिराया, जिसने एक सफाई कर्मचारी पर पेचकस से हमला किया था और एक अन्य पुलिस अधिकारी को भी घायल कर दिया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने सफाई कर्मचारी पर पेचकस से कई वार किए, लेकिन चोटों की गंभीरता का अभी पता नहीं चल पाया है। उसने बताया कि बीच-बचाव करने आए एक पुलिस अधिकारी के हाथ में भी चोट आई है। उसने कहा कि इसके बाद एक अन्य पुलिस अधिकारी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर मारा गया। पुलिस ने बताया कि पेरिस के उपनगर में हुए हमले के बारे में उनके पास तत्काल कोई अन्य जानकारी नहीं है।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की सजा बढ़ायी

**दुबई।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सजा एक साल बढ़ा दी गई है। उनके वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी की गतिविधियों को लेकर सजा बढ़ायी गयी है। मोहम्मदी के वकील मुस्तफा निली ने कहा कि उनकी मुवक्किल को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह सजा नरगिस मोहम्मदी द्वारा मतदाताओं से ईरान के हालिया संसदीय चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह करने, यूरोप के सांसदों को पत्र भेजने तथा एक अन्य ईरानी पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता को दी गयी यातना के बारे में टिप्पणी करने के बाद दी गई है। नरगिस मोहम्मदी (52) को ईरान की कुख्यात एविन जेल में रखा गया है।

# दलाई लामा से मिलीं नैंसी पेलोसी

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

धर्मशाला, एजेंसी



धर्मशाला में बुधवार को अपने आवास पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा।

- प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बती संसद का दौरा किया और सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन हुआ
- तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत आए

अमेरिकी कांग्रेस सदस्य माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी भी शामिल थीं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

पेलोसी ने हिमाचल प्रदेश पहुंचने के बाद कहा, मैं यहां आकर रोमांच महसूस कर रही हूं। कांगड़ा एयरपोर्ट से लेकर मकलोडगंज तक दलाईलामा के अनुयायियों ने पेलोसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। यह बैठक चीन की बौद्ध भिक्षु (दलाई लामा) के साथ संपर्क से बचने की चेतावनी के बावजूद आयोजित की गई। चीन के लोग उन्हें अलगाववादी भी कहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि सात लोगों के द्विदलीय समूह ने दलाई लामा से धर्मशाला के इस पहाड़ी शहर में बौद्ध मठ के सामने उनके महल में मुलाकात की। यह बैठक उनके प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के एक दिन बाद इस पहाड़ी शहर में स्कूली बच्चों, बौद्ध भिक्षुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के बाद आयोजित की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को तिब्बती संसद का दौरा किया और यहां निर्वासित तिब्बती सरकार द्वारा उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

मैककॉल ने मंगलवार को कहा कि सांसद दलाई लामा के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा करने वाले थे, उनमें एक अमेरिकी विधेयक भी शामिल हैं, जिसका उद्देश्य तिब्बत विवाद को हल करने के लिए चीन पर दबाव डालना है और राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर का इंतजार है। चीन ने कहा कि वह इस यात्रा और विधेयक को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। चीन ने सांसदों से आग्रह किया कि वे जिसे वह दलाई गुट कहते हैं, उससे संपर्क न करें और बाइडेन से विधेयक पर हस्ताक्षर न करने का अनुरोध किया। तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत भाग गये। दलाई लामा तब से यहीं निर्वासित जीवन जी रहे हैं। चीनी अधिकारी अन्य देशों के अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत से नाराज थे। दलाई लामा ने अमेरिका की पिछली यात्राओं के दौरान राष्ट्रपतियों सहित अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है, लेकिन बाइडेन ने पदभार संभालने के बाद से उनसे मुलाकात नहीं की है।

# भीषण गर्मी में 550 हज यात्रियों की मौत

**मक्का।** सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान रेगिस्तानी क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के कारण अब तक कम से कम 550 लोगों की मौत हो गई है। अरब राजनयिकों ने पुष्टि की कि गर्मी और लू में कम से कम 323 मिस्रवासी मुख्य रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण मारे गये। अल-मुआइसेम अस्पताल से प्राप्त कुल संख्या का हवाला देते हुए एक राजनयिक ने कहा, सभी मिस्रवासी गर्मी के कारण मर गए, भीड़ के कुचलने के दौरान एक व्यक्ति को घातक चोटें भी आईं। अम्मान की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 60 जॉर्डनवासी मारे गए।

# अमेरिका ने ताइवान को नए हथियार बेचने को मंजूरी दी

वाशिंगटन, एजेंसी

- 291 अल्टियस-600एम प्रणाली और 720 स्विचब्लेड ड्रोन हथियारों में शामिल

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए हथियार बेचने को मंजूरी दी और इसके साथ वह ताइवान को सैकड़ों सशस्त्र ड्रोन, मिसाइल उपकरण और संबंधित साजो सामान भेजेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

मंगलवार को की गई यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं है लेकिन ताइवान को हथियार बेंचे जाने को मंजूरी देने की बात ऐसे वक्त कही गई है जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव चरम पर है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसका कहना है कि ताइवान पर नियंत्रण के लिए यदि बल प्रयोग करना पड़ा तो भी वह इससे पीछे नहीं हटेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जिन हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है उनमें 291 अल्टियस-600एम प्रणाली शामिल हैं जो मुखास्त्र युक्त मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन हैं। इन हथियारों में 720 स्विचब्लेड ड्रोन भी शामिल हैं।

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत आगे

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम की योजना बनाई

नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। यह स्मृति कार्यक्रम 23 जून को वैंकूवर में स्टेनली पार्क के केपरले खेल मैदान में एअर इंडिया मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। भारतीय समुदाय के सदस्यों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के वास्ते इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चाड में सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट, नौ की मौत

एनजमीना, एजेंसी

- राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का किया जा रहा इलाज

चाड की राजधानी एनजमीना में एक सैन्य आयुध डिपो में विस्फोट में नौ लोगों को मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता अब्देरमान कौलमल्लाह ने कहा कि राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का इलाज किया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट मंगलवार मध्य रात्रि से ठीक पहले शुरू हुए और 30 मिनट से अधिक समय तक चले, जिससे आस-पास की इमारतें हिल गईं। अधिकारियों और गवाहों ने बुधवार को कहा कि चाड की राजधानी में एक सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट और आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग बुझाने तथा घायलों के उपचार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए। पश्चिमी अफ्रीकी देश में आयुध डिपो में हुए धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी और उसके बाद आसपास के इलाकों में घने धुएं का गुबार छा गया। राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि विस्फोट के कारण लगी आग से जानमाल का नुकसान हुआ है। डेबी ने कहा, पीड़ितों की आत्मा को शांति मिले।

# रूस ईमानदार मित्र और सहयोगी : किम

प्योंगयांग, एजेंसी



- रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस को एशियाई देशों में से सबसे ईमानदार मित्र और सहयोगी करार देते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कोरियाई लोगों का सबसे प्रिय मित्र बताया। किम ने पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान एक प्रेस बयान में कहा, इस समय जब पूरी दुनिया की निगाहें प्योंगयांग पर हैं, जो मित्रता के रूसी मिशन की मेजबानी कर रहा है, मैं अपने रूसी साथियों, सबसे ईमानदार मित्रों और सहयोगियों के साथ इस पवित्र हॉल में खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच एक नयी और सबसे शक्तिशाली संधि का निष्कर्ष कोरियाई लोगों के सबसे प्रिय मित्र राष्ट्रपति पुतिन की उत्कृष्ट दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के बिना असंभव होगा।

पुतिन और रूसी प्रतिनिधिमंडल की किम और उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। यह बैठक बंद दरवाजों के पीछे हुई और दोनों नेताओं के बीच एकांत में बातचीत के साथ आगे बढ़ी। किम ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग और सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है। पुतिन मंगलवार देर रात प्योंगयांग पहुंचे।

# तीन भारतीय और मिस्र के चार नागरिक हिरासत में

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- कुवैत के मंगाफ शहर में आग लगने के मामले में सार्वजनिक अभियोजन ने की कार्रवाई

कुवैत के अहमदी प्रांत में भीषण आग लगने से 46 भारतीयों समेत 50 लोगों की मौत के मामले में भारत के तीन, मिस्र के चार और कुवैत के एक नागरिक को हिरासत में लिया गया है। बुधवार को एक मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को मंगाफ शहर में भूतल पर गार्ड के कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इमारत में 196 प्रवासी मजदूर रहते थे, जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। अंग्रेजी भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'अरब टाइम्स' ने बताया कि सार्वजनिक अभियोजन ने अल-मंगाफ की इमारत में आग लगने के मामले में एक कुवैती नागरिक, तीन भारतीय नागरिकों और मिस्र के चार नागरिकों को दो सप्ताह के लिए हिरासत में रखने का आदेश दिया है। खबर में कहा गया है कि आरोपियों पर हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। अखबार ने बताया कि कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के आदेश पर पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर (12.5 लाख रुपये) का मुआवजा दिया जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभा राज और तोशी का पिया परदेसिया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रभा राज और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया रिलीज हो गया है। भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना पारंपरिक लोकधुन पर बनाया गया है। इस गाने में तोशी द्विवेदी अपने पति के परदेस चले जाने पर काफी व्याकुल हैं। वह अपनी सखियों से अपने मन की व्यथा दर्द भरे एक्प्रेशन के साथ बयां कर रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया परदेसिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रभा राज ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में तोशी द्विवेदी नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी - सनी, डीओपी गौरव राय, रंजन, ड्रेस डिजाइनर बादशाह खान हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

### फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोपड़ा चोटिल हुईं

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में फिल्म की शूटिंग शुरू की। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उनके गले पर गहरी खरोंच दिखाई दे रही थी। प्रियंका ने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, ओह, मेरे काम में पेशेवर खतरे। रूसो ब्रदर्स के बैनर एजीबीओ स्टूडियोज और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा निर्मित द ब्लफ में प्रियंका एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी। उन्नीसवीं शताब्दी के कैरिबियन की पृष्ठभूमि पर आधारित द ब्लफ एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है, जिसमें उसके अतीत के रहस्यमय पाप उसे जकड़ते हैं, और इन सबसे बचकर उसे अपने परिवार की रक्षा करनी होती है। फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर्स करेंगे।



### रितु और कसीम हैदर का गाना आई फोन रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू म्यूजिक पर रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम का गाना आई फोन रिलीज हो गया है। आई फोन गाना में रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम की जोड़ी है। हर्ष गुर्ग द्वारा निर्देशित और बीबी एंटरटेनमेंट के बैनर तले एनके मूसवी द्वारा निर्मित, यह गाना बी4यू म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज किया गया है। इस गाने में रितु की मधुर आवाज़ और कसीम की करिश्माई उपस्थिति एक परिपूर्ण सामंजस्य बनाती है, जो गाने को आकर्षक और यादगार दोनों बनाती है। पार्थ शर्मा द्वारा लिखे गए आई फोन के बोल समकालीन और प्रासंगिक हैं। फोटोग्राफी के निर्देशक (डीओपी), सचिन गुप्ता, संपादन नीतीश चंद्रा, कोरियोग्राफी दिनेश साहनी की है।

## खगोल विज्ञान — बीटा पिक्टोरिस के सौरमंडल जन्म ले रहे हैं ग्रह

# ब्रह्मांड में हुई विशाल क्षुद्रग्रह की भीषण टक्कर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में हालही में विशाल क्षुद्रग्रह व ग्रह के बीच भयानक टक्कर हुई है। इस खगोलीय घटना को जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से देखा गया है। पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बीटा पिक्टोरिस नामक सौर मंडल में यह खगोलीय घटना हुई है। बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल की एक छोटी सी दुनिया है, जो इन दिनों ग्रहों के साथ अपने विकास में जुटी है।

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने इस घटना को देखा है और टक्कर के सबूत जुटाए हैं। यह एक नवनिर्मित सौर मंडल है। पिक्टोरिस प्रणाली युवा है। जिसकी उम्र केवल लगभग 20 मिलियन वर्ष है। यह ग्रह बनाने की प्रक्रिया में होने के लिए बेहद युवा है। इसमें कम से कम गैस के दो गैस विशाल ग्रह हैं। साथ ही अन्य छोटे चट्टानी ग्रह भी बनने शुरू हो गए हैं। ज्ञातव्य हो गैस के ग्रह धूल और चट्टानी मलबे के घूमते हुए बादलों से बनते हैं। इन बादलों में टकराव होते हैं। यह टकराव किसी भी सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जिस कारण ग्रह बनते हैं। क्षुद्रग्रह प्रारंभिक सौर मंडल में हुई टकराव की विशाल और हिंसक प्रक्रिया से बचे हुए पदार्थ के टुकड़े हैं। अपने सौर मंडल की बात करें तो हमारे सौर मंडल में 4.5 अरब वर्ष पहले सूर्य के चारों ओर अंतरिक्ष में एक विशाल बादल से ग्रहों का निर्माण हुआ था। तब ग्रह-निर्माण प्रक्रिया के उत्तरार्ध में क्षुद्रग्रहों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ था और करोड़ों वर्ष बाद अस्तित्व में आया। नई खोज इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी सौर मंडल का निर्माण भयानक टकरावों के बाद अस्तित्व में आता है।



पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बन रहे नए सौर मंडल की तस्वीर।

### दिलचस्प है बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल का युग

**नैनीताल :** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बीटा पिक्टोरिस सौर प्रणाली खगोलविदों के लिए बेहद आकर्षक है। यह हमारे निकट है और सौर मंडल निर्माण के सिद्धांतों का प्रमाण है। बीटा पिक्टोरिस मलबे की डिस्क से घिरा हुआ है। निर्माणाधीन यह सौर मंडल भविष्य में वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र रहेगा।